हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, रविवार 31 अगस्त 2025

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया 'स्वदेशी से स्वावलंबन' विषय पर आयोजित संगोष्ठी का शुभारंभ

जनअभियान परिषद और स्वदेशी जागरण मंच के बीच एमओयू

सीएम बोले: भारतीय नागरिकों को करना चाहिए सिर्फ 'स्वदेशी' उत्पादों का प्रयोग

- देशी उत्पाद विदेशी उत्पादों से अधिक मजबूत किफायती और गुणवत्तायुक्त
- स्वदेशी अभियान के पोस्टर एवं जन अभियान परिषद के ब्रोशर का विमोचन

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारे देशी उत्पाद न केवल विदेशी उत्पादों से अधिक मजबूत, किफायती और गुणवत्तायुक्त हैं, बल्कि इन्हें खरीदने पर हमें अधिकतम लाभ भी मिलता है।

उन्होंने आह्वान किया कि हर भारतीय नागरिक को न केवल स्वयं स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करना चाहिए, बल्कि अपने आसपास के लोगों भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए।

स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग की दिलाई शपथ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वदेशी से जुड़े रहने के संकल्प के तहत कार्यक्रम में उपस्थित सभी को स्वदेशी उत्पादों का ही उपयोग करने की शपथ दिलाई। उन्होंने प्रदेशवासियों को 'राष्ट्रीय लघु उद्योग दिवस' की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लघु उद्योगों से ही हमारी अर्थव्यवस्था कायम है। वैश्विक स्तर पर हमारे देश में निर्मित वस्तुओं की मांग बढ़ी है। यह वैश्विक मांग हमारे राष्ट्रीय स्वाभिमान भाव को और पोषित करती है। हमारी संस्कृति ही हमें स्वदेशी का भाव सिखाती है। जन अभियान परिषद और स्वदेशी जागरण मंच दोनों का लक्ष्य एक है। मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह के रूप में मिट्टी के गणेश की प्रतिमा भेंट की गई।

25 सितंबर से मनेगा स्वदेशी जागरण सप्ताह

जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर ने बताया कि 25 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक जनअभियान परिषद 'स्वदेशी जागरण सप्ताह' मनाएगा। हम अभियान को प्रदेश के हर नागरिक तक पहुंचाने का काम करेंगे। उन्होंने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हम मिट्टी के गणेश की स्थापना के लिए लक्षित होकर काम कर रहे हैं। इस वर्ष के गणेशोत्सव में हमने प्रदेश के 10 लाख से अधिक घरों में मिट्टी के गणेश की प्रतिमा स्थापित कराई। हमारा काम जनजागृति लाना और हम इसी दिशा में सरकार के सहयोगी बनकर आगे बढ़ रहे हैं।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

पुरानी रंजिश के चलते पिता-पुत्र की हत्या

सागर। जिले के बंडा थाना क्षेत्र के ग्राम बिजरी में दो परिवारों के बीच विवाद खूनी संघर्ष हुआ। एक पक्ष

के पिता-पुत्र की हत्या कर दी गई। आरोपी, पिता-पुत्र को घसीटते हुए अपने घर में ले गए और धारदार हथियारों से मारपीट की। मारपीट में भागीरथ लोधी और उनका बेटा रामकुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज से पहले ही दोनों की मौत हो गई।

सतना में जननी एंबुलेंस पर किया पथराव

सतना। जिला अस्पताल में देर रात जननी एंबुलेंस पर पथराव कर दिया।जानकारी के अनुसार अर्चना

नामदेव को गंभीर हालत के चलते जिला अस्पताल से रीवा रेफर किया गया था। नियमों के तहत डॉक्टरों ने परिजनों को 108 एंबुलेंस बुलाने की सलाह दी, परिजन तुरंत अस्पताल की जननी एंबुलेंस को अपने साथ ले जाने पर अड़ गए।

गांव पहुंचा हाथियों का दल, खेतों में मचाई तबाही

उमरिया। शुक्रवार देर रात हाथियों का झुंड मझखेता गांव में घुस गया। ग्रामीणों ने सूचना वन विभाग को

दी। देखते ही देखते दर्जनों लोग घरों से बाहर निकल आए। किसी ने मशाल जलाई, तो किसी ने टीन बजाना शुरू किया। गांव के लोग बड़ी संख्या में इकट्ठा होकर शोर मचाने लगे ताकि हाथी डरकर लौट जाएं। इससे पहले उन्होंने खेतों में भारी तबाही मचाई।

दो दिवसीय रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव का अंतिम दिन

सीएम ने कहा-पर्यटन और तीर्थाटन, हमारे देश और विशेषकर मप्र की समृद्धि के प्रमुख प्रवेश द्वार

ग्वालियर पर्यटन कॉन्क्लेव में मिले 3500 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव

7 निवेशकों को लैटर ऑफ अलॉटमेंट दिए गए, इससे 60 करोड़ से अधिक का निवेश और बड़ी संख्या में रोजगार सृजन होगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि यह कॉन्क्लेव 11 से 13 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली मप्र ट्रैवल मार्ट की तैयारियों का हिस्सा है

- मुरैना के पीपरसेरा औद्योगिक प्रक्षेत्र में करीब 500 करोड़ रुपए की लागत से हाइड्रोजन कारखाने का आज शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि ग्वालियर पर्यटन कॉन्क्लेव में साढ़े तीन हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। उद्योगपति सचिन गुप्ता ने 1000 करोड़ रुपए का निवेश प्रस्ताव दिया है। पर्यटन क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिए 6 निवेशकों को लैटर ऑफ अलॉटमेंट प्रदाय किए गए, इससे 60 करोड़ से अधिक का निवेश और बड़ी संख्या में रोजगार सृजन होगा।

उन्होंने कहा कि पर्यटन और तीर्थाटन, यह हमारे देश और विशेषकर मप्र की समृद्धि के प्रमुख प्रवेश द्वार हैं। राज्य सरकार समावेशी प्रयासों के जरिए समाज के सभी वर्गों को जोड़कर पर्यटन क्षेत्र के विस्तार और संवर्धन के लिए लगातार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को ग्वालियर के राजमाता विजया राजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित दो रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव में बोल रहे थे।

मप्र पर्यटन के डिजिटल प्रचार के लिए हुए 4 एमओयू

इंडिगो कंपनी अपने कॉर्पोरेट सोशल रेस्पांसिबिलिटी (सीएसआर फंड) से 100 करोड़ रुपए देगी

अधिकांश निवेशकों ने होटल रिसॉर्ट में दिखाई रूचि

सीएम ने किया निवेशकों से सीधा संवाद

कॉन्क्लेव में प्रमुख निवेशकों ने ग्वालियर-चंबल और सागर संभाग में निवेश की इच्छा जताकर पर्यटन के विकास की अपार संभावनाओं को रेखांकित किया। यह ऐतिहासिक पल दोनों संभागों के लिए आर्थिक समृद्धि और रोजगार के नए द्वार खोलेगा। मुख्यमंत्री ने कॉन्क्लेव में पर्यटन उद्योग के कई प्रमुख निवेशकों और हितधारकों के साथ संवाद किया।

ग्वालियर अंचल को कई सौगातें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जो पहली बार चीता देखते हैं, वे आश्चर्यचकित हो जाते हैं। चीता गांवों में घूमते नजर आते हैं। प्रदेश में मनुष्य और वन्य प्राणियों के बीच सह अस्तित्व और साहचर्य भाव नजर आता है। उन्होंने कहा कि ग्वालियर संगीत समाट तानसेन और बैजू बावरा की विरासत है। राजा मानसिंह तोमर संगीत विश्वविद्यालय, ग्वालियर के भवन निर्माण के लिए 50 करोड़ की धनराशि आवंटित की गई है। जीवाजी विश्वविद्यालय में पीएम उषा योजना के तहत विकास कार्यों के लिए भी बड़ी धनराशि दी गई है। रीवा के बाद अब पर्यटन विकास के लिए ग्वालियर अंचल को भी कई सौगातें मिल रही हैं। ग्वालियर के राजा मानसिंह किले में विभिन्न विकास कार्यों के लिए इंडिगो कंपनी अपने कॉर्पोरेट सोशल रेस्पांसिबिलिटी फंड (सीएसआर कोष) से 100 करोड़ रुपए देने जा रही है।

पहले था 6 महीने का नियम

अब 1 महीने की नौकरी पर भी मिलेगी पीएफ की पेंशन

- ऐसे लोगों को अब अपनी पेंशन में हुए कंट्रीब्यूशन को खोना नहीं पड़ेगा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन यानी ईपीएफओ ने पेंशन को लेकर चले आ रहे नियम में एक बदलाव किया है। इस बदलाव के तहत अब जो व्यक्ति 1 महीने की भी नौकरी करेगा उसे भी पेंशन का लाभ मिलेगा यानी ईपीएस का लाभ मिलेगा।

ईपीएफओ ने जो बदलाव किया है उसके मुताबिक, अब 6 महीने से भी कम समय तक में नौकरी छोड़ने वाले व्यक्तियों को ईपीएस का लाभ दिया जाएगा और ऐसे लोगों को अब अपनी पेंशन में हुए कंट्रीब्यूशन को खोना नहीं पड़ेगा। अपने बदलाव में ईपीएफओ ने ये साफ किया है कि अगर कोई व्यक्ति 1 महीने की सेवा पूरी करता है और ईपीएस के तहत योगदान देता है तो उसे भी ईपीएस के तहत पेंशन का अधिकार मिलेगा।

पहले 6 माह की नौकरी जरूरी थी

इससे पहले अगर किसी कर्मचारी को पेंशन का लाभ चाहिए होता था तो उसे 6 महीने की नौकरी कम से कम करनी होती थी। रिटायरमेंट फंड जुटाने वाले संस्थान ईपीएस नियम के तहत 5 महीने तक नौकरी करके छोड़ने वाले व्यक्ति को पेंशन का लाभ नहीं दिया जाता था। हालांकि, अब नए नियमों के तहत अप्रैल-मई 2024 के दौरान जारी किए गए एक सर्कुलर में ये अधिकार दे दिया गया है।

गणेश जी का चमत्कार! सपने में बताया स्थान

500 साल पुराने मंदिर की खुदाई में मिले 'मंगलमूर्ति'

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

गणेश चतुर्थी के मौके पर मध्य प्रदेश के दमोह के पथरिया विधानसभा में एक चमाकार हुआ है! गणेश चतुर्थी के दिन नरसिंहगढ़ में एक अनोखी घटना घटी। स्थानीय लोगों ने बताया कि यहां प्राचीन शिव मंदिर के पास खुदाई के दौरान भगवान गणेश और नंदी की प्राचीन प्रतिमा जमीन के नीचे से निकली है। ये जानकारी मिलते ही क्षेत्र के सैकड़ों लोग दर्शन के लिए उमड़ पड़े। दरअसल, नर्वदेश्वर मंदिर का जीर्णोद्धार इन दिनों बागेश्वर धाम सरकार के निर्देशन में चल रहा है।

जमीन में 8 फीट गहरी दबी थी मूर्ति

ग्रामीणों ने कहा कि बुधवार सुबह जब खुदाई शुरू हुई, तो सचमुच वहां से भगवान गणेश और नंदी की प्रतिमा निकल आई। स्थानीय लोगों ने बताया कि खुदाई के दौरान करीब 7 से 8 फीट में यह प्रतिमा मिली है। प्रतिमा मिलते ग्रामीण खुशी से झूम उठे। कैलाश मिश्रा का कहना है कि उन्हें कई महीनों से ऐसे सपने आ रहे थे। उन्होंने समिति के अन्य लोगों से चर्चा की और तय किया कि गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर खुदाई कराई जाएगी। जैसे ही खुदाई हुई, सपनों की बात हकीकत बन गई और प्रतिमाएं सामने आ गईं।

छात्रावास की रसोई में गंदगी

निरीक्षण में दलिया में इल्लियां और आटे में रेंगते मिले कीड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अशोकनगर के शाढ़ौरा स्थित बालिका सीनियर छात्रावास में खाने की गुणवत्ता को लेकर गंभीर लापरवाही सामने आई है।

शुक्रवार रात छात्राओं को परोसे गए भोजन में इल्लियां मिलीं। छात्राओं ने जब नगर परिषद कार्यालय में शिकायत करनी चाही, तो वह बंद मिला। इसके बाद वे काफी देर तक बाहर बैठी रहीं और फिर थाना प्रभारी रितु चौहान को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी, तहसीलदार और खाद्य सुरक्षा अधिकारी लीना नायक

मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान छात्रावास में बनाए गए दलिया और सब्जी में इल्लियां पाई गईं। अधिकारियों ने जब रसोईघर में जाकर निरीक्षण किया, तो वहां रखा आटे का कट्टा भी खराब हालत में मिला जिसमें कीड़े रेंगते देखे गए।

शहडोल में सरपंच-सचिव के हस्ताक्षर से भुगतान

कलेक्टर बोले-पुष्टि होने पर होगी कार्रवाई

ढाई हजार ईंट का बिल एक लाख पच्चीस हजार रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ शहडोल

शहडोल की ग्राम पंचायत भटिया में सरकारी पैसे के गलत इस्तेमाल का मामला सामने आया है। आंगनबाड़ी निर्माण के लिए खरीदी गई 2500 ईंटों का भुगतान 1.25 लाख रुपए किया गया। जबकि 2.5 हजार ईंटों का बिल 12 हजार 500 रुपए बनता है।

सप्लायर चेतन प्रसाद कुशवाहा को यह भुगतान कर दिया गया है। बिल में प्रति ईंट 5 रुपए की दर से एक लाख पच्चीस हजार रुपए दर्ज की गई है। इस बिल पर सरपंच और सचिव दोनों के हस्ताक्षर हैं। स्थानीय ईंट

कारोबारी लालन मिश्रा ने बताया कि जिले में ईंटों की कीमत 4 से 10 रुपए प्रति ईंट के बीच है। इस हिसाब से भी इतने ज्यादा पैसों का भुगतान मुमकिन नहीं है। मामले में सरपंच ने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया है। पंचायत सचिव से संपर्क नहीं हो पाया है।

भिंड में गोली लगने से पंप मालिक घायल

आरोपी घर से लाइसेंसी बंदूक लेकर लौटे

बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं दिया तो कर दी 'अंधाधुंध फायरिंग'

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिंड/भोपाल

भिंड में शनिवार सुबह बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं देने पर दो युवकों ने पंप मालिक को गोली मार दी। आरोपियों ने एक अवैध कट् टे और लाइसेंसी बंदूक से ताबड़तोड़ फायरिंग की। पंप संचालक तेज नारायण लोधी (55) को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से ग्वालियर रेफर कर दिया गया है।

घटना नेशनल हाईवे-719 पर लोधी पेट्रोल पंप की है। घटना के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो

गए, लेकिन पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उनकी पहचान कर ली है और तलाश में दबिश देना शुरू कर दिया है। विवाद बढ़ने के बाद दोनों आरोपी युवक अपने घर पहुंचे और वहां से एक लाइसेंसी बंदूक और अवैध हथियार लेकर लौटे। इसके बाद उन्होंने पेट्रोल पंप पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान पंप मालिक को गोली लग गई। सूचना मिलते ही बरोही थाना प्रभारी अतुल भदौरिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और पूरे क्षेत्र की घेराबंदी की।

डीएसपी दीपक तोमर ने बताया कि आरोपियों की पहचान कर ली गई है। मध्यप्रदेश पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि पंप संचालक हेलमेट नहीं तो पेट्रोल नहीं के कलेक्टर के आदेश का कड़ाई से पालन करता आ रहा था।

एक साल से जर्जर भवन, 26 विद्यार्थियों के पढ़ने के लिए कोई स्थान नहीं

मंडला के बच्चों ने पत्र लिखकर गणेश जी से मांगा स्कूल

बप्पा से लगाई गुहार

- कक्षा पहली से पांचवीं तक के सभी बच्चे पंडाल में बैठकर पढ़ते हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडला

मंडला जिले में गणेशोत्सव के दौरान स्कूली बच्चों ने भगवान गणेश को एक पत्र लिखा है। बच्चों ने पत्र में अपने स्कूल भवन की दयनीय स्थिति का जिक्र किया है। देवगांव के तलैया टोला में स्थित प्राथमिक विद्यालय का भवन पिछले एक साल से जर्जर है। यहां पढ़ने वाले 26 बच्चे गांव के रंगमंच पर पढ़ाई करने को मजबूर हैं। कक्षा पहली से पांचवीं तक के सभी बच्चे एक ही कमरे में बैठकर पढ़ते हैं। बच्चों ने गणेश जी से प्रार्थना की है कि

उनका स्कूल फिर से बनवा दिया जाए, ताकि वे मन लगाकर पढ़ सकें। नए भवन का प्रस्ताव अभी भी फाइलों में दबा हुआ है। ग्रामीण अब प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

नए भवन का प्रस्ताव अभी भी फाइलों में दबा

प्रशासन ने भवन को जर्जर घोषित किया

शिक्षक संतोष सोनी ने बताया है कि प्रशासन ने भवन को जर्जर घोषित कर दिया है। लेकिन न तो वैकल्पिक स्थान दिया गया और न ही नए भवन की स्वीकृति मिली है। ग्रामीणों ने कई बार शिकायत की, लेकिन शिक्षा विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की।

जम्मू-कश्मीर में बिगड़े हालात

रियासी में भूस्खलन से 7 की मौत, रामबन में बादल फटने से 4 लोगों की गई जान

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर में लगातार बारिश जारी है जिसके चलते जिला रियासी के अंतर्गत बदड़ माहौर में भूस्खलन हुआ है। भूस्खलन से एक कच्चा मकान क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे की चपेट में आने से एक ही परिवार के 7 लोगों की मौत हो गई है। मृतकों में पति-पत्नी और उनके 5 बच्चे हैं। मृतकों की पहचान नजीर अहमद व उसकी पत्नी वजीरा बेगम के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, भारी वर्षा के कारण भूस्खलन हुआ है। वहीं, रामबन जिले के राजगढ़ में बादल फटने और भारी बारिश से फ्लैश फ्लड आ गया। इस आपदा में 4 लोगों की मौत हुई है और 4 लोग लापता हैं। कई मकान बह गए, जबकि राहत-बचाव कार्य जारी है। भारी बारिश से भूस्खलन हुए, नदियों का जलस्तर बढ़ गया और कई गांवों में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई। संभावना जताई जा रही है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जम्मू क्षेत्र में हाल में हुई रिकॉर्ड बारिश के बाद की स्थिति की समीक्षा के लिए रविवार (31 अगस्त) को इलाके के दो दिवसीय दौरे पर आ सकते हैं।

जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश से भूस्खलन हुए, नदियों का जलस्तर बढ़ गया और कई गांवों में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई। संभावना जताई जा रही है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जम्मू क्षेत्र में हाल में हुई रिकॉर्ड बारिश के बाद की स्थिति की समीक्षा के लिए रविवार (31 अगस्त) को इलाके के दो दिवसीय दौरे पर आ सकते हैं

जम्मू के अलग-अलग इलाकों में एक हफ्ते में 54 की मौत

लापता लोगों को तलाशने लगातार सर्च ऑपरेशन जारी

रामबन में रेस्क्यू टीमें प्रभावित इलाकों में लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही हैं

राहत और बचाव कार्य शुरू

प्रशासन के अनुसार दोनों घटनाओं में कई मकानों को नुकसान पहुंचा है, जिनमें से कुछ पूरी तरह बाढ़ के पानी में बह गए। प्रशासन ने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया है। रेस्क्यू टीमें प्रभावित इलाकों में लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही हैं ताकि लापता लोगों को तलाशा जा सके। साथ ही प्रभावित परिवारों के लिए अस्थायी राहत केंद्र बनाए गए हैं। अधिकारियों ने कहा कि हालात पर नजर रखी जा रही है और जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त टीमें भी भेजी जाएंगी।

किश्तवाड़ में सर्वाधिक 60 मौतें

अगस्त महीने में जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों में भारी तबाही मची है। जम्मू के अलग-अलग इलाकों में बीते एक हफ्ते में बारिश संबंधी घटनाओं में 54 लोगों की मौत हुई है। कटरा में 34, रियासी में 7, रामबन में 3, डोडा में 4 और कठुआ में एक मौत हुई है। इससे पहले, 14 अगस्त को किश्तवाड़ जिले के चिशोटी गांव में एक बादल फटने की घटना में कम से कम 60 लोगों की मौत हो गई थी।

उधमपुर में 2,000 वाहन फंसे

राजौरी जिले में लगातार बारिश के कारण जम्मू-श्रीनगर हाईवे को बंद कर दिया गया है। उधमपुर में जखेनी और चेनानी के बीच 2,000 से ज्यादा वाहन फंसे हैं।

आज भारी बारिश का अलर्ट

मौसम विभाग ने पुंछ, रियासी, राजौरी, किश्तवाड़ और उधमपुर जिलों में आज भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। पुंछ, किश्तवाड़, जम्मू, रामबन और उधमपुर के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। राज्य में हो रही भारी बारिश की वजह से नदी-नालें उफान पर हैं।

लोगों को सुरक्षित निकालें: सीएम

सीएम उमर अब्दुल्ला ने अधिकारियों को जोखिम संभावित क्षेत्रों में चौबीसों घंटे निगरानी करने और वहां से लोगों की सुरक्षित निकासी का निर्देश दिया। उन्होंने लोगों से सतर्क रहने, संवेदनशील क्षेत्रों से बचने और सुरक्षा परामर्श का सख्ती से पालन करने की अपील की। रामबन की घटना पर सीएम ने प्रशासन को तत्काल बचाव और राहत अभियान चलाने का निर्देश दिया है। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने केंद्र सरकार से राहत पैकेज की घोषणा करने की अपील की। उन्होंने कहा कि भारत सरकार को 2014 की बाढ़ के बाद दिए गए राहत पैकेज के समान राहत पैकेज की तत्काल घोषणा करनी चाहिए।

खबर संक्षेप

रोड पर मृत तेंदुआ मिला पैर और जबड़े पर चोट

गुरुग्राम। गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड पर एक मृत तेंदुआ मिला, जिसका एक पैर और जबड़ा टूटा हुआ था।

पुलिस ने तेंदुए की सड़क दुर्घटना में मौत की आशंका जताई है। शुक्रवार देर रात एक राहगीर ने अनखीर पुलिस चौकी को शव के बारे में सूचना दी। पुलिस ने शव को वन विभाग को सौंप दिया। मौत का कारण अभी पता नहीं चल पाया है।

ऑटोरिक्शा पलटा, 2 श्रद्धालुओं की मौत

गिरिडीह। झारखंड के गिरिडीह जिले में शनिवार को एक ऑटोरिक्शा के पलट जाने से दो

श्रद्धालुओं की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि घटना तिसरी थाना क्षेत्र के हाथीगढ़ा घाटी में हुई। खोरीमहुआ के एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि श्रद्धालु एक धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए जमामो माता मंदिर जा रहे थे।

पटाखा निर्माण इकाई में धमाका, एक की मौत

कन्नूर। केरल के कन्नूर जिले के कण्णपुरम में एक भीषण विस्फोट में एक मकान पूरी तरह ढह गया,

जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मकान में पटाखों के निर्माण के लिए कथित रूप से विस्फोटक सामग्री रखी हुई थी। मृतक की पहचान के. मोहम्मद आशम के रूप में हुई है और वह विस्फोट के समय घर के अंदर था।

इमारत ढहने के मामले में 4 और गिरफ्तार

पालघर। महाराष्ट्र के पालघर जिले में एक इमारत ढहने से 17 लोगों की मौत के मामले में 4 और लोगों को

गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही इस मामले में अब तक पांच लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। घटना की जांच का जिम्मा मीरा-भयंदर वसई-विरार पुलिस की अपराध शाखा को सौंपा है।

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर आयोग का बड़ा खुलासा

मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए 1.98 लाख लोगों ने किया आवेदन

अब तक सिर्फ दो राजनीतिक दलों ने दर्ज कराई आपत्तियां

एजेंसी ▶▶ पटना

चुनाव आयोग ने बताया कि अब तक 1.98 लाख लोगों ने अपना नाम मतदाता सूची से हटाने के लिए आवेदन किया है। वहीं, 29,879 लोगों ने सूची में नाम जोड़ने की मांग की है। मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशित होने के 30 दिन बाद दो राजनीतिक दल को छोड़कर किसी भी राजनीतिक दल की ओर से दावा या आपत्ति नहीं की गई है

इंडिया गठबंधन बिहार के 65 लाख मतदाताओं के नाम काटने को लेकर लगातार चुनाव आयोग और मोदी सरकार पर हमलावर है। राहुल गांधी के नेतृत्व में बिहार में वोटर अधिकार यात्रा निकाली गई है। लेकन, चुनाव आयोग ने जो आकंड़े पेश किए हैं, वह चौंकाने वाले हैं। बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के दौरान बड़ी संख्या में दावों और आपत्तियों की जानकारी दी है। आयोग के मुताबिक अब तक 1.98 लाख लोगों ने अपना नाम मतदाता सूची से हटाने के लिए आवेदन किया है। वहीं, 29,879 लोगों ने सूची में नाम जोड़ने की मांग की है। चुनाव आयोग ने शनिवार को मतदाता पुनरीक्षण कार्य का डेली बुलेटिन जारी किया। चुनाव आयोग ने बताया कि मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशित होने के 30 दिन बाद दो राजनीतिक दल को छोड़कर किसी भी राजनीतिक दल की ओर से दावा या आपत्ति नहीं की गई है। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया, मार्क्सिसिस्ट-लेनिनिस्ट (लिबरेशन) की ओर से 10 आपत्ति दर्ज करवाई गई है। इनके बीएलए की संख्या 1496 है। वहीं राजद की ओर से 10 आपत्तियां दर्ज करवाई गई है। इनके बीएलए की संख्या 47,506 है।

लोगों ने दस्तावेज जमा किए

आयोग के अनुसार, फिलहाल 7.24 करोड़ मतदाताओं में से 99.11 फीसदी लोगों ने अपने दस्तावेज सत्यापन के लिए जमा कर दिए हैं। बिहार की अंतिम मतदाता सूची 30 सितंबर को प्रकाशित की जाएगी

भोजपुर में बोले राहुल

'वोटर अधिकार यात्रा' रूपी क्रांति पूरे देश में फैलेगी

भोजपुर। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि बिहार से 'वोटर अधिकार यात्रा' रूपी क्रांति शुरू हुई है, जो पूरे देश में फैलने जा रही है। उन्होंने भोजपुर में आयोजित एक सभा में कहा कि बिहार से ही यह क्रांति, वोटर अधिकार यात्रा शुरू हुई और यह पूरे देश में फैलने जा रही है। यह चोरी सिर्फ आपके वोट की नहीं, बल्कि आपके अधिकार की चोरी है और आपके भविष्य की चोरी है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी, भाजपा नहीं चाहते हैं कि गरीबों की आवाज इस देश में नहीं सुनी जाए और दबाई जाए। हमने साफ कह दिया कि पूरे देश में गरीब युवाओं की आवाज गूंजेगी और हम बिहार में एक वोट भी चोरी नहीं होने देंगे।

वोटर अधिकार यात्रा का आरा में विरोध

भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने दिखाए काला झंडा

बिहार में वोट अधिकार यात्रा को लेकर सियासत जारी है। शनिवार दोपहर भाजयुमो के कार्यकर्ताओं ने आरा में इस यात्रा का विरोध किया। इतना ही नहीं भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी को काले झंडे दिखाए और उनका जमकर विरोध किया। हालांकि विरोध कर रहे युवाओं में से कई से राहुल गांधी ने खुद जाकर बातचीत की और उनसे जानने की कोशिश की कि उनका गुस्सा किस बात पर है? इसके जवाब में युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने अपना पक्ष साफ तौर

भाजपा ने चुनाव आयोग को 'जुगाड़ आयोग' बनाया

अखिलेश का आरोप

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने निर्वाचन आयोग को 'जुगाड़ आयोग' बना दिया है और जनता भाजपा का रथ फिर रोकेगी। उन्होंने कहा हमने उन्हें अवध में हराया था, आप लोग उन्हें मगध (बिहार) हराइए। यादव ने कहा कि बिहार का महत्वपूर्ण चुनाव है, जिस पर पूरे देश की निगाहें हैं। यह उत्साह बता रहा है कि जनता भाजपा और उसके सहयोगियों को हराने जा रही है। उन्होंने कहा कि मैं नारा दे रहा हूं: अबकी बार, भाजपा बिहार से बाहर। सपा नेता ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से बढ़कर कोई 'सिरफिरा फैसल' नहीं हो सकता। बिहार ने एक बार भाजपा का रथ रोका था और इस बार भी बिहार के लोग भाजपा का रथ रोकेंगे।

कल तृणमूल नेता 'वोटर अधिकार यात्रा' में होंगे शामिल

तृणमूल कांग्रेस के नेता यूसुफ पठान और ललितेश त्रिपाठी बिहार में 'वोटर अधिकार यात्रा' के अंतिम चरण में सोमवार को हिस्सा लेकर अपनी पार्टी का प्रतिनिधित्व करेंगे। पार्टी ने फैसला किया है कि दोनों नेता एक सितंबर को रैली में पार्टी का प्रतिनिधित्व करेंगे।

दरभंगा में गरजे रविशंकर प्रसाद

अपमानजनक टिप्पणियों पर राहुल गांधी माफी मांगे

एनडीए के विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद ने विपक्षी दलों पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि विपक्ष को जब जनता का समर्थन नहीं मिलता तो वह बेबुनियाद आरोप लगाकर लोगों को गुमराह करने की कोशिश करता है। प्रसाद ने कहा कि दोनों युवराज बार-बार मतदाता सूची पर सवाल खड़े कर बिहारवासियों का अपमान कर रहे हैं।

दो युवराज मतदाता सूची पर सवाल खड़े कर बिहारवासियों का अपमान कर रहे

राहुल अहंकारी

रविशंकर प्रसाद ने दरभंगा में पीएम नरेंद्र मोदी को लेकर की गई कथित अपमानजनक टिप्पणियों की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि पीएम और उनकी माता के बारे में अशोभनीय शब्दों का प्रयोग करना अत्यंत शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जी को माफी मांगनी चाहिए, लेकिन उनका अहंकार इतना है कि वे माफी नहीं मांगेंगे। उन्होंने इसे कांग्रेस की संकीर्ण मानसिकता बताया।

महुआ मोइत्रा के बयान पर विवाद

बी विजयेंद्र बोले- ये नफरत फैलाने वाला भाषण

टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की अमित शाह पर की गई टिप्पणी पर विवाद खड़ा हो गया है। कर्नाटक भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बी विजयेंद्र ने इस टिप्पणी को निम्नतम स्तर का घृणास्पद भाषण और नफरत फैलाने वाला बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे बयानों के लिए लोकतंत्र में कोई जगह नहीं है। इंडिया ब्लॉक के सदस्यों द्वारा प्रयुक्त भाषा अब निचले स्तर पर पहुंच गई है। ऐसी विषैली भाषा के इस्तेमाल से उनकी घृणा और असहिष्णुता पर आधारित मानसिकता को उजागर होती है।

मोइत्रा के खिलाफ एफआईआर दर्ज

पश्चिम बंगाल में भाजपा पार्टी के कृष्णानगर उत्तर संगठनात्मक जिले के प्रवक्ता संदीप मजूमदार ने कोलकाता के कोतवाली पुलिस स्टेशन में मोइत्रा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पार्टी की पूर्व राज्य इकाई के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने कहा कि महुआ को देखने के बाद आपको पता चल जाएगा कि यह जरूरी नहीं है कि जो अंग्रेजी जानता है वह ठीक से शिक्षित हो।

विपक्षी राज्यों ने की मांग

जीएसटी राजस्व हानि पर मुआवजा दे केंद्र, 2 लाख करोड़ का सालाना घाटा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विपक्ष शासित राज्यों ने प्रस्तावित जीएसटी सुधार से होने वाले नुकसान के भरपाई के लिए पांच साल तक मुआवजे की मांग की है। इनका दावा है कि टैक्स का दो स्लैब करने से 1.5 लाख करोड़ से 2 लाख करोड़ तक के राजस्व का नुकसान हो सकता है। आठ राज्यों-हिमाचल प्रदेश, झारखंड, कर्नाटक, केरल, पंजाब, तमिलनाडु, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल के वित्त मंत्री जीएसटी परिषद की बैठक में मांग रखेंगे। सरकार ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में पांच और 18 फीसदी के अलावा कुछ सामानों पर 40 फीसदी टैक्स का प्रस्ताव दिया है। विपक्ष शासित राज्यों की मांग है, यह शुल्क राज्यों के बीच बांटा जाना चाहिए। कर्नाटक के वित्त मंत्री कृष्ण बायरे गौड़ा ने कहा, हर राज्य को मौजूदा जीएसटी राजस्व में 15 से 20% की कमी होने की उम्मीद है। जीएसटी राजस्व में 20% की कमी राज्य सरकारों के राजकोषीय ढांचे को गंभीर रूप से अस्थिर कर देगी।

सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन की कॉलेजियम से मांग

कुल 1100 स्वीकृत पदों में से 103 पर महिलाएं

कहा- शीर्ष अदालत में की जाए महिला न्यायाधीशों की पदोन्नति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन ने शीर्ष अदालत और देशभर के हाईकोर्ट में महिला न्यायाधीशों के कम प्रतिनिधित्व पर चिंता जाहिर की। एसोसिएशन ने प्रस्ताव में कहा कि कॉलेजियम से अनुरोध किया जाता है कि वे सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों में न्यायिक नियुक्तियों के आगामी दौर में अधिक महिला न्यायाधीशों की पदोन्नति पर तत्काल और उचित विचार करें। देशभर में उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों के लगभग 1100 स्वीकृत पद हैं। जिनमें से लगभग 670 पर पुरुष और केवल 103 पर महिलाएं कार्यरत हैं।

महिला न्यायाधीश को पदोन्नति नहीं दी गई

एसोसिएशन ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) इस बात पर गहरी निराशा व्यक्त करता है कि सुप्रीम कोर्ट में हाल ही में हुई नियुक्तियों में बार या बेंच से किसी भी महिला न्यायाधीश को पदोन्नत नहीं किया गया। जबकि 2021 से सुप्रीम कोर्ट में किसी भी महिला न्यायाधीश की नियुक्ति नहीं हुई है। वर्तमान में सुप्रीम कोर्ट की बेंच में केवल एक महिला न्यायाधीश कार्यरत है।

ताकत का इस्तेमाल नहीं कर सकती पुलिस

उत्तर प्रदेश गोहत्या निवारण अधिनियम के तहत 8 साल पहले दर्ज किए गए एक केस की हिस्ट्रीशीट को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बंद करने का निर्देश दिया है। हाईकोर्ट ने कहा कि पुलिस नागरिकों को दी गई मौलिक स्वतंत्रता को कम करने के लिए 'बेलगाम और अनियंत्रित शक्ति' का प्रयोग नहीं कर सकती।

वित्त मंत्री का स्टालिन पर निशाना, कहा

कुछ ताकतों ने 'मूपनार' को पीएम बनने से रोका, भाषा विवाद बढ़ा रहे

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में कुछ ताकतों ने तमिल मनीला कांग्रेस के संस्थापक और दिवंगत नेता जी के मूपनार को देश का पीएम बनने से रोका। मूपनार की 24वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि ये ताकतें जो अक्सर तमिल, तमिल संस्कृति और तमिल भाषा को बढ़ावा देने की बात करती हैं, ये वहीं ताकतें हैं जिन्होंने अवसर आने पर

मूपनार को पीएम पद पर आसीन होने से रोका। सीतारमण ने कहा कि अपने कॉलेज के दिनों में जब उनकी राजनीति में रुचि उभर रही थी, तब वे मूपनार को तमिलनाडु के एक व्यापक रूप से सम्मानित व्यक्ति के रूप में देखती थीं। मूपनार अपनी सादगी और ईमानदारी के लिए जाने जाते हैं और वह एक राष्ट्रवादी नेता थे। वह देशभर में एक सम्मानित नेता थे।

नई दिल्ली में यात्रियों को नहीं होना पड़ेगा परेशान

कई सुविधाओं के साथ तीन होल्डिंग एरिया का निर्माण जल्द होगा पूरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में गणेश उत्सव के साथ त्योहारी सीजन की शुरुआत हो चुकी है। ऐसे में यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने भी नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। हाल ही में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अधिकारियों के साथ स्टेशन का दौरा किया। मंत्री ने इस होल्डिंग एरिया का निर्माण कार्य जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया। ताकि त्योहारों के दौरान यात्रियों की भीड़ को बेहतर तरीके से संभाला जा सके। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर अजमेरी गेट की तरफ होल्डिंग एरिया का निर्माण किया जा रहा है। इस नए होल्डिंग एरिया को मेट्रो के साथ इंटीग्रेटेड किया जाएगा। 21 सितंबर 2025 तक यह काम पूरी तरह से खत्म हो जाए।

होल्डिंग एरिया के तीन हिस्से होंगे

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का होल्डिंग एरिया तीन हिस्सों में बांटा गया है। इसमें यात्रियों को हर कदम पर सहूलियत मिलेगी। प्री-टिकटिंग एरिया में व्यस्त समय में भी करीब 2700 यात्री आराम से बैठ सकते हैं। यहां यात्रियों को टिकट लेने से पहले इंतजार करने की सुविधा मिलेगी। टिकटिंग एरिया में 3100 यात्रियों के बैठने की व्यवस्था होगी। इस हिस्से में टिकट लेने की प्रक्रिया को सुचारू बनाने पर ध्यान दिया गया है।

22 टिकट काउंटर बनाए जाएंगे

यात्रियों की सुविधा के लिए 22 टिकट काउंटर बनाए जाएंगे, ताकि टिकट लेने में समय बचे। जबकि 2 शौचालय ब्लॉक भी यात्रियों की सुविधा के लिए बनाए जाएंगे। यात्रियों को ट्रेनों की जानकारी देने के लिए जन संबोधन प्रणाली विकसित की जाएगी। इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले बोर्ड लगाए जाएंगे ताकि ट्रेनों के समय और प्लेटफार्म की जानकारी यात्रियों को समय से मिल सके।

मराठा आरक्षणः जरांगे की सरकार को धमकी- धैर्य की परीक्षा न लें

मराठवाड़ा के मराठों को कुनबी घोषित करें, तुरंत आरक्षण दें

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जारंगे और सरकार की ओर से नियुक्त प्रतिनिधिमंडल के बीच शनिवार को दोपहर दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में हुई बातचीत बेनतीजा रही। शिंदे और जारंगे के बीच हुई पूरी बातचीत का मराठी समाचार चैनलों पर सीधा प्रसारण किया गया। जरांगे ने उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश संदीप शिंदे को उनके साथ बातचीत के लिए भेजने पर महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस की भी आलोचना की। शिंदे मराठों को आरक्षण देने की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए राज्य सरकार द्वारा गठित समिति के अध्यक्ष हैं। बता दें, जरांगे मराठा समुदाय के लिए सरकारी नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण की मांग को लेकर शुक्रवार से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर हैं।

बातचीत का मराठी चैनलों पर सीधा प्रसारण किया गया

प्रतिनिधिमंडल और जरांगे के बीच हुई बातचीत बेनतीजा रही

पैनल अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करे : जरांगे ने कहा कि सेवानिवृत्त न्यायाधीश शिंदे की अध्यक्षता वाली समिति ने पिछले 13 महीनों से इस मुद्दे से संबंधित राजपत्रों का अध्ययन किया है। अब समय आ गया है कि पैनल अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करे, ताकि मराठों को कुनबी का दर्जा मिल सके। उन्होंने मांग की है कि मराठों को कुनबी के रूप में मान्यता दी जाए। कुनबी एक कृषि प्रधान जाति, जो ओबीसी श्रेणी में शामिल है, जिससे वे सरकारी नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण के पात्र बनेंगे।

अप्रिय घटना रोकने के लिए 2000 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात

सीएम बोले- सरकार चर्चा कर रही है

महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि उनकी सरकार मराठा

आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे की मांगों को कानूनी और संवैधानिक ढांचे के भीतर पूरा करने के लिए काम कर रही है। पिछले साल मराठा समुदाय को (सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग श्रेणी के तहत) दिया गया 10 प्रतिशत आरक्षण अभी भी लागू है। सरकार सामाजिक और वित्तीय मुद्दों को हल करने के लिए सकारात्मक है।

पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द

जरांगे के समर्थन में हजारों मराठा आरक्षण समर्थक दक्षिण मुंबई में एकत्र हुए हैं। स्थिति को देखते हुए, मुंबई पुलिस ने किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए 2,000 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया है। शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं और उन्हें जल्द से जल्द ड्यूटी पर लौटने को कहा गया है।

जबलपुर

रविवार, 31 अगस्त 2025

भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष -08
वर्ष : 20, अंक : 124
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 30
न्यून. 25

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

13 एशिया कप हॉकी : जापान के खिलाफ...

आजकल
8 टैरिफ का माकूल जवाब...

बड़वानी मे पानी ही पानी

आज इंदौर, नर्मदापुरम और जबलपुर संभाग के 12 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

खरगोन में 24 घंटे में 6 इंच पानी गिरा, बैतूल में गूगल मैप देखकर जा रहे कार सवार नदी में बहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश में शुक्रवार को शुरू हुआ बारिश का दौर शनिवार को भी जारी रहा। इंदौर में तेज बारिश के बाद सड़कों पर करीब 2 फीट से ज्यादा पानी भर गया। रोबोट चौराहे के पास निचले इलाकों और घरों में भी पानी घुस गया। यशवंत सागर डैम का एक गेट खोला गया है। इधर, बैतूल में गूगल मैप देखकर जा रहे कार सवार उफनती नदी में बह गए। गोताखोरों ने उन्हें बचाया। बड़वानी में राजघाट गांव सरदार सरोवर बांध में बैकवाटर में डूब गया।

- *यशवंत सागर डैम का एक व तवा डैम के 3 गेट खोले गए*
- *अगले 24 घंटे में ढाई से साढ़े 4 इंच तक पानी गिरने की संभावना*

खरगोन में पुलिया बही

बड़वानी: डेब नदी में बाढ़, पुल से नीचे गिरी बच्ची

अंचल में डेब नदी व सहायक नदी देवनली में रात 9 से 11 बजे तक बाढ़ आई। नदी संगम पर बने सेतु निगम के पुल पर 15 फीट से ऊपर बाढ़ का पानी बहता रहा। बाढ़ में एक ट्रैक्टर बह गया।

यहां तेज बारिश दर्ज

शनिवार को सुबह से शाम तक नीमच, मंदसौर, रतलाम, उज्जैन में तेज बारिश दर्ज हुई। वहीं, आगर, राजगढ़, गुना, धार, इंदौर, बड़वानी, खरगोन, बैतूल, भिंड, मुरैना, ग्वालियर में मध्यम से हल्की बारिश दर्ज हुई। श्योपुरकलां, शिवपुरी, दतिया, झाबुआ, अलीराजपुर, खंडवा, बुरहानपुर, शाजापुर, विदिशा, रायसेन, सीहोर, हरदा, नर्मदापुरम, छतरपुर, सतना, रीवा आदि जिलों में शाम को बौछारें पड़ीं।

आज यहां भारी बारिश होगी

रविवार को बड़वानी, धार जिलों में अति भारी बारिश होगी। बैतूल, खंडवा, खरगौन, झाबुआ, इंदौर, रतलाम, नीमच, छिंदवाड़ा, बालाघाट, पांढुर्णा आदि जिलों में तेज से भारी बारिश का अनुमान है। भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, उज्जैन, शाजापुर, आगर, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, भिंड, मुरैना, सीधी, रीवा, शहडोल, जबलपुर, मंडला, सागर, छतरपुर आदि जिलों में मध्यम बारिश हो सकती है।

खबर संक्षेप

संसद में जगन्नाथ पुरी रथयात्रा के तीन पहिए रखे जाएंगे

नई दिल्ली। संसद परिसर में पुरी रथ यात्रा के तीन पहिए लगाए जाएंगे। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन ने शनिवार को इस बात की पुष्टि की। मंदिर समिति ने बताया कि लोकसभा स्पीकर ओम बिरला हाल ही में पुरी दौरे पर गए थे। मंदिर समिति की तरफ से उनको यह प्रस्ताव दिया गया, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया है। यह तीनों पहिए भगवान जगन्नाथ, देवी सुभद्रा और बलभद्र के रथों से निकालकर दिल्ली भेजेंगे।

धनखड़ ने पेंशन के लिए दिया आवेदन

जयपुर। पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अब पूर्व विधायक के नाते मिलने वाली पेंशन के लिए राजस्थान विधानसभा सचिवालय में फिर से आवेदन किया है। धनखड़ 1993 से 1998 तक किशनगढ़ सीट से कांग्रेस के विधायक रहे थे। पूर्व विधायक के तौर पर उन्हें जुलाई 2019 तक पेंशन मिल रही थी। बंगाल के राज्यपाल बनने के बाद पेंशन बंद हो गई थी। अब पूर्व विधायक के नाते फिर से आवेदन किया है।

जयपुर में नीट छात्रा ने की सुसाइड की कोशिश



जयपुर। नीट की तैयारी कर रही छात्रा ने कोचिंग की छत से कूदकर सुसाइड का प्रयास किया। वह तीन मंजिला कोचिंग की छत पर चली गई। छलांग लगाने की कोशिश करते समय पीछे से आए टीचर ने उसे पकड़ लिया और अंदर खींच लिया। मामला महेश नगर थाना क्षेत्र का है। इसका वीडियो सामने आया है। महेश नगर एसएचओ गुंजन वर्मा ने बताया- चूरू की रहने वाली 19 साल की लड़की ने सुसाइड का प्रयास किया।

मोदी का गर्मजोशी से स्वागत हुआ

- *पीएम मोदी 31 अगस्त से 1 सितंबर तक चीन की यात्रा पर रहेंगे, जहां वे शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे*

आज 'महाशक्तियों' का होगा 'महामिलन'

- पीएम मोदी और शी भारत-चीन आर्थिक संबंधों पर चर्चा करेंगे
- पूर्वी लद्दाख सीमा विवाद के बाद गंभीर तनाव में आए संबंधों को और सामान्य बनाने के लिए कदमों पर विचार करेंगे
- प्रधानमंत्री ने आखिरी बार जून 2018 में एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन का दौरा किया था
- एसससीओ के सदस्य देशों में दुनिया की 40% आबादी

इस शिखर सम्मेलन के दौरान एससीओ के सभी देश एक संयुक्त घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। सदस्य देश एससीओ विकास रणनीतिक को मंजूरी देंगे, सुरक्षा और आर्थिक सहयोग को मजबूत करने के उपायों पर भी चर्चा करेंगे। इस घोषणा पत्र में अमेरिका की टैरिफ नीति को करारा जवाब दिया जा सकता है

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी दो-राष्ट्रों की यात्रा के दूसरे और अंतिम चरण में जापान से चीनी शहर तियानजिन पहुंचे हैं। यहां पीएम मोदी मोदी मुख्य रूप से 31 अगस्त और 1 सितंबर को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। मोदी सात साल से ज्यादा के अंतराल के बाद शनिवार को चीन पहुंचे। इस यात्रा पर पूरी दुनिया की नजर है। दुनिया बेहद उत्सुकता से पीएम मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात का इंतजार कर रही है।

पीएम मोदी शिखर सम्मेलन से इतर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और कई अन्य नेताओं के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी कर सकते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीतियों की वजह से भारत-अमेरिका संबंधों में अचानक आई गिरावट को देखते हुए यह यात्रा और भी महत्वपूर्ण हो गई है। हालांकि, रविवार को चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ उनकी निर्धारित बैठक वॉशिंगटन के टैरिफ विवाद के मद्देनजर और भी महत्वपूर्ण हो गई है।

7 साल बाद चीन पहुंचे मोदी, जिनपिंग व पुतिन से होगी बातचीत

ट्रंप की टैरिफ नीतियों की वजह से भारत-अमेरिका संबंधों में अचानक आई गिरावट को देखते हुए यह यात्रा और भी महत्वपूर्ण हो गई

पीएम मोदी ने कहा

विश्व आर्थिक व्यवस्था में स्थिरता लाने के लिए भारत और चीन मिलकर काम करें

पीएम मोदी ने कहा कि विश्व आर्थिक व्यवस्था में स्थिरता लाने के लिए भारत और चीन का मिलकर काम करना जरूरी है। पीएम मोदी की चीन यात्रा चीनी विदेश मंत्री वांग यी की भारत यात्रा के एक पखवाड़े से भी कम समय बाद हो रही है। विदेश मंत्री एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ वांग की व्यापक वार्ता के बाद दोनों पक्षों ने दोनों पक्षों के बीच स्थिर, सहयोगात्मक और दूरदर्शी संबंधों के लिए कई उपायों की घोषणा की थी।

दोनों देशों में संबंधों को स्थापित करने की ये हुईं कोशिशें

पिछले कुछ महीनों में भारत और चीन ने अपने संबंधों को फिर से स्थापित करने के लिए कई कदम उठाए हैं, जो जून 2020 में गलवां घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुई घातक झड़पों के बाद गंभीर तनाव में आ गए थे। प्रधानमंत्री ने आखिरी बार जून 2018 में एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन का दौरा किया था। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अक्तूबर 2019 में दूसरे अनौपचारिक शिखर सम्मेलन के लिए भारत का दौरा किया था। पिछले साल 21 अक्तूबर को हुए एक समझौते के तहत डेमचोक और देपसांग के अंतिम दो टकराव बिंदुओं से सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पूर्वी लद्दाख में गतिरोध प्रभावी रूप से समाप्त हो गया था।

डोनाल्ड ट्रंप कहां हो गए लापता?

खराब स्वास्थ्य की चर्चाओं के बीच गायब होने से मचा हड़कंप

- *अगले 2 दिन तक उनका कोई कार्यक्रम नहीं*

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप (79) के कथित तौर पर गायब होने की खबर ने हड़कंप मचा दिया है। पिछले कई दिनों से उनका स्वास्थ्य खराब होने की चर्चाएं थीं। इस बीच उनके लापता होने की खबरों ने ह्वाइट हाउस से लेकर पूरे अमेरिका में हड़कंप मचा दिया है। पिछले कई दिनों से डोनाल्ड ट्रंप की सार्वजनिक उपस्थिति नहीं देखी गई है। ऑनलाइन चर्चाओं में यह दावा किया जा रहा है कि अमेरिका के राष्ट्रपति 'सार्वजनिक दृश्य से गायब' हो गए हैं। हालांकि, यह अटकलें ज्यादातर गुमनाम सोशल मीडिया अकाउंट्स द्वारा फैलाई जा रही हैं। व्हाइट हाउस ने इस मामले पर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है। करीब 2 दिनों से वह पूरी तरह नदारद हैं। दावा किया जा रहा है कि अगले 2 दिनों तक यानि 31 अगस्त तक उनका कोई कार्यक्रम भी नहीं है, जिसमें उनकी मौजूदगी का उल्लेख हो। अभी उनका कोई भी सार्वजनिक आयोजन सूचीबद्ध नहीं है।

जेडी वेंस ने कहा था राष्ट्रपति पद संभालने को हैं तैयार

अभी 1 दिन पहले ही उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने एक इंटरव्यू में सार्वजनिक रूप से यह कहा था कि अगर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ कोई ट्रेजडी होती है तो वह अगले राष्ट्रपति का पद संभालने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वेंस ने कहा था कि उन्हें इसके लिए बकायदा प्रशिक्षण भी मिला है। हालांकि वेंस ने यह भी जोड़ा था कि फिलहाल ट्रंप के साथ ऐसा कुछ होने नहीं जा रहा है, वह अभी स्वस्थ हैं और अपना कार्यकाल पूरा करेंगे।

ट्रंप के सार्वजनिक कार्यक्रमों में अनुपस्थिति की वजह कहीं लेबर डे तो नहीं है, जो आगामी 1 सितंबर को मनाया जाएगा। लेबर डे को लेकर शुरुआत में ट्रंप की योजना थी कि वह अगस्त के अंतिम दो हफ्ते बेडमिन्स्टर, न्यू जर्सी स्थित अपने रिसॉर्ट में बिताएंगे।

अमेरिका की संघीय अपील अदालत ने ट्रंप टैरिफ को बताया 'गैरकानूनी'

अमेरिका में एक संघीय अपील अदालत ने भारत के लिए संभावित राहत देते हुए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर लगाए गए व्यापार शुल्क (टैरिफ) को गैरकानूनी करार दिया है। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि ट्रंप के पास ऐसे व्यापक अधिकार नहीं थे कि वे इस तरह के शुल्क लगा सकें। हालांकि, अदालत ने टैरिफ को 14 अक्तूबर तक जारी रहने की अनुमति दी है, ताकि ट्रंप प्रशासन को सुप्रीम कोर्ट में अपील करने का मौका मिल सके। शुक्रवार दोपहर फैसला आने के तुरंत बाद, ट्रंप ने इसे बहुत पक्षपाती बताते हुए इसकी आलोचना की और कहा कि वे इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देंगे।

मंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया उद्घाटन

देश का पहला टेंपर्ड ग्लास विनिर्माण संयंत्र हुआ शुरू

- *करीब 2.5 करोड़ टेंपर्ड ग्लास हर साल भारत में बनने लगेंगे*

एजेंसी ⏭ नोएडा

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यूपी के नोएडा में टेंपर्ड ग्लास के लिए भारत के पहले विनिर्माण संयंत्र का उद्घाटन किया। नोएडा में स्थित ऑप्टिमस इंफ्राकॉम लिमिटेड के द्वारा इस संयंत्र का संचालन होगा। वैष्णव ने उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेक इन इंडिया अभियान के तहत देश में इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण पिछले 11 वर्षों में बहुत बड़ी मात्रा में बढ़ा है।

ट्रंप ने पीएम मोदी से कहा कि पाकिस्तान उन्हें नोबेल के लिए नॉमिनेट कर रहा है, भारत भी ऐसा करे

ट्रंप को भारत ने दिया तगड़ा झटका, नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नहीं किया 'नॉमिनेट'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष रुकवाने में बार-बार अपनी भूमिका बता रहे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को तगड़ा झटका लगा है। ट्रंप इस संघर्ष को रुकवाने का श्रेय लेकर नोबेल पुस्कार लेना चाहते थे। लेकिन भारत ने ट्रंप को इसके लिए नॉमिनेट करने से मना कर दिया है। ट्रंप ने एक बार फिर गत 17 जून को पीएम मोदी से भारत पाकिस्तान के बीच संघर्ष रुकवाने में अपनी भूमिका बताई थी।

पीएम मोदी ने साफ किया था कि भारत पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम में अमेरिका की कोई भागीदारी नहीं थी

इसलिए ट्रंप ने मोदी से नोबेल पुरस्कार के लिए नॉमिनेट करने के लिए कहा था। न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार राष्ट्रपति ट्रंप मोदी से जो सबसे अधिक चाहते हैं, वह राजनीतिक रूप से अप्रासंगिक है। अगर यह माना जाए कि पीएम मोदी एक कमजोर देश के साथ युद्धविराम के लिए अमेरिकी दबाव में झुक गए हैं, तो घरेलू स्तर पर इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। पीएम मोदी की मजबूत छवि काफी हद तक इस बात पर निर्भर करती है कि वे पाकिस्तान के प्रति कितने सख्त हैं।

17 जून को हुई थी आखिरी बातचीत

न्यूयॉर्क टाइम्स ने दावा किया है कि पीएम मोदी और ट्रंप के बीच 17 जून को बातचीत हुई थी। इसमें ट्रंप ने भारत-पाक संघर्ष की बात की। ट्रंप ने कहा कि पाकिस्तान उन्हें नोबेल के लिए नॉमिनेट कर रहा है। ट्रंप चाहते थे कि भारत भी ऐसा करे। लेकिन पीएम मोदी भड़क गए। पीएम मोदी ने साफ किया था कि भारत पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम में अमेरिका की कोई भागीदारी नहीं है। बताया गया कि पीएम मोदी और ट्रंप के बीच वह आखिरी बातचीत थी।

बोलीं उमा- 65 की उम्र में पीएम ने चुनाव लड़ा था

तब चुनाव लड़ूंगी जब मुझे लगेगा कि मैं इसके लिए तैयार हूं

योगदान की कोई उम्र नहीं, राजनीति एक मंच है और योगदान मेरी क्षमता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने राजनेताओं के रिटायरमेंट एज और अपने चुनाव लड़ने को लेकर बड़ी बातें कही हैं।

उमा भारती ने कहा कि कोई भी राजनीतिक दल रिटायरमेंट की उम्र तो तय कर सकता है, लेकिन कोई भी यह तय नहीं कर सकता कि किसी व्यक्ति की योगदान देने की क्षमता किस उम्र पर समाप्त हो जाएगी। योगदान की कोई उम्र नहीं होती... राजनीति एक मंच है और योगदान मेरी क्षमता है। उन्होंने यह भी कहा हां, मैं चुनाव लड़ूंगी। मेरी उम्र 65 साल भी नहीं है, लेकिन मैं तब लड़ूंगी जब मुझे लगेगा कि मैं इसके लिए तैयार हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने 65 साल की उम्र में लोकसभा चुनाव लड़ा था। मैं अगले साल 65 साल की हो जाऊंगी। उन्होंने कहा कि मेरी एक कमजोरी है कि मैं अपनी प्रतिबद्धताओं के प्रति बहुत ईमानदार हूं। अगर मुझे किसी संसदीय सीट के लिए चुनाव लड़ना पड़े, तो मुझे अपना पूरा समय और पूरी ईमानदारी वहां के लोगों को समर्पित करनी होगी। और अगर किसी को कोई परेशानी होती है, तो मुझे उसका पछतावा होगा।

चुनाव लड़ने का मेरा निर्णय इस बात पर निर्भर करेगा कि मेरे उद्देश्य में बाधा आएगी या नहीं।

वित्तीय सेवाएं विभाग
DEPARTMENT OF FINANCIAL SERVICES

3 माह का वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान
1 जुलाई 2025 – 30 सितंबर 2025

प्रत्येक ग्राम पंचायत में कम से कम 1 शिविर

देशभर में कुल 2.7 लाख शिविर

शिविरों में प्रदान की जाने वाली सुविधाएं:-

- शून्य शेष राशि के साथ पीएमजेडीवाई खाता खोलना, कोई प्रभार नहीं और ₹ 2 लाख के दुर्घटना बीमा के साथ निःशुल्क डेबिट कार्ड
- मात्र ₹ 436 प्रति वर्ष के प्रीमियम पर ₹ 2 लाख के जीवन बीमा कवर के लिए पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना में नामांकन (पात्रता: 18-50 वर्ष)
- मात्र ₹ 20 प्रति वर्ष के प्रीमियम पर ₹ 2 लाख के दुर्घटना बीमा कवर के लिए प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में नामांकन (पात्रता: 18-70 वर्ष)
- ₹ 1000 से ₹ 5000 प्रति माह तक की गारंटीकृत पेंशन के लिए अटल पेंशन योजना की सदस्यता (पात्रता: 18-40 वर्ष)
- 10 या उससे अधिक वर्ष पहले खोले गए बचत खातों और पीएमजेडीवाई खातों तथा निष्क्रिय खातों के लिए भी पुनः केवाईसी करवाएं।
- डिजिटल धोखाधड़ी से स्वयं को कैसे बचाएं तथा आरबीआई के अदावी जमा खातों में अंतरित धन का दावा कैसे करें, इस संबंध में जानकारी प्राप्त करें।

Central Bank of India · Bank of Baroda · SBI · Indian Bank · UCO BANK · Punjab & Sind Bank · IDBI BANK · Union Bank · AXIS BANK · HDFC BANK · ICICI Bank · mp gb

कृपया अधिक जानकारी के लिए अपनी निकटतम बैंक शाखा / बी.सी. से संपर्क करें।

अभियान में सम्मिलित हो। संदेश फैलाएं। बीमाकृत रहे।

जन सुरक्षा योजना नामांकन, खाता खोलने, पुनः केवाईसी करवाने एवं धोखाधड़ी से बचने के लिए प्रत्येक पंचायत शिविर में आये।

बैंक आपके द्वार
लाभ उठायें...

अमेरिकी यहूदी समिति ने रूस से तेल खरीद को लेकर भारत के खिलाफ बयानों को लेकर अमेरिकी अधिकारियों की आलोचना की है। संगठन ने कहा कि भारत रूस-यूक्रेन युद्ध का जिम्मेदार नहीं है और वह अमेरिका का अहम रणनीतिक साझेदार है।

भारत के समर्थन में उतरी अमेरिकन ज्यूइश कमेटी

यहूदी संगठन ने की ट्रंप प्रशासन की आलोचना- यूक्रेन युद्ध के लिए भारत नहीं, अमेरिका ही 'जिम्मेदार'

एजेंसी ▶▶ न्यूयार्क

अमेरिका के एक यहूदी संगठन ने उन अधिकारियों की आलोचना की है, जिन्होंने रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत की निंदा की है। संगठन ने कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष के लिए भारत जिम्मेदार नहीं है और अमेरिका-भारत संबंधों को फिर से सुधारने की जरूरत है। ट्रंप प्रशासन के कुछ सदस्यों ने हाल ही में भारत पर आरोप लगाया है कि रूस से उर्जा खरीदकर भारत राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की युद्ध मशीन को फंडिंग कर रहा है।अमेरिकी यहूदी समिति ने शुक्रवार को कहा कि व्हाइट हाउस के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो की ओर से भारत पर लगाए गए आरोप 'गलत और अपमानजनक' हैं।

अहम संबंधों को फिर से मजबूत करने का समय

नयहूदी संगठन ने कहा, हम समझते हैं कि भारत उर्जा जरूरतों के कारण रूस से तेल खरीदता है, लेकिन भारत पुतिन के युद्ध अपराधों का दोषी नहीं है। भारत एक लोकतांत्रिक देश है और अमेरिका का एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार भी है। संगठन ने कहा, अब इन अहम संबंधों को फिर से मजबूत करने का समय है। नवारो ने पिछले कुछ दिनों में भारत को निशाना बनाया है।

वैश्विक टैरिफ को अवैध करार दिया

साथ ही रूस से तेल खरीदने पर 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ भी लगाया है। भारत ने इन टैरिफ को अनुचित और गैर-जरूरी बताया है और कहा है कि वह अपने राष्ट्रीय हितों और आर्थिक सुरक्षा की रक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाएगा। सी बीच, अमेरिका की एक अदालत ने ट्रंप के अधिकांश वैश्विक टैरिफ को अवैध करार दिया है। इसके बाद, अमेरिकी प्रतिनिधि की विदेश मामलों की समिति ने कहा कि ट्रंप के 'राष्ट्रीय आपातकाल' के तहत लगाए गए टैरिफ को समाप्त करने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया जाना चाहिए।

भारत पर लगाए जा रहे आरोपों को बेबुनियादी बताया

अमेरिका के प्रभावशाली ज्यूइश एडवोकेसी ग्रुप ने भारत पर लगाए जा रहे आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा है कि रूस-यूक्रेन युद्ध के लिए भारत जिम्मेदार नहीं है। ग्रुप ने ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों की उस आलोचना पर आपत्ति जताई है जिसमें कहा गया था कि रूस से तेल खरीदकर भारत पुतिन की युद्ध मशीन की मदद कर रहा है। संस्था ने साफ कहा कि भारत अमेरिका का अहम साझेदार और लोकतांत्रिक देश है। ऐसे में रिश्तों में 'रीसेट' की जरूरत है।

खबर संक्षेप

पाक में बारिश और बाढ़ से 22 लोगों की मौत

लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में बारिश और बाढ़ से जुड़ी घटनाओं में गत 24 घंटे के दौरान 22 लोगों की मौत हो गई जबकि प्रांतीय राजधानी लाहौर के कम से कम नौ रिहायशी इलाके जलमग्न हो गए हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पंजाब सरकार द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है, ''प्रांत में कम से कम 1,700 गांव जलमग्न हो गए हैं, जबकि हजारों एकड़ भूमि पर लगी फसलें डूब गई हैं। इसके मुताबिक, विभिन्न संस्थानों की बचाव टीम और सेना ने अब तक दस लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है।

यमनः हूती पीएम अहमद अल-रहावी की मौत

सना। यमन की राजधानी सना में हूती नियंत्रित सरकार के प्रधानमंत्री अहमद अल-रहावी की इजराइली हवाई हमले में मौत हो गई। विद्रोही सशस्त्र समूह हूती ने शनिवार को एक बयान में कहा कि अल-रहावी गुरुवार को हुए एक हमले में कई अन्य मंत्रियों के साथ मारे गए। समूह ने बताया कि यह हमला उस समय हुआ जब अधिकारी पिछले एक साल में सरकार के प्रदर्शन की समीक्षा के लिए एक वर्कशॉप में भाग ले रहे थे। यह हमला उस समय हुआ जब अहमद अल-रहावी अपने अन्य मंत्रियों के साथ पिछले एक साल में सरकार के प्रदर्शन की समीक्षा के लिए एक वर्कशॉप में भाग ले रहे थे।

एक कार्यक्रम के दौरान बोले रक्षामंत्री

'अंतरराष्ट्रीय संबंधों में न स्थायी दोस्त होते हैं न दुश्मन': राजनाथ सिंह



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर अतिरिक्त 25 फीसदी टैरिफ थोपे जाने से दोनों देशों के बीच रिश्तों में दरार आ गई है। अमेरिका ने रूस से कच्चा तेल खरीदने को लेकर भारत पर अतिरिक्त 25 फीसदी टैरिफ लगाया है, जो कि 27 अगस्त से लागू हो चुका है। भारत अमेरिका के आगे झुका नहीं और रूस से कच्चा तेल खरीदने के फैसले को जारी रखा।

विदेश मंत्री जयशंकर, कृषि मंत्री शिवराज सिंह के बाद अब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी टैरिफ को लेकर अमेरिका को खरी-खरी सुना दी है। एक कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने कहा, अंतरराष्ट्रीय संबंधों में न स्थाई दोस्त होते हैं न दुश्मन होता है तो केवल देश का हित दुनिया में आज ट्रेड वॉर जैसे हालात हैं लेकिन हम राष्ट्रीय हितों से कोई समझौता नहीं करेंगे।

ऑपरेशन सिंदूर वीरता सशस्त्र बलों की कहानी है

उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर वीरता सशस्त्र बलों की कहानी है तो ड्रोन्स जैसे उपकरण का निर्माण आत्मनिर्भर भारत, हमारे वैज्ञानिकों युवाओं के इनोवेशन की कहानी है। बता दें कि रैफे एमफिबर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा बनाए गए ड्रोन्स का इस्तेमाल भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मई महीने में किया था।

देशवासियों का हित सबसे ऊपर है

उन्होंने कहा कि हमारे सरकार के लिए हमारे किसान, छोटे व्यापारी और देशवासियों की हित सबसे ऊपर है। भारत ने इन लोगों के हितों से कोई कॉम्प्रोमाइज नहीं कर सकता है।रक्षा मंत्री के इस बयान को चीन से भारत के रिश्ते में आई मिठास से जोड़कर देखा जा सकता है। टैरिफ की वजह से भारत-चीन साथ आते नजर आ रहे हैं।

मॉडर्न वारफेयर में ड्रोन की अहमियत काफी बढ़ी

राजनाथ सिंह ने कहा कि इस मॉडर्न वारफेयर में ड्रोन की अहमियत काफी बढ़ गई है। ड्रोन को युद्ध नीति में शामिल करना आवश्यक हो गया है। आज के दौर में ड्रोन युद्ध के क्षेत्र में एक बड़ी ताकत बनकर उभरा है। ड्रोन्स को उन इलाकों में भी तैनात किए जा रहे हैं, जिन जगहों पर बड़े उपकरण नहीं पहुंच सके।

पीएम मोदी ने अपने जापानी समकक्ष को दिया खास तोहफा

चांदी की चॉपस्टिक्स के साथ रेमन बाउल और पश्मीना शॉल की गिफ्ट

आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया

एजेंसी ▶▶ टोक्यो

तोहफे देना भारतीय परंपरा का हिस्सा है। जब कोई किसी से मिलने जाता है तो उसके लिए भेंट लेकर जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जापान गए हैं। वह भी खाली हाथ वहां नहीं गए हैं। बल्कि अपने साथ कुछ तोहफे लेकर गए हैं। पीएम मोदी भारत से जापान के पीएम शिगेरु इशिबा और उनकी पत्नी योशिको इशिबा के लिए खास तोहफे लेकर गए हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जापान के पीएम शिगेरु इशिबा को चॉपस्टिक्स के साथ रेमन बाउल गिफ्ट में दिया है। इस खास तोहफे को वह भारत से उनके लिए लेकर गए हैं। इस चॉपस्टिक्स की खास बात यह है कि यह चांदी की बनी हुई है।

पीएम मोदी भारत से जापान के पीएम शिगेरु इशिबा और उनकी पत्नी योशिको इशिबा के लिए खास तोहफे लेकर गए जो उन्होंने अपनी जापान से अपने संबंधों को यादगार बनाने के तौर पर दिए

ये उपहार दोनों देशों की कला और संस्कृति का अनूठा संगम दर्शाते हैं

टोक्यो दौरे ने भारत-जापान संबंधों को और मजबूत किया

चांगथांगी भेड़ के महीन ऊन से बनी है शॉल

पीएम मोदी अपने साथ जापानी पीएम की पत्नी के लिए तोहफे में खास पश्मिना शॉल लेकर गए हैं। यह शॉल लद्दाख के चांगथांगी भेड़ के महीन ऊन से बनाया गया है। यह पश्मीना शॉल बहुत ही हल्के, मुलायम और गर्म होने की वजह से दुनिया भर में फेमस है। कश्मीरी कारीगरों द्वारा हाथ से बुना गए इस शॉल सदियों पुरानी परंपरा झलकती है। यह खास शॉल राजघरानों की भी शान माना जाता रहा है। इस शॉल का बेस हाथीदांत का है इस पर रस्ट, पिंक और रेड कलर के फूल का डिजाइन बना है, जो क्लासिक कश्मीरी डिजाइन और शिल्प कौशल को दिखाता है।

बाउल का बेस मकराना संगमरमर से बना

चांदी की चॉपस्टिक्स से सजे ये विंटेज कीमती पत्थर के बाउल भारतीय कलात्मकता और जापानी पाक कला की परंपरा का एक अनूठा मिश्रण हैं। मूनस्टोन को आंध्र प्रदेश से लिया गया है। चार छोटे बाउल्स और चांदी की चॉपस्टिक्स के साथ एक बड़े भूरे रंग का मूनस्टोन बाउल जापान के डोनबुरी और सोबा अनुष्ठानों से प्रेरित है। आंध्र प्रदेश से मिला यह मूनस्टोन और प्रेम, संतुलन और सुरक्षा का प्रतीक है। जबकि मेन बाउल का बेस मकराना संगमरमर से बना है, जिसमें राजस्थान की पारंपरिक परचिन कारी शैली दिखाई दे रही है। इसमें अर्ध-कीमती पत्थर जड़े हुए हैं।

अपनी गलती पर पछताएगा अमेरिका

दुनिया के सबसे बड़े बाजार में ऊंचाई का मौका गंवाया

अमेरिका से छिड़े टैरिफ वार के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जापान यात्रा ने 21वीं सदी के भारत के भविष्य को नए रास्तों पर और नए ढंग से गढ़ना शुरू कर दिया है। भारत ने इस दौरान जापान के साथ अगले 1 दशक तक के विजन के लिहाज से 21 बड़े समझौते किए हैं। यही 21 द्विपक्षीय समझौते 21वीं सदी के नए भारत की नई विकासगाथा लिखने वाले हैं। भारत और जापान के बीच हुई इस अहम साझेदारी का दर्द अमेरिका भी भूल नहीं सकेगा। उसे भारत के साथ अपने रिश्ते बिगाड़ने की गलती करने का निश्चित रूप से बहुत पछतावा होगा। क्योंकि अगर भारत के साथ उसके रिश्ते सही होते तो कई अहम समझौते वाशिंगटन के साथ भी हो सकते थे, जिसका लाभ अमेरिका को भी मिल सकता था। मगर अमेरिका ने भारत जैसे दुनिया के सबसे बड़े बाजार में ऊंचाइयां छूने का मौका खुद ही गवां दिया है।

जापान के साथ हुए 21 समझौते

अहम समझौते

1. भारत-जापान का अगले दशक के लिए संयुक्त दृष्टिकोण
2. सुरक्षा सहयोग पर संयुक्त घोषणा
3. भारत-जापान मानव संसाधन विनिमय के लिए कार्य योजना
4. चंद्रयान-5 के तहत चांद के दक्षिणी ध्रुव पर नए अन्वेषण मिशन के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन और जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी के बीच कार्यान्वयन व्यवस्था
5. स्वच्छ हाइड्रोजन और अमोनिया पर संयुक्त इरादे की घोषणा
6. भारत के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय और जापान के शिक्षा, संस्कृति, खेल, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के बीच संयुक्त इरादे का वक्तव्य

स्मरणपत्र / सहयोग ज्ञापन

7. संयुक्त क्रेडिटिंग तंत्र पर सहयोग ज्ञापन
8. भारत-जापान डिजिटल साझेदारी 2.0 पर समझौता ज्ञापन
9. खनिज संसाधनों के क्षेत्र में सहयोग ज्ञापन
10. सांस्कृतिक आदान-प्रदान पर सहयोग ज्ञापन
11. घरेलू अपशिष्ट जल प्रबंधन के विकेन्द्रीकृत मॉडल पर

सिंगापुर में भारतीय नागरिक को 2 साल एक माह की जेल

देना होगा लाखों का जुर्माना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सिंगापुर में एक भारतीय नागरिक को 2 साल की जेल और लाखो रुपए जुर्माने की सजा सुनाई गई है। सिंगापुर की अदालत ने शुक्रवार को एक सड़क हादसे मामले में सुनवाई के दौरान यह फैसला दिया। 2023 में एक सड़क हादसे के दौरान नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर के वरिष्ठ लॉ प्रोफेसर की मौत हो गई थी। इस हादसे के आरोपी नटराजन मोहनराज को कोर्ट ने दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। सिंगापुर की अदालत ने नटराजन को 2 साल 1 महीने की सजा दी है। साथ ही उन्हें 2000 सिंगापुर डॉलर (लगभग 1 लाख 37 हजार रुपए) जुर्माना देने का भी आदेश दिया गया है। यह हादसा 7 जुलाई 2023 को हुआ था। 28 वर्षीय नटराजन मोहनराज ने फोन में देखते हुए गाड़ी चला रहे थे। तभी उन्होंने अपनी लॉरी से प्रोफेसर की कार को टक्कर मार दी।

ऑस्ट्रेलिया में पढ़ाई अब और महंगी, अमेरिकी सख्ती के बीच भारतीय छात्रों के यह बचा रास्ता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया लंबे समय से भारतीय छात्रों के लिए उच्च शिक्षा का एक आकर्षक गंतव्य रहा है। 2024 के आंकड़ों के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया के 43 विश्वविद्यालयों में 1.18 लाख से अधिक भारतीय छात्र पढ़ रहे हैं, जो कुल विदेशी छात्रों का लगभग 15 प्रतिशत हिस्सा है।

इसके बाद नेपाल, ब्राजील और मलेशिया जैसे देशों का स्थान आता है। लेकिन वीजा शुल्क और रिजर्व फंड की सीमा में हालिया बढ़ोतरी ने भारतीय सहित सभी विदेशी छात्रों पर आर्थिक दबाव बढ़ा दिया है।

कितना बढ़ा वीजा शुल्क और रिजर्व फंड?

इस साल अप्रैल में ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने विदेशी छात्रों के लिए वीजा शुल्क को 1600 से बढ़ाकर 2000 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर कर दिया। साथ ही, रिजर्व फंड की सीमा को 24,000 से बढ़ाकर 27,500 डॉलर कर दिया गया। इस बढ़ोतरी ने ऑस्ट्रेलिया में पढ़ाई को और महंगा बना दिया है। हालांकि, अनुष्का का कहना है कि ऑस्ट्रेलिया में पढ़ाई के अवसर और गुणवत्ता इतनी बेहतर है कि यह बढ़ी हुई लागत को उचित ठहराती है।

विश्वविद्यालयों और छात्रों की चिंता

राहत की बात यह है कि ऑस्ट्रेलिया के विश्वविद्यालय सरकार पर शुल्क वृद्धि को वापस लेने का दबाव बना रहे हैं। विदेशी छात्र विश्वविद्यालयों की आय का एक बड़ा स्रोत हैं और उनकी संख्या में कमी से आर्थिक नुकसान हो सकता है। न्यू साउथ वेल्स यूनिवर्सिटी की छात्रा और छात्र संघ की पदाधिकारी कृषा ने बताया कि विश्वविद्यालय ने छात्रों को आश्वासन दिया है।

भारत के सामने फिर गिड़गिड़ाया पाक

इस्लामाबाद। भारत के साथ हालिया संघर्ष में मात खाने के बाद से पाकिस्तान भारत के सामने लगातार सुलह के लिए गिड़गिड़ा रहा है। इस कड़ी में पाकिस्तान की तरफ से कई मौकों पर बातचीत करने की गुहार लगा रहा है। लेकिन भारत ने अपना पक्ष साफ कर दिया है।

इसी बीच पाकिस्तान के विदेश मंत्री और उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने शुक्रवार को कहा कि उनका देश भारत के साथ गरिमा और सम्मान के साथ सभी लंबित मुद्दों पर बातचीत करने के लिए तैयार है, जिसमें कश्मीर विवाद भी शामिल है। हालांकि उन्होंने यह साफ कर दिया कि पाकिस्तान बातचीत के लिए भीख नहीं मांगेगा।

इंडोनेशिया में बेकाबू हुई भीड़

संसद भवन में लगाई आग 3 लोगों की मौत, कई झुलसे

एजेंसी ▶▶ जकार्ता

इंडोनेशिया में बेकाबू भीड़ ने संसद भवन में आग लगा दी है। इससे कम से कम 3 लोगों की मौत हो गई। जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है किक इंडोनेशिया में सांसदों को मिलने वाले भारी-भरकम भत्तों को लेकर जनता का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा है। विरोध प्रदर्शनों ने कई शहरों में हिंसक रूप ले लिया है।

इमारत समेत दर्जनों वाहन खाकः गुस्साई भीड़ ने दक्षिण सुलावेसी प्रांत की राजधानी मकास्सर में स्थानीय प्रांतीय संसद भवन में शुक्रवार देर रात आग लगा दी। स्थानीय आपदा प्रबंधन अधिकारी फदली ताहर ने बताया कि शनिवार सुबह तक तीन शव बरामद किए गए, जबकि इमारत से जान बचाकर कूदने के प्रयास में पांच लोग गंभीर रूप से झुलस गए या घायल हो गए।

चंद्रयान-5 की इसरों के साथ हुई बड़ी डील

चंद्रमा के साउथ पोल पर पानी खोजने निकलेंगे भारत और जापान

एजेंसी ▶▶ टोक्यो

भारत की इसरो और जापान की एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी जाक्सा इस संयुक्त चंद्र ध्रुवीय अन्वेषण मिशन (ल्यूपेक्स) का संचालन मिलकर करेंगी। इस समझौते पर जापान में भारत के राजदूत सिबी जॉर्ज और जाक्सा की उपाध्यक्ष मत्सुरा मयूमी के बीच हस्ताक्षर हुए। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने जापानी समकक्ष शिगेरु इशिबा के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि यह मिशन 'मानवता की प्रगति और पृथ्वी की सीमाओं से परे भारत-जापान की सक्रिय भागीदारी' का प्रतीक होगा।

तकनीकी बैठकें और तैयारियां

13-14 मई को इसरो मुख्यालय, बेंगलुरु में दोनों एजेंसियों ने मिशन पर तीसरी तकनीकी बैठक की। इसमें इसरो, जाक्सा और मित्सुबिशी हेवी इंडस्ट्रीज के सीनियर अधिकारी और एक्सपर्ट शामिल हुए। चर्चाओं का फोकस मिशन की तकनीकी चुनौतियों, कार्यान्वयन योजना और संभावित लैंडिंग स्थलों पर रहा। इसरो के वैज्ञानिक सचिव एम. गणेश पिल्लई ने सहयोग को सराहते हुए इसे वैज्ञानिक और तकनीकी लक्ष्यों को आगे बढ़ाने में अहम बताया।

इसरो-जाक्सा सहयोग का महत्व

योमिउरी शिंबुन को दिए एक इंटरव्यू में पीएम मोदी ने कहा कि इसरो और जाक्सा का सहयोग न केवल जी2जी साझेदारी को मजबूत कर रहा है, बल्कि यह उद्योगों और स्टार्टअप्स के बीच नवाचार का साझा पारिस्थितिकी तंत्र भी बना रहा है- जहां प्रयोगशाला से लॉन्चपैड और शोध से लेकर वास्तविक अनुप्रयोग तक तकनीक बह रही है।

इस डील के मायने

यह समझौता सिर्फ अंतरिक्ष सहयोग का करार नहीं, बल्कि भारत-जापान के बीच रणनीतिक साझेदारी की नई ऊंचाई है। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर जल की खोज वैश्विक अंतरिक्ष दौड़ का सबसे अहम लक्ष्य है, और इस मिशन से भारत न केवल वैज्ञानिक खोज में, बल्कि स्पेस जियोपॉलिटिक्स में भी अपनी स्थिति मजबूत करेगा।

चंद्रयान-5 मिशन की खास बातें

- यह मिशन मार्च में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा स्वीकृत किया गया था।
- जाक्सा इसे अपने एच3 -24एल लॉन्चर से प्रक्षेपित करेगा।
- इसरो का निर्मित लैंडर जापानी रोवर को चंद्रमा पर ले जाएगा।
- अंतरिक्ष यान पर कुल 7 वैज्ञानिक उपकरण होंगे-इनमें से कुछ यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) और नासा द्वारा प्रदान किए गए हैं।

चंद्रयान-3 से चंद्रयान-5 तक

मोदी ने 2023 में चंद्रयान-3 द्वारा चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर की गई ऐतिहासिक लैंडिंग को याद किया।

रूस का यूक्रेन पर बड़ा हमला

500 ड्रोन और 45 मिसाइलों से मचाई तबाही, एक की मौत, 24 घायल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रूस ने शुक्रवार रात से लेकर शनिवार सुबह तक यूक्रेन पर बड़े पैमाने पर हमला किया है। इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 24 लोग घायल हो गए। घायलों में तीन बच्चे भी शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार, मिसाइल और ड्रोन हमलों से कई शहरों की इमारतें और जरूरी ढांचे बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बताया कि यह हमला 14 अलग-अलग जगहों पर हुआ।

ड्रोन और मिसाइलों से हुआ हमला?

मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार हमले के दौरान करीब 540 ड्रोन और 45 मिसाइलें दागी गईं। जापोरिज्झिया शहर में पांच मंजिला इमारत पर सीधा हमला हुआ, बिजली कट गई और 25 हजार लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हो गए। स्थानीय गवर्नर इवान फेदोरोव ने बताया कि धमाकों से इलाके में कई जगह आग लग गई और बच्चे समेत दर्जनों लोग घायल हो गए।

तेल रिफाइनरी निशाना

इस बीच यूक्रेन ने रूस के दो तेल रिफाइनरी पर ड्रोन हमले किए। साउथ रूस के क्रास्नोदार और सामारा से सिजरान इलाके में धमाकों और आग की खबर आई। रूसी अधिकारियों के मुताबिक, क्रास्नोदार रिफाइनरी पर गिरे ड्रोन के मलबे से आग लगी। इसके साथ ही, यूक्रेन की तरफ से सामारा क्षेत्र में सिजरान रिफाइनरी के पास भी हमले की कोशिश हुई।

पनागर एसडीएम सहित अन्य से हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

रोड हटाने की कार्यवाही पर यथास्थिति के निर्देश

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने पनागर के ग्राम औरिया में एक डेव्लहपर द्वारा कृषि कार्य के लिये किये गये रोड निर्माण को हटाने संबंधी कार्यवाही पर रोक लगा दी है। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने मामले में यथास्थिति के निर्देश देते हुए अनोवदकों को नोटिस जारी किए ।चार सप्ताह में जवाब तलब किया ।

यह मामला मॉ काली डेवलपर्स की ओर से दायर किया गया है। इसमें पनागर एसडीएम के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें मुरम डालकर कृषि कार्य हेतु बनाई गई रोड को हटाने के आदेश दिये गये है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता मनोज कुशवाहा व कौशलेन्द्र सिंह ने पक्ष रखा। जिन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता ने कॉलोनी बनाने के उद्देश्य से जमीन क्रय की थी, लेकिन कालोनी निर्माण हेतु आवश्यक अनुमति टीएनसीपी भोपाल के पास पेंडिंग है। इसी बीच में याचिकाकर्ता ने लगभग 10 हेक्टर की जमीन पर खेती करने का निश्चय किया । खेती में आवागमन के उद्देश्य से मुरम की रोड डाली। इसके साथ नगर निगम से आवश्यक अनुमति लेकर नाले के ऊपर स्वयं के खर्चे पुल बनाया। किंतु एक स्थानीय नागरिक ने दुर्भावना पूर्वक प्रेरित होकर एसडीएम पनागर के समक्ष अतिक्रमण हटाने के संबंध में शिकायत की। जिस पर याचिकाकर्ता को नोटिस जारी किया गया। जिसका जवाब भी आवेदक की ओर से दिया गया, लेकिन उक्त जवाब के बावजूद एसडीएम द्वारा आदेश न पारित करते हुए दुर्भावना पूर्वक तहसीलदार पनागर को आदेश किया कि याचिकाकर्ता द्वारा आवागमन के लिये बनाई गई रोड को तत्काल हटाया जाये। जिसके बाद तहसीलदार ने तीन दिवस में रोड हटाने का आदेश पारित किया। जिसके खिलाफ कमिश्नर के समक्ष अपील की गई। न्यायालय को बताया गया कि कमिश्नर ने यह कहते हुए कि अभी समय नहीं है अपील पर सुनवाई नहीं की, जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई है। सुनवाई पश्चात न्यायालय ने पाया कि एसडीएम का आदेश विधि संगत नहीं है। कोई भी कार्यवाही करने से पहले संबंधित तहसीलदार या पटवारी से प्रतिवेदन मंगवाना चाहिए था। लेकिन ऐसा नहीं किया गया। न्यायालय ने मामले में यथास्थिति के निर्देश देते हुए अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

हाईकोर्ट में अगली सुनवाई छह अक्टूबर को

छात्रसंघ चुनाव मामले में जवाब के लिये राज्य सरकार ने मांगी मोहलत

जबलपुर। विश्वविद्यालयाओं व महाविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव कराये जाने को लेकर मामले में राज्य सरकार की ओर से जवाब के लिए मोहलत मांगी है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने प्रार्थना स्वीकार करते हुए मामले की सुनवाई दो सप्ताह के लिये स्थगित कर दी। हाईकोर्ट में मामले की अगली सुनवाई 6 अक्टूबर को निर्धारित की गई है। यह मामला छात्र नेता अदनान अंसारी की ओर से दायर किया गया है। वरिष्ठ अधिवक्ता प्रकाश उपाध्याय ने पक्ष रखा। याचिका में प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव की पुनः बहाल किये जाने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि लिंगदोह समिति की सिफारिशों और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद 2017 से अब तक छात्रसंघ चुनाव नहीं कराए गए हैं। जबकि छात्रों से 250 प्रति वर्ष छात्रसंघ शुल्क लिया जा रहा है, लेकिन चुनाव नहीं कराये जाते है। पिछले कई सालों से छात्रसंघ चुनाव संपन्न नहीं हुए है, जो कि अनुचित है। मामले की पिछली सुनवाई पर न्यायालय ने विवि को शासन से स्ट्रंक्शन प्राप्त कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये थे।

खेल कैलेंडर बनाकर प्रतियोगिताएं आयोजित कराने के निर्देश

तीन चरणों में होगा सांसद खेल महोत्सव

जबलपुर। जिले में सांसद खेल महोत्सव 21 सितम्बर से 25 दिसम्बर के बीच तीन चरणों में ग्राम पंचायत विकास खण्ड और संसदीय क्षेत्र स्तर पर आयोजित किया जाएगा। खेल महोत्सव में शूटिंग व वॉटर स्पोर्टस के गेम भी आयोजित किया जाये। इसे एशियन गेम्स की तर्ज पर कराने के लिए खेल कैलेंडर बनायें और स्पोंसरशिप सुनिश्चित करने के निर्देश सांसद आशीष दुबे की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में दिये गये। इस दौरान कलेक्टर दीपक सक्सेना, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, अपर कलेक्टर मिशा सिंह, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक गहलोत, एडीएम नाथूराम गोंड सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे। इस अवसर पर सांसद दुबे ने कहा कि 21 सितम्बर से 25 दिसम्बर तक चलने वाले सांसद खेल महोत्सव पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का फोकस रहता है कि युवाओं को खेलों से जोड़ा जाये और परम्परागत खेलों के साथ नए खेलों से भी युवाओं को जोड़कर उनका बेहतर भविष्य सुनिश्चित किया जाये। कलेक्टर सक्सेना ने कहा कि परम्परागत खेलों की जगह ऐसे खेल जिससे युवाओं का कैरियर और ग्लेमर है, उसमें खेल प्रतिभाओं को तलाशें। पुलिस अधीक्षक उपाध्याय ने खेल व्यवस्थाओं के साथ कानून व्यवस्था और इसमें जन सहभागिता सुनिश्चित करने के साथ ही हर गांव को इस महोत्सव से जोड़ने को कहा।

खेल अधिकारी आशीष पांडे ने सांसद खेल महोत्सव के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देकर कहा कि 29 अगस्त को सांसद दुबे द्वारा सांसद खेल महोत्सव का सॉफ्ट लॉंच कर दिया गया है। 20 सितम्बर तक यूनिफाईड डेस्क बोर्ड पर खेल के रजिस्ट्रेशन होंगे और 21 सितम्बर से 25 दिसम्बर तक यह महोत्सव चलेगा। जिसमें परम्परागत खेल खो-खो, कबड्डी, दौड़, क्रिकेट, वॉलीबॉल आदि के साथ कैरियर मूलक खेल भी होंगे। इसमें प्रथम स्तर पर ग्राम पंचायत स्तर पर विजेता टीमों की विकासखंड स्तर पर खेल प्रतियोगिता होगी और फाइनल गेम जिला स्तर पर रानीताल स्टेडियम में आयोजित किया जायेगा।

शेल्टर होम, नसबंदी तथा वैक्सीनेशन में सपोर्ट देगा स्वयंसेवी संगठन

आवारा श्वानों से निपटने एनजीओ निगम के साथ

हरिभूमि जबलपुर।

आवारा श्वानों की समस्या को निपटाने हेतु जबलपुर की निजी संस्थाएं तथा एनजीओ ने शेल्टर होम नसबंदी तथा वैक्सीनेशन में नगर निगम का साथ देने का निर्णय लिया। इस हेतु ठोस कार्य योजना नगर निगम को साथ देने का निर्णय लिया। इस हेतु ठोस कार्य योजना नगर निगम बनाए, जो प्रदेश के दूसरे शहरों के लिए भी यह मॉडल मार्गदर्शक बन सके।

यह निर्णय शनिवार को नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के तत्वाधान में आयोजित श्वानों को पसंद करने वालें तथा एनजीओ की बैठक में लिया गया, बैठक में लगभग 10 एनजीओ, 15 श्वान प्रेमी एवं एक्टिविस्ट तथा विभिन्न निजी संस्थाओं के प्रतिनिधि ने अनेक सुझाव प्रस्तुत किए जिन्हें नगर निगम के साथ होने वाली आगामी बैठक के एजेंडा में शामिल किया जायेगा।

जल्द ही कार्ययोजना बनाई जाएगी

महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने आयोजित एनजीओ की बैठक के बावत शुभकामना देते हुए संदेश भेजा की आवारा श्वानों की समस्या को निपटने हेतु शीघ्र ही एनजीओ के साथ बैठक कर कार्ययोजना बनाई जाएगी। बैठक में डॉ पीजी नाजपांडे, रजत भार्गव, डॉ ओपी श्रीवास्तव, डॉ अभिजीत मुखर्जी, डॉ अमीर खान, डॉ नीलिमा शर्मा, मनीष कनौजिया, एड। सचिन मिश्रा, पूजा पांडे, वंदना ओझा, पूजा किरार, पूर्णिमा शर्मा, स्वाति सांघी, नीता चौबे, सतीश यादव, शुभम साहू, शिवा दुबे, अरुण केवट, लक्ष्मी हरदिया आदि नागिरिक प्रमुखता से उपस्थित थे।

देशव्यापी शांति मशाल रैली कल

जबलपुर। महाबाधि महाविहार मुक्ति आंदोलन के समर्थन में देशव्यापी शांति मशाल रैली 01 सितम्बर को शाम 06 बजे चन्द्रमणि बौद्ध विहार दमोहनाका पहुंचेगी, यहां बुद्ध विहार में धम्म देशना कार्यक्रम के उपरांत मशाल रैली चन्द्रमणि बुद्ध विहार से प्रारंभ होगी जो दमोहनाका, मिलौनीगंज, हनुमानताल, भानतलैया, घमापुर चौक से होते हुए आम्बेडकर चौक पहुंचकर संपन्न होगी। रैली को सफल बनाने की अपील एनके टेम्भूर्णे, अशोक रामटेके, सुनंदा पंचभाई, राजेश भोवरे, डोमाराव खातरकर, दीक्षा वानखेड़े, विजय ब्राम्हणे, दीपक वानखेड़े आदि ने की है।

जुलूस ए मोहम्मदी मार्ग का निरीक्षण करने अधिकारियों को निर्देश

विसर्जन स्थलों पर सभी इंतजाम सुनिश्चित किये जाएं

हरिभूमि जबलपुर।

गणेश अनंत चौदस पर प्रतिमाओं के विसर्जन और जश्ने ईद मीलादुन्नबी पर आयोजित किये जाने वाले जुलूस ए मोहम्मदी को लेकर एक तरफ जहां आयोजक अपनी तैयारियों में जुटे हैं। वहीं दूसरी ओर जिला व पुलिस प्रशासन ने भी व्यवस्थाओं के साथ साथ कानून व सुरक्षा व्यवस्था को कायम रखने की कवायद शुरु कर दी है। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया की गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन एक ही दिन अनंत चौदस में कराने के लिये समितियों को प्रेरित किया जाए। यहां गौरतलब है की पांच सितम्बर को 5 सितम्बर को जुलूस ए मोहम्मदी का आयोजन है वहीं 6 सितम्बर को अनंत चौदस पर गणेश प्रतिमाओं का जुलूस निकलेगा।

इसी सिलसिले में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर दीपक सक्सेना और पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने विसर्जन व्यवस्था व कानून व्यवस्था की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्व सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

जिला कलेक्टर दीपक सक्सेना ने नगर निगम और विद्युत विभाग व विसर्जन व्यवस्था में लगे सभी अधिकारियों को निर्देशित किया की जिन स्थानों पर परम्परागत रूप से प्रतिमाओं का विर्सजन किया जाता है, वहां पर सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के साथ साथ सुरक्षा के इंतजाम भी पुख्ता किये जाएं, ताकी किसी तरह की अनहोनी न हो सके। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को विसर्जन स्थल पर पर्याप्त साफ सफाई प्रकाश और रैलिंग के इंतजाम करने के निर्देश दिये।

जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों से कहा की जिले में धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश प्रभावशील है। लिहाजा डीजे के अनुचित प्रयोग और विधि विरुध्द किसी भी तरह की हरकत पर सख्त एक्शन लिया जाए।उन्होंने कहा की ईद मीलादुन्नबी पर निकाले जाने वाले जुलूस ए मोहम्मदी मार्ग पर भी साफ सफाई सुरक्षा और कानून व्यवस्था के इंतजाम करने के लिये शांति समिति की बैठक में आए सुझावों पर अमल करना सुनिश्चित करें।

इस दौरान कलेक्टर सक्सेना व एसपी उपाध्याय ने ईद मिलादुन्नबी की व्यवस्थाओं के संबंध में भी चर्चा कर कहा कि शांति समिति की बैठक के दौरान व्यवस्थाओं को लेकर जो सुझाव आये थे उनका अमल करना सुनिश्चित किया जाये। सभी संबंधित अधिकारी पिछले वर्षों की भांति तैयारियों का जायजा लें और व्यवस्था सुनिश्चित करें। बैठक में अपर कलेक्टर सुश्री मिशा सिंह, अपर कलेक्टर नाथू राम गौड़ सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

यातायात नियमों के उल्लंघन पर हुई चालानी कार्यवाही

जबलपुर। कलेक्टर दीपक सक्सेना एवं एसपी संपत उपाध्याय के निर्देशानुसार एसडीएम आधारताल, एसडीओपी आधारताल, राजस्व अमले व पुलिस बल के साथ मदन महल- दमोहनाका ओव्हर ब्रिज पर रील बनाने,हेलमेट नहीं पहनने तथा यातायात नियमों का पालन नहीं करने वालों पर चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही उन्हें यातायात नियमों के पालन करने को कहा गया।

स्मार्ट सिटी अस्पताल संचालक अमित खरे पर सीधा आरोप, पुलिस ने दर्ज किया प्रकरण

खबर छापने से बौखलाए गुंडो ने पत्रकार पर किया जानलेवा हमला!

हरिभूमि, जबलपुर।

शहर की पत्रकारिता को झकझोर देने वाली घटना में पत्रकार सुनील सेन पर शुक्रवार देर रात जानलेवा हमला हुआ। यह हमला किसी सड़क छाप गुंडों का नहीं बल्कि स्मार्ट सिटी अस्पताल के संचालक डॉ. अमित खरे के इशारे पर कराया गया बताया जा रहा है।

खबर दबाने के लिए मिली धमकियां

पीड़ित पत्रकार ने पुलिस को दिए बयान में कहा कि धर्मेंद्र यादव, बृजेश उपाध्याय और भाजपा नेता गुल्लन दुबे पिछले कई दिनों से दबाव बना रहे थे कि स्मार्ट सिटी अस्पताल की खबर मत चलाना। सच उजागर करने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी गई थी।

नीली स्विफ्ट में थे हमलावर, कट्टा लहराया

शुक्रवार रात करीब 1:20 बजे मेडिकल अस्पताल से लौटते वक्त पिसनहारी की मढ़िया पेट्रोल पंप के पास नीली स्विफ्ट कार ने पत्रकार की बाइक को घेर लिया। कार से उतरे चार बदमाश गालियाँ देते हुए बोले बहुत बड़ा पत्रकार बनता है, दस बार फोन किया, नहीं समझता। इसके बाद

डंडे और मुक्कों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। पीड़ित के अनुसार हमलावरों के पास देसी कट्टा भी था और वे जान से मारने की नीयत से आए थे।

गंभीर हालत में भर्ती, दर्ज हुआ प्रकरण

हमले में पत्रकार सुनील सेन को सिर और हाथ में गंभीर चोटें आईं, उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर भीड़ जुटते ही हमलावर मेडिकल की ओर भाग निकले। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों पर प्रकरण दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

डॉ. खरे पर सीधे आरोप, पुलिस की जांच तेज

सुनील सेन ने साफ कहा है कि यह हमला डॉ. अमित खरे के इशारे पर हुआ क्योंकि उन्होंने अस्पताल घोटालों को उजागर किया। पुलिस सूत्रों ने भी माना है कि प्राथमिक जांच में डॉ. खरे से विवाद की कड़ी सामने आई है।

कलमवीर संगठन ने जताया रोष

पत्रकार सुनील सेन पर जानलेवा हमले को लेकर कलमवीर संघर्ष संगठन ने पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक गिरीश पाण्डे और राष्ट्रीय अध्यक्ष मयंक तिवारी ने मुख्यमंत्री से इस गम्भीर मुद्दे पर कड़ी कार्यवाही की मांग की है। संगठन के प्रदेश संयोजक सुनील साहू और प्रदेश अध्यक्ष शुभम शुक्ला ने इस घटना पर कड़ी आपत्ति जताते हुए पत्रकार पर हुए हमले की निंदा की है। उन्होंने इस मामले में पत्रकारों की सुरक्षा और माफियों पर लगाम लगाने सरकार से मांग की है। संगठन के राष्ट्रीय महासचिव विवेक यादव, कोषाध्यक्ष संजय साहू, प्रदेश महासचिव विनोद मिश्रा, योगेश सोनी, रमेश मिश्रा, सुधीर खरे, सत्यजीत यादव, हर्षित चौरसिया, ओम प्रकाश पाल, जिला अध्यक्ष सुजन शुक्ला, राहुल पाण्डेय, रघुनन्दन शुक्ला, अनूप रॉबिन सहित संगठन के सदस्यों ने प्रशासन से उचित कार्रवाई की मांग की है।

राजस्व अधिकारियों की बैठक में दिए आवश्यक निर्देश

तालाबों का सीमांकन करे और मुनारा लगाएं : कलेक्टर

जबलपुर। कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्टर सभागार में राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान अपर कलेक्टर सुश्री मिशा सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्री अभिषेक गहलोत, एडीएम नाथूराम गोड सहित सभी राजस्व अधिकारी मौजूद थे। बैठक में उन्होंने राजस्व संबंधी विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व रिकॉर्डों की स्कैनिंग शुरू हो जाए। फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा पर उन्होंने इस दिशा में कम प्रगति लाने वाले छह पटवारियों के वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश भी दिए। बैठक में विशेष रूप से तहसील वार नामांतरण, बटवारा, सीमांकन व वसूली की स्थिति समीक्षा की गई। सीमांकन की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि जिले में जितने भी तालाब हैं, उनके सीमांकन के लिए दल बनाएं और सीमांकन कर मुनारा या स्थाई चिन्ह बनाएं। यदि कोई मुनारा को हटाता है तो उनके विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई किया जाए। कलेक्टर श्री सक्सेना ने सभी राजस्व अधिकारियों से कहा कि वे राजस्व न्यायालय परिसर का सतत निरीक्षण करें, एजेंटों और दलालों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई करें। बैठक में इसके अलावा धारणाधिकार, प्रधानमंत्री मंत्री किसान सम्मान निधि, अवैध कालोनियों के रिपोर्ट, सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण आदि पर विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

गणेशोत्सव पर चौतरफा गूंज रहे गणपति बप्पा के जयकारे

पार्वती नंदन श्री गणेश का हो रहा घर-घर वंदन

जबलपुर। प्रथम पूज्य, विघ्नहर्ता, सिद्धि विनायक भगवान श्री गणेश का 11 दिवसीय जन्मोत्सव का पर्वकाल श्री गणेश की प्रतिमा स्थापना के साथ शुरु हो गया है। घर-घर विराजे गजानन का गुणगान चारों तरफ सुनाई दे रहा है। गणेशोत्सव के इस पर्व में संस्कारधानी धर्ममय नजर आ रही है। सुबह-शाम श्रद्धालुजन उनके जयकारें लगा रहे है। 11 दिन तक चलने वाले पर्व को लेकर बच्चों से लेकर बड़ों तक में अपूर्व उत्साह देखा जा रहा है।

घरों के अलावा नगर के अनेक सार्वजनिक स्थानों में भगवान श्री गणेश की मनोहारी प्रतिमाओं की स्थापना की जाती है। नगर में प्रतिमा स्थापना का क्रम शुरु हो गया है और जहां प्रतिमा की स्थापना की जा रही है, वहां गणेशोत्सव समिति के कार्यकर्ता पंडालों को अंतिम रुप देने में जुटे हुए हैं।

श्री गणेश मंदिरों में विविध अनुष्ठान

गणेशोत्सव के इस पर्व में नगर के श्री गणेश मंदिरों में आकर्षक विद्युत साज-सज्जा के बीच विविध धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जा रहे हैं। मंदिरों में श्री गजानन के दर्शनार्थ श्रद्धालुओं की भीड़ दिखाई देने लगी है। पूजा-अर्चना के अलावा सहस्त्रार्चन, अभिषेक, गणपति संकट नाश स्त्रोत, अथर्व शीर्ष के सहस्त्राधिक पाठ आयोजित किए जा रहे हैं।

श्री सुप्तेश्वर गणेश मंदिर

श्री सुप्तेश्वर मंदिर एकता विहार रतन नगर में गणेशोत्सव पर्व शुरु हो गया हैं। यहां अखंड रामायण पाठ के अलावा प्रतिदिन सांयकाल महाआरती की जा रही है। इसके अलावा विविध अनुष्ठान, प्रतियोगिताएं आदि का भी आयोजन किया जा रहा है।

महाराष्ट्र स्कूल में गणेश उत्सव

महाराष्ट्र स्कूल में चतुर्थी के दिन विधि विधान और पूजा अर्चना के साथ भगवान श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई। यहां पिछले 127 वर्षों से गणपति जी की प्रतिमा की स्थापना महाराष्ट्र समाज द्वारा की जा रही है। इस वर्ष महाराष्ट्र समाज के गणेश उत्सव में युवापीढ़ी विविध आयोजन कर रही है।

मप्र आदिवासी कांग्रेस कमेटी ने आदिवासी शास. कन्या छात्रावास का किया निरीक्षण

जबलपुर। मध्यप्रदेश आदिवासी कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामू टेकाम के निर्देश पर शहर जिला कांग्रेस आदिवासी विभाग अध्यक्ष धीरेन्द्र संजू ठाकुर ने गौर, कटियाघाट स्थित आदिवासी शासकीय कन्या छात्रावास का निरीक्षण किया। इस दौरान छात्रावास के किचन और बाथरूम में अव्यवस्थाएं पाई गईं। बच्चियों के नहाते वक्त कर्मचारियों द्वारा छिपकर देखे जाने की जानकार विभाग को लगी जिस पर विभाग ने छात्रावास में पुरुष कर्मचारियों की नियुक्ति पर सवाल उठाए। साथ ही अधीक्षक को हिदायत दी गई कि निकट भविष्य में किसी भी प्रकार की अनियमितताएं पाई जाती हैं तो आदिवासी कांग्रेस उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी। इस दौरान धीरेन्द्र संजू ठाकुर, नीलेश बरकड़े, दीपेन्द्र मरकाम, दीपक विश्वकर्मा एवं छात्राओं के परिजन उपस्थित रहे।

नृत्य प्रतियोगिता आज, गणपति उत्सव में उमड़ा जनसैलाब

जबलपुर। शहर मध्य स्थित चेरीताल वार्ड के सरस्वती गार्डन में प्रतिवर्ष होने वाले विशाल गणपति उत्सव की तैयारियां पूर्ण हो चुकीं है। आज 1 वर्ष से 10 वर्ष तक के बालक बालिकाओं की फैंसी ड्रेस एवं नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। एकदंत की स्थापना के साथ ही सरस्वती गणेश उत्सव समिति ने प्रातः और सायंकाल आरती के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन की जानकारी दी। उत्सव में मॉर्निंग इवनिंग वाकर के साथ समिति के सौरभ दुबे, शिवम नेमा, जोगेश विश्वकर्मा, हर्षित जैन, सचिन श्रीवास्तव, सौरभ सोनी, हर्षित सोंधिया, आयुष पाठक, नीरज शर्मा, सनी पटेल, चंद्रमोहन सिंह, मितवा शर्मा, सन्नी पाटिल, अमिय यादव, संजय साहू ने अपने अपने दायित्वों को पूर्ण कर लिया है। कार्यक्रम का आयोजन श्री इंदरप्राइजेज की तरफ से किया जा रहा है। पूरे पार्क में साज सज्जा के साथ हो रहे विशेष पूजन ने गणपति उत्सव को और भी भव्य बना दिया है। गणपति दर्शन के लिए उमड़ रही भीड़ को नियंत्रित करने के लिए महिला और पुरुष श्रद्धालुओं की अलग अलग पंक्ति बनाई गई है। शाम होते ही वालंटियर अपनी व्यवस्था में तैनात हो जाते है।प्रसाद वितरण और आरती के वक्त सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन हो इस हेतु आवागमन के बड़े गेट और चौड़े मार्गों का निर्धारण किया गया है।

डॉ. अरुण मिश्रा बने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष

जबलपुर। केंद्रीय मानवाधिकार संगठन-नई दिल्ली के संस्थापक मिलिंद दहीवले ने जबलपुर के डॉ. अरुण मिश्रा को वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया। इस अवसर पर विक्रम गौतम, के.के. शुक्ला, दीपांशु शुक्ला, सरदार बलराज सिंह, योगेंद्र मालवीय, यदुवंश मिश्रा, संजय शुक्ला, संध्या दुबे, वनिता मालवीय, मिथिलेश तिवारी, अरुण तिवारी सहित अनेक पदाधिकारियों व इष्टमित्रों ने शुभकामनाएं दीं।

श्री राम ग्रुप द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन

जबलपुर। श्री राम इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एवं इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर (इंडिया) के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन 30 अगस्त 2025 को श्री राम कॉलेज परिसर के ऑडीटोरियम हॉल में किया गया। यह अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी द एआई रिवोल्यूशन : रीडेफिनिंग "ग्लोबल प्रोग्रेसेस" विषय पर आयोजित की गई थी। इस संगोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. भारतेंदू के. सिंग (डायरेक्टर-ट्रिपल आईटीडीएम, जबलपुर) एवं डॉ. वंदना भारती (आईआईटी धारवाड) एवं विशिष्ट अतिथि चेयरमेन आर. करसोलिया ने माँ सरस्वती देवी के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया। तत्पश्चात कॉलेज प्रबंधन ने पधारे अतिथियों का शाल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. भारतेंदु के. सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए एआई की वर्तमान समय में उपयोगिता और उद्योग के क्षेत्र में अपनी कार्यशैली से आमजन को कैसे प्रभावित कर रहा है, उन्होंने कहा कि यदि समय का सही विभाजन अपने जीवन में किया जाए तो सफलता को शीघ्र प्राप्त किया जा सकता है। साथ ही डॉ. वंदना भारती ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि एआई अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़ चुका है एवं भविष्य में इसके बिना किसी भी क्षेत्र में प्रगति नहीं की जा सकती। इस अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान विषय विशेषज्ञों एवं कॉलेज के ग्रुप डायरेक्टर डॉ. एलके पटेल, डायरेक्टर डॉ. योगेश मोहन दुबे, प्राचार्य डॉ. शैलेष गुप्ता, डॉ. समीर वैद्य, डॉ. अविनाश गौर, प्रो. निधि मिश्रा, डॉ. नाजनीन दुबे, डॉ. रीतेश यादव, डॉ. अरुण पटैल, डॉ. भरत सोलंकी, डॉ. आशीष गुप्ता, डॉ. प्रशांत शर्मा, डॉ. सपना जैन चौधरी उपस्थित रहे।

सीजीएचएस की बैठक सम्पन्न

जबलपुर। केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) डिस्पेंसरी 4 के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आरपी रावत की अध्यक्षता में नगर के सीनियर्स सिटीजनों के विभिन्न संगठनों के सलाहकार प्रतिनिधि अरविंद पटेल, अनिल शुक्ला, गुरमुख दास, दिलीप कुंडे, किशन लाल, अर्जुन सिंह की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। सलाहकार प्रतिनिधियों ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ आर पी रावत के साथ डिस्पेंसरी परिसर की साफ सफाई व बैठक व्यवस्था का निरीक्षण करने के बाद संतोष प्रकट किया डॉ आर पी रावत ने पिछली बैठक के मुद्दों की समीक्षा कर, कार्यवाही से अवगत कराया जिससे सलाहकार प्रतिनिधियों ने सराहनीय कार्य निरूपित किया। वही सलाहकार प्रतिनिधियों ने होम्योपैथी डॉ की अनुपस्थिति की वजह से होम्योपैथी दवाइयां न मिलने पर अफसोस जताया। इस विषय पर डॉ आर पी रावत ने शीघ वैकल्पिक व्यवस्था के लिये मुख्यालय को अवगत कराएं जाने का आश्वासन दिया। चर्चा के दौरान ऐसा भी एक मामला प्रकाश में आया है कि अधिकृत हॉस्पिटल में भर्ती मरीज से इलाज,ऑपरेशन के दौरान नगद रकम ली गई है। अनिल शुक्ला ने बताया कि इस मासिक बैठक में डिस्पेंसरी में मेडिसन सप्लायर प्रतिनिधि पंकज नवाठे की उपस्थिति उल्लेखनीय रही वही बैठक व्यवस्था में डिस्पेंसरी स्टाफ के मनोज कुमार, प्रदीप सिंह, लव डांगी, आनन्द कुमार, रवि कुमार, गोपाल भट्ट, हेमराज आर्मो, रंजना का सराहनीय योगदान रहा।

अपोलो में शीघ्र शुरु होगी रोबोटिक सर्जरी

जबलपुर। अपोलो हॉस्पिटल जबलपुर में शीघ्र ही अत्याधुनिक तकनीकियों से लैस रोबोट द्वारा विभिन्न प्रकार की सर्जरी जल्द प्रारंभ होगी। हॉस्पिटल की सीईओ डॉ. शांति बी. ने यहां पत्रकारों से चर्चा कर बताया कि प्रतिष्ठित एसएसआई (इंटरनेशनल सर्जिकल रोबोट) का लाइव डेमो और हैंड्स-ऑन अनुभव 29 से 31 अगस्त 2025 तक अपोलो जेबीपी हॉस्पिटल्स, जबलपुर में उपलब्ध रहेगा।

साथ ही, रोबोटिक सर्जिकल सेवाएं अपोलो जेबीपी हॉस्पिटल्स, जबलपुर में 1 नवम्बर 2025 से मरीजों के लिए प्रारम्भ होंगी। इन सेवाओं का संचालन सीनियर रोबोटिक सर्जन डॉ. गणेश गोर्थी के मार्गदर्शन में किया जाएगा। डॉ. गोर्थी क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय रोबोटिक सर्जिकल कॉन्फ्रेंसेज़ में नियमित आमंत्रित फैकल्टी रहे हैं तथा अमेरिका, फ्रांस और रूस जैसे देशों में अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंसेज़ में अपनी कई सर्जरी प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त कर चुके हैं। डॉ. गणेश गोर्थी ने बताया कि पारंपरिक लैप्रोस्कोपिक एवं ओपन सर्जरी की तुलना में रोबोटिक सर्जरी के अधिक फायदे हैं यह अत्यधिक सटीकता के साथ होती है और आसपास के अंगों को नुकसान होने का खतरा कम होता है। अधिक लचीले एवं उन्नत उपकरणों से मरीजों को बेहतर परिणाम मिलने की संभावना रहती है।

भगवान श्रीसुप्तेश्वर गणेश मंदिर में गणेश पर्व पर दिख रहा धार्मिक उत्साह

हरिभूमि जबलपुर।

भगवान श्री सुप्तेश्वर गणेश मंदिर में श्री गणेश जी के पावन पर्व पर चतुर्थ दिवस प्रातःकाल से अभिषेक, पूजन, वस्त्र अर्पण, माल्यार्पण, अथर्व शीर्ष पाठ, आरती, प्रसाद, कार्यक्रम सानंद सम्पन्न हुये। रात्रि 7.15 बजे महाआरती एवं प्रसाद, भजन संध्या का कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से आनंद पूर्वक सम्पन्न हुआ।

30 अगस्त को प्रातः 10 बजे से भगवान श्री सुप्तेश्वर गणेश जी का पूजन, अथर्व शीर्ष पाठ प्रतिभा-अनुपम पाण्डे द्वारा, आरती, प्रसाद, वस्त्र अर्पण ममता भाटिया द्वारा, माल्यार्पण एवं सायं 7.15 बजे महाआरती का आयोजन श्री सुप्तेश्वर विकास समिति द्वारा श्रद्धा एवं भक्ति से आयोजित किया गया। महाआरती के उपरान्त प्रसाद वितरण किया गया। प्रसाद यजमान प्रतिभा-अनुपम पाण्डे द्वारा वितरण किया गया। श्री सुप्तेश्वर गणेश मंदिर में भव्य रूप से प्रातः 10 बजे से रात्रि 12 बजे तक सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में श्री गणेश जी का पर्व धार्मिक उत्साह एवं भक्तिमय आनंद से मनाया जा रहा है। सभी गणेश भक्तों एवं श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धार्मिक आयोजनों का आनंद एवं धर्म लाभ लेने का आग्रह आयोजकों ने किया है।

श्री सोनू बेन- रामपुर आजाद चौक निवासी श्री जानकी प्रसाद बेन के पुत्र श्री सोनू बेन का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री अशोक शुक्ला- माढ़ोताल ग्रीन सिटी रोड मां कृपा परिसर निवासी श्री अशोक शुक्ला (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

श्री अरूण कुमार निगम- राइट टाउन निवासी श्री अरूण कुमार निगम (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री मदन लाल- गोरखपुर निवासी श्री मदन लाल (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्री अशोक कुमार श्रीवास्तव- गोरैया प्लाट आमनपुर मदनमहल निवासी श्री अशोक कुमार श्रीवास्तव (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती यशोदा बाई कोरी- वल्दी कोरी की दफाई सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री दशरथ प्रसाद कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती यशोदा बाई कोरी (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री नारायण सिंह- चंदन कॉलोनी गंगानगर गढ़ा निवासी श्री नारायण सिंह (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती निर्मला सोनी- साठिया कुआं सराफा निवासी श्री मुन्ना लाल सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती निर्मला सोनी (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती कुसुम चौधरी- मांडवा छापर रामपुर निवासी श्री सोने लाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती कुसुम चौधरी (105) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री भोला पासी- भानतलैया विद्यापीठ स्कूल के पीछे निवासी भोला पासी (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती शांति बाई चौरसिया- महाराजपुर निवासी श्री मैथली शरण चौरसिया की धर्मपत्नी श्रीमती शांति बाई चौरसिया (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री सीताराम सोनी- ब्यौहार बाड़ा साठिया कुआं के पास निवासी श्री सीताराम सोनी (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री गनेश प्रसाद खरे- साहिब परिसर यादव कॉलोनी निवासी श्री गनेश प्रसाद खरे (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री तेजस भाई पटेल- गंगामैया व्हीकल निवासी श्री सुरेश भाई पटेल के पुत्र श्री तेजस भाई पटेल (27) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्रीमती हीरा देवी खरे- त्रिपुरी चौक गढ़ा निवासी श्री आरपी खरे की धर्मपत्नी श्रीमती हीरा देवी खरे (94) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री राम अवतार मौर्या- सालीवाड़ा गौर निवासी श्री राम अवतार मौर्या (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्रीमती विमला दुबे- स्नेह नगर कमला नेहरू वार्ड निवासी श्री चंद्र नारायण दुबे की धर्मपत्नी श्रीमती विमला दुबे (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि बिजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 10x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 10x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362160

ग्राम पंचायत छेड़ी समग्र पोर्टल से गायब

भेड़ाघाट। जनपद पंचायत पाटन की ग्राम पंचायत छेड़ी समग्र पोर्टल से अचानक गायब हो गई है। ग्राम छेड़ी, इमलिया और बरखेड़ा के लोग सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। हाल ही में आंगनवाड़ी सहायिका की भर्ती में ग्राम की महिलाओं के फॉर्म ग्राम पंचायत दर्ज न होने के कारण रिजेक्ट हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि समग्र पोर्टल पर छेड़ी की जगह श्रलोदा का नाम दिख रहा है। पंचायत सचिव से पूछने पर कोई जवाब नहीं मिला। ग्रामवासियों ने जल्द जांच की मांग की है और सचिव पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

50 वर्ष पुराना पैतृक मकान जेसीबी से गिराया

मझंगवा (सरौली)। स्थानीय बाजार क्षेत्र में एक बड़ा मामला सामने आया है, जहाँ अनुसूचित जाति वर्ग की महिला मीना दाहिया पत्नी उमाकांत दाहिया के 50 वर्ष पुराने पैतृक मकान को बिना किसी न्यायालयीय आदेश और नोटिस के अवैध रूप से जेसीबी मशीन से गिरा दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह कार्रवाई महंत जगदीश दास उर्फ गुड्डू महाराज की सहमति से मनीष तिवारी पिता भगवान दास तिवारी द्वारा करवाई गई। मकान को गिराने के लिए जेसीबी मालिक राजेश गुप्ता पिता कन्हैया लाल गुप्ता की जेसीबी मशीन का उपयोग किया गया। मीना दाहिया ने आरोप लगाया है कि उनके मकान में रखा कीमती सामान जैसे सोफा सेट, खिड़की, दरवाजे और अन्य घरेलू सामग्री को भी लूट लिया गया। घटना के बाद से पीड़ित परिवार को लगातार धमकाया जा रहा है। मीना दाहिया ने मझगवा पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई, लेकिन आरोप है कि अब तक संबंधित आरोपियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इससे पीड़ित परिवार में भय और आक्रोश व्याप्त है। पीड़िता मीना दाहिया ने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाते हुए दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

मन्नूलाल जगन्नाथ अस्पताल में रोगी का बड़ा ब्रेन ट्यूमर निकाला

जबलपुर। एक रोगी को चक्कर और सुनने में समस्या के कारण मन्नू लाल जगन्नाथ ट्रस्ट अस्पताल में भर्ती किया गया था।

नाम सुधार सूचना

मैं RISHEK MITTAL उम्र 19 वर्ष S/O BRIJESH MITTAL मेरे पासपोर्ट नं.K5915190 में मेरा नाम RISHIK MITTAL लिखा हुआ है जो कि बदल कर RISHEK MITTAL कर लिया है जो मेरे आधार, पेन और 10th की अंकसूची में दर्ज है अतः मुझे मेरे नए नाम RISHEK MITTAL से जाना पहचाना जाए।
नया नाम-RISHEK MITTAL
पुराना नाम-RISHIK MITTAL
पता-83 NARMADA ROAD, NEAR MITTAL GAS COMPANY, JABALPUR

CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH

I, RAJVIRI name of mother as per her aadhar card) mother of ARMY NO 17015407M RANK HAV NAME MONU KUMAR R/O VILL- MAMUPUR, URF DEDWA POST-LAWAR, TEHSIL- SARDHANA, DISTT- MEERUT (U.P.) 250222 I, have changed my name and date of birth from name RAJVIR DEVI and date of birth 07/03/1961 (name and date of birth as per my son army service records) to name RAJVIRI and date of birth 01/01/1955 (Name and date of birth as per my AADHAR CARD) vide affidavit dated 30/08/2025 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).
CORRECT NAME-RAJVIRI
INCORRECT NAME-RAJVIRI DEVI
CORRECT DATE OF BIRTH-01/01/1955
INCORRECT DATE OF BIRTH-07/03/1961

1975 में रिलीज हुई जय संतोषी मां फिल्म से जागी आस्था

50 वर्षों से गणेश पर्व में स्थापित हो रही माता की प्रतिमा

हफीज़ खान ⏭ राजनांदगांव

गणेश पर्व के दौरान भगवान गणेश की प्रतिमा विराजित करने की परंपरा होती है, लेकिन राजनांदगांव शहर के दुर्गा चौक में भगवान गणेश नहीं बल्कि माता संतोषी की प्रतिमा स्थापित होती है। जिसके पीछे आज से लगभग 50 वर्ष पहले आई फिल्म जय संतोषी मां प्रतिमा स्थापना के लिए प्रेरणा साबित हुई। इस फिल्म से दुर्गा चौक में होटल व्यवसाय करने वाले माता संतोषी के भक्त कार्तिक बाबा की ऐसी आस्था जागृत हुई कि उन्होंने गणेश पर्व में माता संतोषी की प्रतिमा स्थापित करने का सिलसिला शुरू कर दिया।

अलग खबर

प्रतिदिन होता है सेवा भजन

इस पूजा पंडाल में प्रतिदिन रात्रि में माता संतोषी की सेवा भजन होती है बीते कुछ वर्षों से इस पंडाल में भगवान गणेश के प्रतिमा भी स्थापित की जाती है, हालांकि यह प्रतिमा काफी छोटी होती है। पहली बार स्थापित हुई माता संतोषी के प्रतिमा शहर के प्रसिद्ध मूर्तिकार वासुदेव कालेश्वर ने बनाई थी। तब से माता की एक ही स्वरुप में प्रतिमा यहां स्थापित की जा रही है।

स्वर्ण जयंती महोत्सव

इस वर्ष मां संतोषी उत्सव समिति द्वारा अपनी स्थापना काल की स्वर्ण जयंती मनाई जा रही है। जिसमें शुक्रवार को माता के विशेष दिवस पर महाआरती, भजन संध्या, सुन्दरकाण्ड, हनुमान चालीसा पाठ, प्रसादी वितरण, 56 भोग जैसे कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

1976 से हो रही स्थापना

कानन कौशल और बेला बोस अभिनीत फिल्म जय संतोषी मां 30 मई 1975 को रिलीज हुई थी। इस फिल्म की कहानी से माता संतोषी के प्रति लोगों में गहरी आस्था बन गई थी। लोग इतने प्रभावित हो गए थे कि थिएटर के परदे पर भी रुपए चढ़ाते थे। जो लोग पर्दे तक नहीं पहुंच पाते थे, वह दूर से ही सिक्के फेंकते थे। इस फिल्म के गाने राष्ट्रकवि प्रदीप ने लिखे थे। वार्ड की नागरिक 82 वर्षीया हेमलता और 75 वर्षीय प्रकाश चंद्र यादव ने इस पूजा पंडाल के इतिहास को लेकर बताया कि शहर के श्रीकृष्ण टॉकीज में प्रदर्शित हुई इस फिल्म के बाद वर्ष 1976 में कार्तिक बाबा ने यहां गणेश पर्व में माता संतोषी के प्रतिमा स्थापित की।

नारियल अर्पण करने उमड़ती थी भीड़

फिल्म की वजह से संतोषी माता के भक्तों की संख्या बढ़ चुकी थी। यहां पूजा पंडाल में माता संतोषी की प्रतिमा स्थापित होते ही श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला भी शुरू हो गया था। खासकर शुक्रवार को सैकड़ों ग्रामीण इस पंडाल में पहुंचकर माता को नारियल अर्पण करते थे। बताया जाता है कि तब वार्ड के लोगों ने एक साथ पहली बार इतना नारियल देखा था।

नासा ने की शेयर

बाईं ओर नेपच्यून और दाईं और उसका बड़ा चंद्रमा ट्राइटन दिखाई दे रहा

वॉयजर 2 ने 4.7 अरब किमी की दूरी से खींची थी सौरमंडल की तस्वीर

वॉशिंगटन। 36 साल पहले नासा के वॉयजर 2 अंतरिक्ष यान ने बाहरी सौरमंडल से अपनी आखिरी तस्वीर खींची थी। वॉयजर 2 ने यह तस्वीर बाहरी सौर मंडल की अपनी ऐतिहासिक यात्रा के दौरान खींची थी, जिसे नासा ने अब साझा किया है। इस तस्वीर को 28 अगस्त 1989 को धरती से 4.7 अरब किलोमीटर से भी अधिक की दूरी से लिया गया था, जिसमें बाईं ओर नेपच्यून और दाईं और उसका बड़ा चंद्रमा ट्राइटन दिखाई दे रहा है। इस तस्वीर के बाद अंतरिक्ष यान के कैमरों को स्थायी रूप से बंद कर दिया, जिसने इस तस्वीर को ऐतिहासिक बना दिया।

आखिरी तस्वीर में क्या था खास

वॉयजर 2 की आखिरी तस्वीर नेपच्यून और उसके रहस्यमय चंद्रमा ट्राइटन पर केंद्रित थी। तस्वीर खींचते समय दोनों पिंडों के सूर्य से प्रकाशित हिस्से यान से दूर थे। यह दृश्य एक भयावह रूप ले रहा था, क्योंकि यान नेपच्यून की कक्षा से दूर अंधेरे में आगे बढ़ रहा था। वैज्ञानिकों के लिए यह एक महत्वपूर्ण क्षण था। इसने वॉयजर 2 के ग्रहों की नजदीकी खोज का केवल अंत नहीं किया, बल्कि अध्ययन के एक नए चरण की शुरुआत भी की।



क्यों बंद किए गए वॉयजर 2

इसके बाद वॉयजर-2 इंटरस्टेलर स्पेस में अपनी लंबी यात्रा पर चला गया था। यह तस्वीर वॉयजर 2 की आखिरी तस्वीर बन गई। इसके तुरंत बाद नासा ने अंतरिक्ष यान की ऊर्जा को बचान के लिए ऑप्टिकल कैमरे बंद कर दिए। इस फैसले ने वॉयजर 2 को अन्य डेटा भेजने के लिए सक्रिय रखा, क्योंकि दूरी के साथ इसकी ऊर्जा आपूर्ति कम होती जा रही थी। नेपच्यून के पास से गुजरना यान के निर्णायक क्षणों में से एक माना जाता है।

चारों बाहरी ग्रहों का दौरा

1977 में लॉन्च किया गया वॉयजर 2 एकमात्र ऐसा अंतरिक्ष यान था जिसने चारों बाहरी ग्रहों बृहस्पति, शनि, यूरेनस और नेपच्यून का भव्य दौरा पूरा किया। जब भी यह इन ग्रहों के पास से गुजरा, इसने अभूतपूर्व नजदीकी तस्वीरें और वैज्ञानिक आंकड़े दिए, जिसने सौरमंडल के बारे में हमारी समझ में नया आयाम दिया। बृहस्पति के विशाल लाल धब्बे से लेकर, शनि की छल्लों, यूरेनस की झुकी हुई धुरी और नेपच्यून की सुपरसोनिक हवाओं तक, वॉयजर 2 ने कई नई खोजें की। इसके साथ एक और अंतरिक्ष यान वॉयजर 1 को भी लॉन्च किया गया था, जिसे अक्सर वॉयजर 2 का जुड़वा कहा जाता है। हालांकि, वॉयजर 1 ने अलग रास्ता अपनाया और सौरमंडल से बाहर जाने से पहले केवल बृहस्पति और शनि का ही दौरा किया।

108 का टेंडर फिर विवादों में, बयाना 50 लाख से 10 करोड़! छोटी कंपनियां बाहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

डायल 108 के लिए सीजीएमएससी द्वारा जारी किए गए टेंडर पर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। 2 माह पूर्व जहां विभाग द्वारा आरोप लगने के बाद टेंडर को निरस्त करना पड़ा था वहीं एक बार फिर से जारी नए टेंडर पर विवाद खड़ा हो गया है। डायल 108 के टेंडर और विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर इस बार प्रधानमंत्री कार्यालय में भी शिकायत की गई है। जनसेवा मोर्चा संस्था ने अपनी शिकायत में इस बात का उल्लेख किया है कि सीजीएमएससी द्वारा अपनी किसी खास कंपनी को काम सौंपने के लिए टेंडर को उनके अनुरूप बनाया गया है। आरोप है कि द्वितीय चरण में आमंत्रित निविदा में संशोधन केवल उन्हीं बिंदुओं पर किए गए, जिनसे एक खास संस्था को सीधा लाभ मिले जबकि अन्य सुझावों को सिरे से नकार दिया गया। नए नियम पूर्ववर्ती 2019 के टेंडर दस्तावेजों और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के दिशा-निर्देशों से स्पष्ट रूप से भिन्न है। इसके कारण तकनीकी रूप से सक्षम, लेकिन सीमित संसाधनों वाले छोटे संगठन

नए नियम-शर्तों के कारण टेंडर से बाहर हो गए हैं।

बदले गए तकनीकी मापदंड

टेंडर में ऐसे तकनीकी मूल्यांकन मापदंड शामिल किए गए हैं, जो स्पष्ट रूप से एक संस्था को लाभ देने के लिए निर्मित किए गए प्रतीत होते हैं। विभाग पर आरोप लग रहे हैं कि निविदा में 10 करोड़ की ईएमडी अर्थात अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट तय किए जाने के कारण छोटी कंपनियां दौड़ से ही बाहर हो गई है। 2019 में यही राशि 50 लाख थी। इतनी अधिक राशि ईएमडी के रूप में मांगे जाने से छोटे व मध्यम बोलीदाता टेंडर प्रक्रिया में हिस्सा ही नहीं ले पाएंगे। ऐसे बोलीदाता, जिनका वार्षिक टर्नओवर सलाना कुछ करोड़ के आसपास है, वे प्रत्येक निविदा में 10 करोड़ की राशि अनिश्चित काल के लिए कैसे जमा कर सकते हैं?

बस्तर के सरगीगुड़ा में इतना तेज बरसा पानी कि 500 मीटर ऊंचा पहाड़ हो गया समतल

जगदलपुर। बस्तर जिला लोहंडीगुड़ा ब्लॉक की लालगुड़ा पंचायत के अंदरूनी क्षेत्र सरगीगुड़ा में बारिश से भू-स्खलन होने के बाद सरगीगुड़ा पहाड़ समतल हो गया। ग्रामीणों के अनुसार बुधवार को तेज बारिश के चलते 500 मीटर ऊंचा सरगीगुड़ा पहाड़ बह गया, जिससे बड़े-बड़े पत्थर गिरे, लेकिन गांव की आबादी लगभग 300 मीटर दूर होने के चलते कोई जनहानि नहीं हुई। इसकी जानकारी ग्रामीणों ने वन विभाग को दी, विभाग के मैदानी कर्मचारी स्थल पर पहुंचे तो पता चला कि सरगीगुड़ा पहाड़ समतल हो गया है। बताया जा रहा है कि यह पहाड़ लगभग 5 एकड़ में था, साथ ही बास्तानार पहाड़ में भी भू-स्खलन हुआ है। यहां कुछ घंटे आवागमन प्रभावित रहा। विभाग के मैदानी कर्मचारियों ने दोनों पहाड़ का सर्वे करने जुटे हुए है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, बालाघाट जिला-बालाघाट (म.प्र.) 481001

दूरभाष /फेक्स क्रमांक 07632-241318/247101 एवं ईमेल cmobalaghat@mpurban.gov.in

क्रमांक/स्वा./ई-निविदा/2025/6771 बालाघाट, दिनांक 29/08/2025

// निविदा-सूचना //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद बालाघाट द्वारा निम्नांकित सामग्री क्रय करने/सेवाँए प्रदाय करने हेतु पंजीकृत संविदाकारो / पंजीकृत संस्थाओं से वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है -

क्र.	टेंडर आई.डी.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	मात्रा	कार्य अवधि
1	2025_UAD_442370_2	आवारा कुत्तो का बधियाकरण एवं ऐंटी रेबिज टीकाकरण कार्य	10 लाख	25 हजार रूपए मात्र।	2000/-	आवश्यकता नुसार	कार्यालयीन आदेशानुसार

नोटः- निविदा से संबंधित समस्त जानकारी एवं निविदा की शर्तें ऑनलाईन पोर्टल www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है एवं निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का संशोधन केवल उक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

(बी.डी. कतरोलिया)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर पालिका परिषद बालाघाट, जिला-बालाघाट

कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा, जिला- रीवा (म.प्र.)

क्रमांक-798/ई-टेंडर/न.पा.नि./2025 **//निविदा सूचना //** रीवा, दिनांक 22.08.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक तथा NIT क्रमांक/दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1	2025_UAD_446212_1 26.08.2025 (Second Call) 796/22.08.2025	जोन क्रमांक-03 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-15 में कायाकल्प - 2.0 योजना के तहत त्रियुगीनारायण जी के घर से बालगोविंद चतुर्वेदी जी, विश्वंभर प्रसाद तिवारी जी, समुद्री पटेल जी के घर होते हुए शंभू शुक्ला जी के घर के पास नाला तक गुलाब नगर में RCC सड़क, नाली एवं पुलिया निर्माण का कार्य।	04 माह 22.65 लाख	5000.00 16988.00	12.09.2025 18:00 बजे तक ।
2	2025_UAD_446213_1 26.08.2025 (Second Call) 797/22.08.2025	जोन क्रमांक-03 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-24 में सुंदरलाल पाण्डेय जी के घर से पंचूलाल प्रजापति जी के घर के मोड़ तक द्वारिका नगर में RCC नाला निर्माण का कार्य ।	03 माह 13.19 लाख	2000.00 9893.00	12.09.2025 18:00 बजे तक ।
3	2025_UAD_430286_2 26.08.2025 (Second Call) 696/11.06.2025	जोन क्रमांक-03 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-24 में जे.पी. शर्मा जी के घर से वीनस जी के घर तक एवं अमित सिंह जी के घर से पुराने निर्मित नाला तक RCC कवर्ड नाली निर्माण का कार्य ।	03 माह 14.21 लाख	2000.00 10658.00	12.09.2025 18:00 बजे तक ।
3	2025_UAD_429757_2 26.08.2025 (Third Call) 679/09.06.2025	जोन क्रमांक-04 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-43 में कायाकल्प -2.0 योजना के तहत पटेल किराने की दुकान से राममिलन शुक्ला जी के घर तक कृष्णा नगर में RCC नाली एवं CC सड़क निर्माण का कार्य	06 माह 67.59 लाख	10000.00 50693.00	12.09.2025 18:00 बजे तक ।

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

कार्यपालन यंत्री
जोन क्रमांक-03
नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)

कार्यालय क्षेत्रसंचालक, सतपुडा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम, म.प्र.

Phone No. 07574-254394 (O) Fax, 07574-252133 E-mail: fdsatnp.hbd@mp.gov.in

7071 **सामग्री क्रय हेतु निविदा आमंत्रण सूचना** 26/8/25
ई - निविदा विज्ञप्ति

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के अंतर्गत वर्ष 2025 - 26 विभिन्न योजना अंतर्गत क्षेत्र सुरक्षा कार्य में उपयोग हेतु चैनलिंक जाली, पोल एवं यू क्लीप क्रय करने के लिए प्रदायकताओं से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दस्तावेज मध्य प्रदेश के www.mptenders.gov.in में प्रकाशन दिनॉक से दिनॉक 10.09.2025 को सायं 05.00 बजे तक ऑनलाईन क्रय किये जा सकते है ।

क्र.	विवरण	
1	निविदा प्रपत्र की उपलब्धता	निविदा प्रपत्र बेवसाइड www.mptenders.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।
2	निविदा प्रपत्र का मूल्य	500 /- रुपए (पांच सौ रुपए मात्र)
3	धरोहर राशि	7,50,000/- (रुपए सात लाख पचास हजार मात्र)
4	निविदा प्रपत्र की ऑनलाईन उपलब्धता	www.mptenders.gov.in में प्रकाशन दिनॉक से
5	प्री-बिड मीटिंग	दिनांक 02.09.2025 को दोपहर 12.00 से 12.30 बजे तक कार्यालय क्षेत्रसंचालक, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व, पिपरिया रोड, नर्मदापुरम में होगी या ऑनलाईन हेतु लिंक https://meet.google.com/vte-qjbg-pyr
6	ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथी एवं समय	दिनांक 10.09.2025 को सायं 05:00 बजे तक
7	निविदा खोलने की तिथी व समय	दिनांक 12.09.2025 को प्रातः 11:00 बजे

(ऋषिभा सिंह नेताम)
भा.व.से.
उपसंचालक
सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम

G-17962/25

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

No. E/SA/Medical/CMP (Dr.)/71568 Date: 29-08-2025

अधिसूचना

पदों की सं:– 01 सीएमपी (जीडीएमओ)

बिलासपुर मण्डल के चिकित्सा विभाग हेतु एक वर्ष के लिए 01 सीएमपी/जीडीएमओ पद के अनुबंध हेतु संक्षिप्त अधिसूचना जारी की जाती है, वार्षिक अनुबंध के आधार पर बिलासपुर मण्डल में 01 सीएमपी/जीडीएमओ (जनरल ड्यूटी मेडिकल ऑफिसर) की रिक्तियों के खिलाफ 01 पद स्वास्थ इकाई/चाम्पा हेतु संविदा आधार पर अनुबंध किया जाना है। जिसका चयन हेतु "वाक इन इंटरव्यू **दिनांक : 15.09.2025 (सोमवार) को 11:00** बजे पर मुख्य स्वास्थ अधीक्षक (CMS Chamber)/ रेलवे अस्पताल में रखा गया है।" विस्तृत विवरण अर्थात पात्रता, योग्यता, आयु अनुभव और अन्य नियम और शर्तों के लिए कृपया एसईसीआर वेबसाइट में अपलोड किया गया है:– **https://secr.indianrailways.gov.in.** बिलासपुर मंडल पर सीएमपी/जीडीएमओ की नियुक्ति एवं आवेदन केवल ई–मेल आईडी: **srdpo.omr@gmail.com** के माध्यम से प्रस्तुत करें जिसकी अंतिम तिथि **दिनांक: 12.09.2025** को **शाम 06:00** बजे तक।

1. (Recruitment/News/PressRelease→Recruitment→Bilaspur)
2. (Dept./Div. Of SECR - Division - BILASPUR - Personnel-Notification)

मंडल कार्मिक अधिकारी, कृते वरि. मंडल कार्मिक अधिकारी,
सीपीआर/10/289 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर

South East Central Railway @secrail

एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

LIC HFL LIC HOUSING FINANCE LTD

भोपाल बैंक ऑफिस, 6ए–6बी, पहली मंजिल, सूरी आर्केड, गोविंद गार्डन, बिजली नगर के सामने, रायसेन रोड, गोविंदपुरा, भोपाल 462023 दूरभाष. 0755–4063007, 4063008

ई-नीलामी बिक्री नोटिस

चूँकि नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (एलआईसी एचएफएल) के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित उधारकर्ताओं/बंधककर्ताओं/गारंटरों को डिमांड नोटिस जारी किया है, जिसमें उनसे उक्त नोटिस में उल्लिखित बकाया राशि चुकाने का आह्वान किया गया है। तथापि, ऋणी/बंधककर्ता/गारंटर उक्त देय राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।

अतः नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) और धारा 14 के साथ नियम 8 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भौतिक कब्जा ले लिया है। यह सूचना आम जनता को तथा विशेष रूप से ऋणी(ओ)/गारंटर(ओ) को दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति एलआईसी एचएफएल के पास बंधक रखी गई है, जिसका कब्जा एलआईसी एचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है तथा इसे "जहां है जैसा है", "जो है जैसा है" तथा "जो कुछ भी है" के आधार पर तथा बिना किसी सहारा के आधार पर दिनांक **13.10.2025** को नीचे दिए गए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेचा जाएगा।

संपत्ति 1 श्री राजेंद्र श्रीवास्तव (आवेदक), श्रीमती मृदुला श्रीवास्तव (सह–आवेदक)
ऋण संख्या – 120500017690

संपत्ति का विवरण

संपत्ति का पूर्ण विवरण डायर्वटेड प्लॉट संख्या 136 प्लॉट संख्या 135 मकान संख्या 1798/एफ–11 मौजा हिरदेपुर डायर्वटेड शीट संख्या 06 सर्वे संख्या 42/2 3/46/5 खसरा नंबर 42/3 46/5 गुप्तेश्वर वार्ड जबलपुर (म.प्र.)

मांग सूचना तिथि: 20.07.2022	ACCOUNT DETAILS
मांग राशिः रु. 1,79,40,096.91/-+ ब्याज व अन्य खर्चें सहित	
भौतिक कब्जे की तिथि – 07.04.2025	Beneficiary Name: LIC Housing Finance Ltd.
निश्चित आरक्षित मूल्य . 2,55,00,000/– (दो करोड़ पचपन लाख मात्र)	Bank: Axis Bank, Centralised Collection Hub
ईएमडी रु. 25,50,000/– (पच्चीस लाख पचास हजार रुपये)	Account No: LHBP120500017690
13.10.2025 तक देय कुल राशि – रु. 2,62,82,912.80/- (दो करोड बासठ लाख बयासी हजार नौ सौ बारह रुपये अस्सी पैसा)	IFSC Code: UTIB0CCH274
Website of E-Auction: https://www.auctionbazaar.com	auctionbazaar.com
संपत्ति दस्तावेजों की फोटोकॉपी के निरीक्षण की तिथि और समयः	09.10.2025 दोपहर 1:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक संपत्ति का पता जहाँ दस्तावेजों का निरीक्षण किया जा सकता है एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, 18, सिविक सेंटर, खंडेलवाल कॉम्प्लेक्स, प्रभु वंदना टॉकीज के सामने, मराठाल, जबलपुर 482001 (म.प्र.)
संपत्ति का निरीक्षण	08.10.2025 दोपहर 01:00 बजे से 03:00 बजे तक
संपर्क व्यक्तिः पवन निगम	संपर्क विवरण : 8349973965
सेवा प्रदाता से ई–नीलामी का संपर्क विवरण	ARCA EMART PVT LTD (www.auctionbazaar.com) 6–3–1090/1/1, दूसरी मंजिल, भाग बी, उमा हैदराबाद हाउस राजभवन रोड, सोमाजीगुडा, हैदराबाद – 500082, तेलंगाना, भारत, Email: contact@auctionbazaar.com/, disposal.central@auctionbazaar.com & 7799830999 / 8370969696
ऑनलाइन निविदा / बोली जमा करने की अंतिम तिथि	10.10.2025 और शाम 5:00 बजे से पहले
ई–नीलामी तिथि	13.10.2025 दोपहर 1:00 बजे से 3:00 बजे तक

संपत्ति 2 श्रीमती वंदना मंगलानी ऋण संख्या – 120500010676

संपत्ति का विवरण

पता: मौजा कजरवारा एन.बी. 505 पीएच नंबर 10 आरएनएम जबलपुर–1 नर्मदा चौतन्य सिटी वीरांगना रानी अवंती बाई वार्ड खसरा नंबर 419 लेआउट प्लॉट नंबर 19 जबलपुर (म.प्र.)

मांग सूचना तिथि: 27.10.2021	ACCOUNT DETAILS
मांग राशिः रु. 27,13,966.50/- + ब्याज व अन्य खर्चें सहित	
भौतिक कब्जे की तिथि – 11.03.2025	Beneficiary Name: LIC Housing Finance Ltd.
निश्चित आरक्षित मूल्य - 28,00,000/– (अट्ठाईस लाख रुपये)	Bank: Axis Bank, Centralised Collection Hub
ईएमडी रु. 2,80,000/– (दो लाख अस्सी हजार रुपये)	Account No: LHBP120500010676
13/10/2025 तक देय कुल राशि – रु. 44,66,589.33 /-(चौवालीस लाख छियासठ हजार पांच सौ अस्सी नौ रुपये पैसा तैंतीस पैसा)	IFSC Code: UTIB0CCH274
Website of E-Auction: https://www.auctionbazaar.com	auctionbazaar.com
संपत्ति दस्तावेजों की फोटोकॉपी के निरीक्षण की तिथि और समयः	08/10/2025 दोपहर 1:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक संपत्ति का पता जहाँ दस्तावेजों का निरीक्षण किया जा सकता है एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, 18, सिविक सेंटर, खंडेलवाल कॉम्प्लेक्स, प्रभु वंदना टॉकीज के सामने, मराठाल, जबलपुर 482001 (म.प्र.)
संपत्ति का निरीक्षण	09.10.2025 दोपहर 01:00 बजे से 03:00 बजे तक
संपर्क व्यक्तिः पवन निगम	संपर्क विवरण : 8349973965
सेवा प्रदाता से ई–नीलामी का संपर्क विवरण	ARCA EMART PVT LTD (www.auctionbazaar.com) 6–3–1090/1/1, दूसरी मंजिल, भाग बी, उमा हैदराबाद हाउस राजभवन रोड, सोमाजीगुडा, हैदराबाद – 500082, तेलंगाना, भारत, Email: contact@auctionbazaar.com/, disposal.central@auctionbazaar.com & 7799830999 / 8370969696
ऑनलाइन निविदा / बोली जमा करने की अंतिम तिथि	10.10.2025 और शाम 5:00 बजे से पहले
ई–नीलामी तिथि	13.10.2025 दोपहर 1:00 बजे से 3:00 बजे तक

*नीलामी के अन्य सभी नियम व शर्तें आधिकारिक वेबसाइट https://online.lichousing.com/eauction/ पर अनुलग्नक 2 के रूप में उल्लिखित हैं।

दिनांक : 30.08.2025
स्थान : जबलपुर

आज्ञा से
प्राधिकृत अधिकारी
एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.

16 हजार छात्रों सहित रविवि को राहत, कॉलेजों में दाखिले अब 5 सितंबर तक

रायपुर। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी एक आदेश के बाद प्रदेश के 16 हजार हजार छात्रों सहित रविवि को भी राहत मिल गई है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शुक्रवार को आदेश जारी कर महाविद्यालयों और विश्वविद्यालय अध्ययन शालाओं में प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। आदेश के मुताबिक अब सीटें रिक्त होने की स्थिति में विद्यार्थियों को 5 सितंबर तक प्रवेश दिया जा सकेगा। इस आदेश के बाद 12वीं कक्षा की पूरक परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों को राहत मिलेगी। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा पूरक परीक्षाओं के परिणाम 19 अगस्त को जारी किए गए थे, जबकि महाविद्यालयों में प्रवेश 14 अगस्त को ही बंद हो गए थे। 12वीं की पूरक परीक्षाओं में 16 हजार छात्र उत्तीर्ण हुए थे, जो तिथि बीत जाने के कारण किसी महाविद्यालय में प्रवेश लेने में असमर्थ थे। हरिभूमि ने इन छात्रों की समस्या को प्रमुखता के साथ उठाया था।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, (भ / स) संभाग नरसिंहपुर (म.प्र.)

निविदा सूचना क्रमांक 14 / वर्ष 2025 - 26 / कार्य.यं. **निविदा सूचना** नरसिंहपुर, दिनांक 26/08/2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर आई डी	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	धरोहर राशि	निविदा फार्म की राशि	आमंत्रण क्र.	कार्य समयावधि	भौतिक रूप से लिफाफा प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ. डी. आर. एवं अन्य दस्तावेज)
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	2025_PWDRB_447206_1	नरसिंहपुर	वार्षिक संधारण भवन	नरसिंहपुर उपसंभाग नरसिंहपुर के अंतर्गत भवनों के साधारण मरम्मत, विशेष समस्त, डिपाजिट, रंगाई पुताई एवं अन्य समस्त प्रकार के मरम्मत कार्य ।	19.92	40,000	2,000	छटवॉ आमंत्रण	1 माह वर्षा ऋतु रहित	सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें।
2	2025_PWDRB_447208_1	नरसिंहपुर	वार्षिक संधारण भवन	नरसिंहपुर उपसंभाग नरसिंहपुर के अंतर्गत आवासीय भवनों के साधारण मरम्मत, एवं रंगाई पुताई कार्य ।	19.93	40,000	2,000	द्वितीय आमंत्रण	3 माह वर्षा ऋतु सहित	सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें।
3	2025_PWDRB_447209_1	नरसिंहपुर	वार्षिक संधारण भवन	नरसिंहपुर उपसंभाग नरसिंहपुर के अंतर्गत गैर आवासीय भवनों के साधारण मरम्मत, एवं रंगाई पुताई कार्य ।	19.98	40,000	2,000	द्वितीय आमंत्रण	3 माह वर्षा ऋतु सहित	सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें।
4	2025_PWDRB_447211_1	नरसिंहपुर	वार्षिक संधारण भवन	गोटेगांव उपसंभाग नरसिंहपुर के अंतर्गत आवासीय भवनों के साधारण मरम्मत, एवं रंगाई पुताई कार्य ।	14.70	30,000	2,000	द्वितीय आमंत्रण	2 माह वर्षा ऋतु सहित	सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें।
5	2025_PWDRB_447241_1	नरसिंहपुर	निर्माण	गाडरवारा उपसंभाग के अंतर्गत रायपुर से डंगहा मार्ग लंबाई 8.10 कि.मी. का शेष निर्माण कार्य । (अनुबंध क्रमांक 71 डी.एल. 2022-23) (द्वितीय आमंत्रण)	45.15	50,000	5,000	द्वितीय आमंत्रण	2 माह वर्षा ऋतु सहित	सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें।
6	2025_PWDRB_447243_1	नरसिंहपुर	निर्माण	गाडरवारा उपसंभाग के अंतर्गत दहलबाड़ा से सीरेगाँव मार्ग लंबाई 265 कि.मी. का शेष निर्माण कार्य । (अनुबंध क्रमांक 37 डी.एल. 2022-23) (द्वितीय आमंत्रण)	100.08	1,01,000	12,500	द्वितीय आमंत्रण	4 माह वर्षा ऋतु सहित	सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें।
				योग	219.76					

उपरोक्त वेबसाइट आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा । निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 08/09/2025, (17.00) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट www.mptenders.gov.in में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा । पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा । मूल धरोहर (ई.एम.डी.) राशि एवं अन्य सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत दिनांक 08/09/2025, (17.30 बजे तक उपरोक्तानुसार संबंधित पोर्टल में प्राप्त की जावेगी।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ / स) - संभाग नरसिंहपुर

G-17938/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

भारत ने अमेरिकन टैरिफ की धौंस के समक्ष झुकने से स्पष्ट इनकार कर दिया है। यही कारण है कि अमेरिकी वित्तमंत्री के स्वर भारत के प्रति बदलने लगे हैं। शुरुआत में भारत ने टैरिफ पर नरम रुख अपनाया था। यही कारण रहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के खिलाफ एक भी सख्त शब्द का इस्तेमाल नहीं किया है। टैरिफ के मसले को सुलझाने और इसका समुचित निदान निकालने की खातिर भारत की तरफ से अमेरिका के साथ कूटनीतिक और व्यापारिक वार्ताओं के तमाम रास्ते बाकायदा खुले रखे गए। टैरिफ लगाने के लिए अमेरिका द्वारा कुतर्क पेश किया गया कि भारत बड़ी मात्रा में तेल खरीदकर यूक्रेन के विरुद्ध युद्ध में रूस की आर्थिक मदद कर रहा है। ट्रंप के इस बेबुनियाद आरोप के उत्तर में भारत ने कहा कि रूस से तेल की खरीदारी तो चीन और यूरोप ज्यादा कर रहे हैं। अमेरिका स्वयं ही रूस से यूरेनियम तथा कुछ अन्य खनिज पदार्थ खरीदता रहा है। फिर आखिर क्यों दोहरा मानदंड अपनाया जा रहा है, लेकिन अमेरिका अपने आरोप पर अड़ा रहा और भारत पर 50 फीसदी टैरिफ थोप दिया। अब जबकि भारत ने इससे निपटने की तैयारी कर ली है तो इसे विश्व बिरादरी में अमेरिका को झटके के रूप में देखा जा रहा है। भारत के इसी जवाब का विश्लेषण करता है आजकल का यह विशेष अंक...

टैरिफ का माकूल जवाब देगा भारत

विश्लेषण

प्रभात कुमार रॉय

विदेश मामलों के जानकार

प्रारम्भ में अमेरिकी प्रशासन ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया था, किंतु बाद में रूस से तेल खरीदारी जारी रखने के कारण 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ और थोप दिया। भारत और अमेरिका के मध्य उत्पन्न समस्त व्यापारिक और कूटनीतिक कटुताओं के बीच दुनिया के दो महान लोकतांत्रिक राष्ट्रों भारत और अमेरिका के मध्य परस्पर व्यापारिक समझौते की उम्मीद अभी तक बरकरार है। भारत यकीनन अमेरिका से अपने ताल्लुकात कदाचित खराब करना नहीं चाहता है। अमेरिका के साथ भारत के तनाव के दौर में शंघाई सहयोग संगठन में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शिरकत का कूटनीतिक महत्व कुछ अधिक बढ़ गया है।

आखिरकार राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिकी प्रशासन द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ आयद कर ही दिया गया। उल्लेखनीय है कि प्रारम्भ में अमेरिकी प्रशासन ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ आयद किया था, किंतु बाद में रूस से तेल खरीदारी जारी रखने के कारण 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ और थोप दिया गया। भारत और अमेरिका के मध्य उत्पन्न समस्त व्यापारिक और कूटनीतिक कटुताओं के बीच दुनिया के दो महान लोकतांत्रिक राष्ट्रों भारत और अमेरिका के मध्य परस्पर व्यापारिक समझौते की उम्मीद अभी तक बरकरार है। जिस दिन 27 अगस्त को प्रातः साढ़े नौ बजे भारत पर अमेरिकन टैरिफ बाकायदा अंजाम दे दिया गया, उसी दिन अमेरिका के वित्तमंत्री स्कॉट बेसेंट का एक बयान सामने आया, जिसमें उन्होने फरमाया कि अमेरिका और भारत के परस्पर ताल्लुकात भले ही आजकल अत्यंत जटिल और तनावपूर्ण हालात में पहुंच गए हैं, किंतु निकट भविष्य में दोनों देशों के मध्य व्यापार समझौते की गुंजाइश निरंतर कायम बनी हुई है। स्कॉट बेसेंट भारत के विरुद्ध पचास प्रतिशत यहां तक कि सौ प्रतिशत टैरिफ आयद करने के प्रबल हिमायती रहे हैं। अमेरिका के वित्तमंत्री द्वारा रूस-यूक्रेन युद्ध को विस्मयकारी तौर पर प्रधानमंत्री मोदी का युद्ध करार दे दिया गया है।

समस्त विश्व बखूबी जानता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस की धरती पर खड़े होकर और राष्ट्रपति पुतिन के समक्ष तकरीर की थी और उस तक़रीर में मोदी ने फरमाया था कि आज का दौर युद्ध का दौर कदाचित नहीं है, वरन् यह दौर तो शांति, स्थिरता और तरक्की का दौर है।

अमेरिकी वित्तमंत्री के परिवर्तित स्वर

अब क्योंकि भारत सरकार ने अमेरिकन टैरिफ की नाजायज धौंस और दबाव के समक्ष झुकने से एकदम स्पष्ट इनकार कर दिया है और टैरिफ के जटिल प्रश्न पर अमेरिका के विरुद्ध सख्त रुख अख्तियार कर लिया है तो फिर अमेरिका के वित्तमंत्री स्कॉट बेसेंट के स्वर भारत के प्रति परिवर्तित होने लगे हैं। प्रारम्भ में भारत ने टैरिफ प्रकरण पर अपेक्षाकृत नरम अंदाज अपनाया था। ट्रंप द्वारा अंजाम दिए जा रहे भारत विरोधी टैरिफ आक्रमण के बावजूद भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के बरखिलाफ एक भी सख्त अल्फाज का इस्तेमाल नहीं किया है। भारत के भरोसेमंद कूटनीतिक सूत्रों के मुताबिक टैरिफ के मसले को सुलझाने और इसका समुचित निदान निकालने की खातिर भारत की तरफ से अमेरिका के साथ कूटनीतिक और व्यापारिक वार्ताओं के तमाम रास्ते बाकायदा खुले रखे गए हैं। भारत पर टैरिफ आयद करने के लिए अमेरिका द्वारा प्रायः कुतर्क पेश किया गया कि भारत द्वारा रूस से बहुत बड़ी मात्रा में तेल खरीद कर, भारत वस्तुतः यूक्रेन के विरुद्ध युद्ध संचालित करने में रूस की आर्थिक इमदाद कर रहा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस बेबुनियाद इल्जाम के प्रतिउत्तर में भारत ने कहा कि भारत से कहीं अधिक रूस से तेल की खरीदारी तो चीन और यूरोप के देश कर रहें हैं और अमेरिका स्वयं ही रूस से यूरेनियम तथा कुछ अन्य खनिज पदार्थ खरीदता रहा है। फिर आखिर क्यों अन्यायपूर्ण तौर पर दोहरा मानदंड अख्त्यिार करके अमेरिका द्वारा भारत के विरुद्ध ही टैरिफ आक्रमण अंजाम दिया जा रहा है।

भारत ने की व्यापार वार्ता स्थगित

भारत और अमेरिका के मध्य विगत महीनों से जारी रही व्यापार वार्ता को आगे बढ़ाने की खातिर 25 अगस्त को अमेरिकन वार्ताकारों के एक दल का भारत आगमन निश्चित हुआ था। किंतु 6 अगस्त को राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ आयद करने के ऐलान के बाद भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता को भारत द्वारा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। फरवरी 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे में भारतीय प्रधानमंत्री और अमेरिका राष्ट्रपति ने संयुक्त बयान में कहा था कि दोनों देशों द्वारा व्यापार समझौते पर इस वर्ष के अंत तक हस्ताक्षर कर दिए जाएंगे। व्यापार वार्ता के दौरान अमेरिकन प्रशासन चाहता था कि अमेरिका के एग्रीकल्चर, डेयरी प्रोडक्ट्स के लिए और मिड साइज कारों के लिए भारत को अपना बाजार अमेरिका के लिए खोल देना चाहिए। व्यापार समझौता वार्ता में अमेरिका की इस पेशकश को स्वीकार करने के लिए भारत कदाचित तैयार नहीं हुआ। भारतीय प्रधानमंत्री ने साफ शब्दों में कहा कि भारत सरकार अपने किसानों के हितों की हिफाजत हर कीमत पर करने के लिए प्रतिबद्ध है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारत विरोधी टैरिफ वार का जबरदस्त विरोध अमेरिका की सरजमीन पर ही होने लगा है। अमेरिकी हुकूमत में सत्तासीन रिपब्लिकन पार्टी की वरिष्ठ लीडर निकी हैली ने निरंतर बिगड़ते हुए भारत अमेरिकी संबंधों पर अपनी गहन चिंता का इजहार किया है।

राष्ट्रपति ट्रंप की कड़ी आलोचना

निकी हैली ने कहा है कि अमेरिकी प्रशासन को यह बात समझ लेनी चाहिए कि चीन का मुकाबला करने के लिए भारत जैसे मित्र की अमेरिका को अत्यंत आवश्यकता है। उल्लेखनीय है निकी हेली राष्ट्रपति ट्रंप की कटु आलोचक रही हैं। सन् 2021 में कैपिटल हिल में अंजाम दी गई हिंसात्मक वारदातों को लेकर उन्होंने सार्वजनिक तौर पर डोनाल्ड ट्रंप की तीखी आलोचना की थी और कहा था कि हमें यह बात तस्लीम करनी चाहिए कि ट्रंप ने अमेरिका को सारी दुनिया में शर्मिंदा किया है। सन् 2024 में निकी हेली रिपब्लिकन पार्टी में राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवारी की दावेदार थी, किंतु अपनी स्थिति को कमजोर भांपकर उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन कर दिया था। पांच दफा सीनेटर रहे अमेरिका के पूर्व विदेश मंत्री जॉन केरी ने भी फरमाया है कि राष्ट्रपति ट्रंप की नकारात्मक नीतियों के कारण अमेरिका के निकट सहयोगी देश उससे दूर होते जा रहे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पहले कार्यकाल में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रहे जॉन बोल्टन द्वारा भारत पर टैरिफ लगाए जाने के लिए राष्ट्रपति ट्रंप की कड़ी आलोचना की गई। भारत के समर्थन और डोनाल्ड ट्रंप के विरोध करने का परिणाम जॉन बोल्टन को एफबीआई के हाथों भुगतना पड़ा है। अमेरिका में विदेश नीति के प्रमुख जानकार यह स्वीकार करते हैं कि अमेरिका और भारत के बीच बढ़ रही दूरियां वस्तुतः दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति की ओर इशारा कर रही हैं। प्रख्यात अमेरिकी अर्थशास्त्री रिचर्ड वुल्फ का कहना है कि अमेरिका भारत पर अत्याधिक टैरिफ आयद करके वस्तुतः अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मार रहा है।

रिचर्ड वुल्फ आगे फरमाते हैं कि आखिरकार भारत दुनिया में अपने सामान के लिए बाजार खोज ही लेगा। राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा अंजाम दी जा रही भारत विरोधी टैरिफ वार यकीनन भारत और चीन को दोस्त तथा भारत और अमेरिका को शत्रु बना देगी। अमेरिका द्वारा भारतीय निर्यात पर आयद किए गए 50 प्रतिशत टैरिफ के कारणवश भारत को फिलहाल तकरीबन 50 अरब डॉलर की आर्थिक क्षति झेलनी पड़ सकती है। अमेरिकी टैरिफ का सबसे अधिक नुकसान भारत में निर्मित वस्त्रों, चमड़े के सामान, हैंडी क्राफ्ट, झींगा आदि अनेक उद्योगों को झेलना पड़ सकता है। एक अनुमान के मुताबिक निकट भविष्य में भारतीय जीडीपी में सालाना लगभग 2 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की जा सकती है। भारतीय वाणिज्य मंत्रालय के विश्वसनीय सूत्रों के मुताबिक अमेरिकी टैरिफ से अंजाम दी जाने वाली निर्यात क्षति को रोकने की खातिर भारत सरकार व्यापारिक और कूटनीतिक तौर पर विश्व के 40 से अधिक देशों के साथ निकट संपर्क स्थापित किए हुए हैं, ताकि अमेरिका को निर्यात घट जाने की स्थिति का समुचित तौर पर मुकाबला किया जा सके। इन देशों में खासतौर पर ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, सऊदी अरब, साउथ कोरिया, जापान, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, आयरलैंड आदि अनेक देश शामिल हैं। भारत द्वारा चिन्हित किए गए चालीस से अधिक देशों में तकरीबन 590 अरब डॉलर के वस्त्रों को आयात किया जाता हैं। इन समस्त देश में अभी तक कुल मिलाकर भारत से केवल 6 फ़ीसदी वस्त्रों का निर्यात होता है।

विश्व पटल पर कूटनीतिक गतिविधियां तेज

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा जारी टैरिफ वार के विकट दौर में विश्व पटल पर कूटनीतिक गतिविधियां भी बहुत तेज हो गई हैं। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय जापान यात्रा पर गए हैं और इस यात्रा के बाद वह शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में भाग लेने के लिए चीन जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जापान दौरे में उल्लेखनीय घटना हुई, जबकि जापान के व्यापार और वाणिज्य मंत्री मोइली मियाजावा जिन्हें कि अमेरिका यात्रा पर रवाना होना था, उन्होंने अपनी अमेरिका यात्रा स्थगित की और नरेंद्र मोदी के साथ व्यापार वार्ता करने के लिए जापान में ही रुक गए। सर्वविदित है कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में जापान का असीम योगदान रहा। इंडियन नेशनल आर्मी को खड़ा करने और उसको सैन्य सहयोग करने के लिए भारत सदैव ही जापान का शुक्रिया अदा करेगा। आजकल क्वाड रणनीतिक मोर्चे में भी भारत के साथ जापान शामिल है। भारत के साथ जापान का व्यापार तकरीबन 22 बीलियन डॉलर का है। जापान में भारतीय निर्यात की अपार संभावनाएं विद्यमान हैं। शंघाई सहयोग संगठन की शिखर बैठक में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ एक मंच साझा करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मौन रहकर भी अमेरिका को सख्त पैगाम पेश करना चाहते हैं। समस्त यूरोप में अफवाह फैली हुई है कि चार दफा नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का टेलीफोन कॉल लेने से इनकार कर दिया गया। इस अफवाह को जर्मनी और फ्रांस के अखबारों ने छाप भी दिया है। इस संबंध में भारत सरकार द्वारा कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। भारत यकीनन अमेरिका से अपने ताल्लुकात कदाचित खराब करना नहीं चाहता है। अतः राष्ट्रपति ट्रंप की टेलीफोन कॉल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कदापि अस्वीकार नहीं करेंगे। विगत 25 वर्षों की गहन और गंभीर कूटनीतिक और राजनीतिक सूझबूझ से अमेरिका-भारत संबंधों को ताकतवर बनाया जा सका है। राष्ट्रपति ट्रंप और अमेरिकी प्रशासन परस्पर संबंधों में कोई भी विध्वंस अंजाम दें, भारत अपनी तरफ से दोनो देशों के परस्पर ताल्लुकात को शक्तिशाली बनाने के प्रयास करता रहेगा। पं. नेहरु के काल से भारत की परम्परागत विदेश नीति नॉन एलाइन्मेंट की रही, किंतु आजकल मल्टी एलाइन्मेंट की विदेश नीति पर भारत अपना रणनीतिक और कूटनीतिक भरोसा जता रहा है। शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में राष्ट्रपति पुतिन के पधारने की भी पूरी उम्मीद है। वैसे तो शंघाई सहयोग संगठन का भारत एक प्रमुख सदस्य देश है, किंतु अमेरिका के साथ भारत के तनाव के दौर में शंघाई सहयोग संगठन में भारतीय प्रधानमंत्री की शिरकत का कूटनीतिक महत्व कुछ अधिक बढ़ गया है।

ट्रंप को जवाब देती भारत की अर्थव्यवस्था

आर्थिकी

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

प्रसिद्ध अर्थशास्त्री

यकीनन इन दिनों पूरी दुनिया आश्चर्य के साथ देख रही है कि जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ हथियार के डर से दुनिया के अधिकांश देश उसके सामने झुकते हुए अमेरिका की व्यापार शर्तों को मानते हुए दिखाई दे रहे हैं, तब भारत अमेरिका के साथ कारोबार समझौते के तहत अपने करोड़ों किसानों और मछुआरों के हितों के मद्देनजर अमेरिका के सामने बिना झुके अपनी शर्तों के साथ अडिग खड़े हुए हैं और तेजी से बढ़ती भारत की अर्थव्यवस्था ट्रंप को जवाब दे रही है।

29 अगस्त को प्रकाशित वित्त वर्ष 2025-26 के तहत अप्रैल-जून 2025 की तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 7.8 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई है। एक साल पहले, अप्रैल-जून 2024 की तिमाही में यह आंकड़ा 6.5 फीसदी था। इसी परिप्रेक्ष्य में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की विकास दर 6.4 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है। गौरतलब है कि ट्रंप के द्वारा 27 अगस्त से भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ से भारत से होने वाले निर्यात और भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव से निपटने के लिए रणनीतिक तैयारी का परिदृश्य दिखाई दे रहा है। 29 अगस्त को वाणिज्य और उद्योगमंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि सरकार टैरिफ चुनौती के मद्देनजर कई उपायों की तैयारी कर रही है।

निर्यातकों के सामने चुनौतियां

चूंकि ट्रंप की ओर से भारतीय उत्पादों पर लगाए गए टैरिफ से अमेरिका को भारत से होने वाले वस्तु निर्यात का करीब 55 फ़ीसदी यानी करीब 48 अरब का निर्यात प्रभावित हो सकता है। ऐसे में भारत के निर्यातकों के सामने कुछ चुनौतियां खड़ी होती हुई दिखाई दे रही हैं। इसमें भी कोई दो मत नहीं है कि अमेरिका द्वारा लगाए गए ऊंचे शुल्क और वैश्विक अनिश्चितताओं का असर इस वित्त वर्ष 2025-26 में घरेलू निजी निवेश पर पड़ सकता है। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार करार नहीं होने की स्थिति में कुछ क्षेत्रों को कुछ प्रभाव के लिए तैयार रहना होगा, विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उपक्रम क्षेत्र को चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। यह कोई छोटी बात नहीं है कि हाल ही में अमेरिकी ग्लोबल रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने कहा कि अमेरिका के द्वारा भारत पर 50 फीसदी ऊंचे टैरिफ लगाने से भारत की आर्थिक तरक्की पर कोई खास असर नहीं होगा और भारत की अर्थव्यवस्था बढ़ने की प्रवृत्ति बनाए रखेगी। भारत की 'सॉवरेन रेटिंग' का नजरिया अभी भी सकारात्मक बना रहेगा। चूंकि भारत एक निर्यात-उन्मुख अर्थव्यवस्था नहीं है, ऐसे में भारत को टैरिफ संबंधी ज्यादा चिंता करने की जरूरत नहीं है।

भारत की घरेलू मांग मजबूत

इसी तरह मॉर्गन स्टैनली रिसर्च के एक विश्लेषण में कहा गया है कि भारत की घरेलू मांग मजबूत होने के कारण अमेरिका के द्वारा भारत से निर्यात पर ऊंचे टैरिफ लागू किए जाने से विकास दर पर आधा फीसदी से भी अधिक असर होगा। ऐसे में भारत के द्वारा ट्रंप टैरिफ के मुकाबले के लिए छह सूत्रीय रणनीति जरूरी दिखाई दे रही है। एक, नए

निर्यात बाजार में कदम रखे जाएं। दो, तेज बढ़ते घरेलू बाजार व अनुकूल आर्थिक परिदृश्य से विकास दर बढ़ाई जाए। तीन, मुक्त व्यापार समझौतों (एफटी) की डगर पर तेजी से आगे बढ़ा जाए। चार, स्वदेशी अपनाएं। पांच, सेवा निर्यात बढ़ाएं और छह, अमेरिका के साथ व्यापार संवाद लगातार कायम रखा जाए। यह बात महत्वपूर्ण है कि भारत ने निर्यातकों को सहारा देने की नई रणनीति सुनिश्चित की है। निर्यात को बढ़ावा देने के लिए 40 देशों में विशेष संपर्क कार्यक्रम चलाने की योजना बनाई है। इस पहल के तहत ब्रिटेन, जापान, दक्षिण कोरिया, जर्मनी, फ्रांस, इटली, स्पेन, नीदरलैंड, पोलैंड, कनाडा, मेक्सिको, रूस, बेल्जियम, तुर्किये, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और आस्ट्रेलिया जैसे प्रमुख देशों को शामिल किया गया है। सरकार अमेरिका से इतर अन्य देशों से मित्रता मजबूत कर रही है। 29-30 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जापान के साथ मैत्री का अध्याय मजबूत किया और टोक्यो में ऐलान किया कि जापानी तकनीक और भारतीय टैलेंट दुनिया को बदल देंगे। भारत के द्वारा चीन और रूस के साथ भी विदेश व्यापार के नए अध्याय आगे बढ़ाए जा रहे हैं। ट्रंप टैरिफ से मुकाबले के लिए ऐसे उपायों के साथ-साथ भारत ने सरल कर व्यवस्था और लोगों की क्रयशक्ति बढ़ाकर घरेलू खपत बढ़ाने की योजना बनाई है। भारत घरेलू खपत बढ़ाकर कुछ हद तक अमेरिकी व्यापार में हुए नुकसान की भरपाई कर सकता है। वैश्विक व्यापार में हो रहे उतार-चढ़ाव के बीच भारत को बचाने में भारत की घरेलू खपत अहम भूमिका निभा रही है। पिछले वर्ष 2024 में भारत का खुदरा बाजार 1060 अरब डॉलर का था, यह सालाना 10 फीसदी की दर से बढ़ते हुए 2030 तक 1930 अरब डॉलर की ऊंचाई पर पहुंच सकता है। निःसंदेह भारत एफटीए की डगर पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत के द्वारा ईएफटीए, यूएई, ऑस्ट्रेलिया और यूके के साथ किए गए एफटीए अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं। भारत को यूएई और ऑस्ट्रेलिया के साथ एफटीए से मजबत लाभ हुआ है। यूएई के साथ, पिछले चार-पांच वर्षों में सेवाओं का निर्यात लगभग दोगुना हो गया है। हाल ही में उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री ने राज्यसभा में बताया कि भारत और ओमान के बीच एफटीए को लेकर बातचीत पूरी हो चुकी है और जल्द ही दोनों के बीच शीघ्र ही एफटीए पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है और इस वर्ष 2025 के अंत तक यूरोपीय यूनियन के साथ एफटीए लागू होने की पूरी संभावना है। इससे भारत के लिए दुनिया का एक बड़ा और महत्वपूर्ण बाजार खुल जाएगा। विगत 10 जुलाई को भारत में स्विटजरलैंड की राजदूत माया तिस्साफी ने कहा कि भारत और 4 सदस्य देशों आइसलैंड, स्विटजरलैंड, नॉर्वे और लिकटेंस्टीन वाले यूरोपिटन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (ईएफटीए) के बीच व्यापार समझौता अक्टूबर 2025 से लागू हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि 24 जुलाई को भारत और ब्रिटेन (यूके) के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिटेन के पीएम किएर स्टार्मर की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए गए हैं। भारत के द्वारा कतर, न्यूजीलैंड, पेरू, चिली, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, इजराइल, भारत गल्फ कंट्रीज काउंसिल सहित अन्य देशों के साथ भी एफटीए को शीघ्रतापूर्वक अंतिम रूप देने की डगर पर आगे कदम बढ़ाए जा रहे हैं।

स्वदेशी कारोबार को प्रोत्साहन

अब नई रणनीति के तहत घरेलू खपत बढ़ाने हेतु स्वदेशी अपनाने और स्वदेशी उद्योग-कारोबार को हरसंभव तरीके से प्रोत्साहित किया जाना जरूरी होगा । साथ ही पूरी दुनिया में भारत के सेवा निर्यात को तेज रफ्तार से बढ़ाना होगा। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में भारत से 385 अरब डॉलर का सेवा निर्यात किया गया, अब इस वर्ष भारत को 450 अरब डॉलर का लक्ष्य पाने की दिशा में रणनीतिक रूप से आगे बढ़ना होगा।

चीन के प्रति अतिविश्वास चूक तो नहीं

कूटनीति

डॉ. एनके सोमानी

वरिष्ठ स्तंभकार

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चीन दौरा फाइनल हो गया है। कहने को तो वे शंघाई सहयोग संघ (एससीओ) की शिखर बैठक में भाग लेने के लिए तिआनजिन गए हैं लेकिन मीडिया में जिस तरह से मोदी की बीजिंग यात्रा को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ टेरर से जोड़ कर प्रचारित किया जा रहा है उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि कुटनीतिक तौर पर प्रधानमंत्री के इस दौरे का उद्देश्य बहुत गहरा है। समिट से इतर प्रधानमंत्री की राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी हो सकती है। रूस भी एससीओ का सदस्य है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी समिट में भाग लेने के लिए चीन आएंगे। संभावना इस बात की भी है कि जिनपिंग के बाद प्रधानमंत्री मोदी की पुतिन के साथ भी द्विपक्षीय वार्ता हो।

निकट भविष्य में पुतिन के भारत दौरे को देखते हुए मोदी-पुतिन वार्ता से इनकार नहीं किया जा सकता है। हालांकि मोदी-जिनपिंग-पुतिन वार्ता की अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है लेकिन टैरिफ टेरर के कारण भारत, चीन और रूस की अर्थव्यवस्थाओं में जो विचलन की स्थिति है उसे देखते हुए जिस गर्मजोशी से तीनों नेता हाथ मिलाते दिख रहे हैं, उसमें बहुत संभव है कि एससीओ कूटनीतिक लाभ लेने का बड़ा मंच बनता हुआ दिखाई दे।

सीमा विवाद बड़ी फांस

प्रधानमंत्री के बींजिंग दौरे से पहले चीन ने भारत के साथ संबंधों को सुधारने की भरसक कोशिश की है। चीन के विदेशमंत्री वांग यी की भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच कई अहम मुद्दों का समाधान किया गया। कोविड-19 महामारी के बाद से निलंबित सीधी उड़ानों को फिर से शुरू करने व वीजा प्रक्रिया को सुगम बनाने के अलावा लिपुलेख दर्रा, शिपकी ला दर्रा और नाथू ला दर्रा के माध्यम से सीमा को व्यापार के लिए खोलने पर सहमति वांग की भारत यात्रा के दौरान हुई। भारत के विदेशमंत्री एस. जयशंकर के साथ द्विपक्षीय बैठक में हिमालयी सीमा पर तैनात सैनिकों को पीछे हटाने और सीमांकन जैसे जटिल मुद्दों पर भी वार्ता हुई। बैठक में सीमा संबंधी मामलों के समाधान के लिए एक कार्य समूह बनाने का फैसला हुआ। समूह दोनों देशों के बीच सीमा मामलों में सलाह और परामर्श देने का काम करेगा। द्विपक्षीय वार्ता के दौरान तिब्बत में यारलुंग जंगबो (ब्रहमपुत्र) नदी पर चीन द्वारा बनाए जा रहे विशाल बांधों का मुद्दा भी उठा। इस पर चीनी विदेशमंत्री ने जल-विज्ञान संबंधी जानकारी भारत के साथ साझा करने पर सहमति जताई। लब्बोलुआब यह कि साल 2020 में गलवान घाटी में हुए हिंसक सैन्य टकराव से जहां दोनों देशों के संबंध 1962 के बाद सबसे निचले स्तर पर चले गए थे, वांग के भारत दौरे से उसे पुनर्जीवित करने की कोशिश की गई। चीन की कोशिशें एक तरफा नहीं थी। भारत ने भी अपनी ओर से हरसंभव सहयोग किया।

पिघल रही रिश्तों में जमी बर्फ

भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और विदेशमंत्री

एस जयशंकर की चीन की यात्राओं के बाद संबंधों पर जमी बर्फ पिघलती दिखी। परस्पर यात्राओं और द्विपक्षीय संवाद के जरिए जिस तरह से दोनों देशों ने सीमा विवाद को बाकी के मामलों से अलग रख कर आगे बढ़ने का वादा किया है जाहिर है संबंधों के लिहाज से यह काफी अहम है। लेकिन भारत-चीन संबंधों के इतिहास को देखते हुए कूटनीतिक हल्कों में आशंका इस बात की भी है कि वॉशिंग्टन को साधने की चाह में कहीं भारत 'हिन्दी-चीनी भाई-भाई' वाली गलती तो नहीं दोहरा रहा है। चीन के साथ संबंधों को नई ऊंचाई देने के उत्साह में भारत फिर चोट न खा जाए। एलएसी पर सैन्य गतिरोध ने राजनीतिक और सैन्य स्तर पर जो जख्म दिए हैं, उसमें यह आशंका निर्मूल भी नहीं है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि तमाम अंतर्विरोधों के वेग में विश्वास बहाली की जो प्रक्रिया एशिया की बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देशों में शुरू हुई है, क्या वह इतनी ही आसान है जितनी दोनों देश समझ रहे हैं। दरअसल, भारत और चीन के बीच दीर्घकालिक विवाद के कुछ ऐसे बिन्दु हैं जो संबंधों की बेहतरी में हमेशा अवरोधक बनकर उभरे हैं। सीमा-विवाद, दलाई लामा और व्यापार असंतुलन दोनों देशों के संबंधों में तल्खी का बड़ा कारण रहा है। चीन भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। साल 2024-25 में दोनों देशों के बीच कुल 127.7 अरब डॉलर का व्यापार हुआ। भारत ने चीन से 113.5 अरब डॉलर का आयात किया जबकि निर्यात केवल 14.3 अरब डॉलर का हुआ। चूंकि द्विपक्षीय व्यापार चीन के पक्ष में है। भारत इस व्यापार घाटे (99.2 अरब डॉलर) को कम करना चाहता है। दूसरा, ग्लोबल साउथ में भारत चीन का सबसे बड़ा प्रतिस्पर्धी है। चीन शुरू से ही अपने आपको ग्लोबल साउथ का लीडर मानता है। उसकी इस स्वयं घोषित लीडरशिप में उसकी महत्वाकांक्षी परियोजना बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव का बड़ा रोल रहा है। यही वजह है कि बहुत सारे देशों को लगता है कि विकासशील देशों के नेतृत्व की क्षमता चीन के पास है। भारत इस धारणा को बदलना चाहता है। दूसरी ओर ब्लॉक के भीतर कुछ देश ऐसे भी हैं जो चीन के विस्तारवाद और स्वार्थपरक एजेंडे को लेकर आशंकित है। वे चीन की तुलना में भारत को अधिक विश्वस्त मानते हैं। सीमा विवाद भारत-चीन संबंधों में तनाव का बड़ा कारण रहा है। गलवान में सैन्य तनाव के बाद भारत ने दो टूक कहा था कि जब तक सीमा विवाद के मुल कारणों का समाधान नहीं होगा, तब तक द्विपक्षीय संबंध सामान्य नहीं हो सकते है। ऐसे में यह तो पूछा ही जाना चाहिए कि सीमा विवाद का समाधान हुए बिना भारत क्यों चीन के साथ गलबहियां करने के लिए आतुर दिख रहा है। चीन-पाक जुगलबंदी और आतंकवाद पर चीन के स्टैंड (पाकिस्तानी आतंकवादी अब्दुल रहमान मक्की के मामले में वीटो करना) के बावजूद अगर भारत चीन के साथ कदम-ताल को आतुर है तो इसे विदेश नीति के मोर्चे पर भारत की बड़ी चूक ही कहा जाएगा।

चीन की भूमिका पर सवाल

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी चीन की भूमिका पर सवाल उठे। ढेर सारे अंतर्विरोधों के बावजूद यदि दोनों देशों के संबंधों में आत्मीयता का भाव लम्बे समय बाद होने वाली राष्ट्राध्यक्षों की बैठक से उत्पन्न होने की उम्मीद की जा रही है तो इसे अतिविश्वास की पराकाष्ठा ही कहा जा सकता है। लेकिन जैसा कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति में कहा जाता रहा है कि राष्ट्रीय हित समय, काल और परिस्थितियों के हिसाब से बदलते रहते हैं। भारत-चीन संबंधों में भी यह लागू हो सकता है, बशर्ते कि चीन अपनी विस्तारवाद की नीति से बाहर निकले। कम से कम भारतीय उपमहाद्वीप के संदर्भ में तो अवश्य ही। बहरहाल भारत-चीन संबंधों में पुनर्स्थापना की जो प्रक्रिया शुरू हुई है वह किस रूप में आगे बढ़ेगी, इसका दारोमदार पूरी तरह से चीन पर निर्भर है।

जिले भर के थाना क्षेत्रों में पुलिस ने की कार्रवाई

पारधियों के ठिकानों पर दबिश, संदिग्ध घरों की तलाशी, अवैध कच्ची शराब कराई नष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देश पर जिलेभर में पारधियों की गतिविधियों की जांच, फरार आरोपियों की तलाश एवं अवैध शराब निर्माण पर प्रभावी रोकथाम हेतु पुलिस की कई टीमें अलग-अलग क्षेत्रों में सक्रिय रहीं। पुलिस ने रेड कार्रवाई को अंजाम देते हुए संदिग्ध ठिकानों में दबिश दी और बदमाश प्रवत्ति के लोगों की तलाश की।

थाना प्रभारी कुठला राजेन्द्र मिश्रा, थाना प्रभारी स्लीमनाबाद सुदेश समन एवं पुलिस बल ने ग्राम कुडो, हरदुआ, हरदुआ मदार टेकरी व पठरा का भ्रमण किया। कार्रवाई के दौरान कई संदिग्ध घरों एवं झोपड़ियों की तलाशी ली गई। जिन स्थानों पर अवैध शराब, लाहन एवं अन्य आपत्तिजनक सामग्री पाई गई, उन्हें मौके पर नष्ट कराया गया। पुलिस ने कुछ संदिग्धों से पूछताछ कर सख्त चेतावनी दी तथा अवैध गतिविधियों पर तुरंत रोक लगाने के निर्देश दिए। एसडीओपी विजयराघवगढ़ धीरेन्द्र धार्वे के नेतृत्व में थाना प्रभारी बरही शैलेंद्र यादव व थाना प्रभारी विजयराघवगढ़ रीतेश शर्मा की टीम ने हीरापुर, ददरी एवं फूटहा टोला का भ्रमण करते हुए रेड कार्रवाई को अंजाम दिया। ग्राम हीरापुर में लगभग 400 किलो महुआ लाहन नष्ट किया गया। ग्राम ददरी में भी पारधियों के घर से महुआ लाहन बरामद कर नष्ट कराया गया। डीएसपी हेडक्वार्टर उमराव सिंह के नेतृत्व में

थाना प्रभारी रीठी शाहिद खान एवं थाना प्रभारी बहोरीबंद अखिलेश दाहिया ने ग्राम बिरूहली व सगमा में फरार आरोपीयों की तलाश की एवं बड़ी मात्रा में महुआ लाहन नष्ट कराया।।थाना बड़वारा प्रभारी के.के. पटेल एवं थाना एनकेजे पुलिस बल ने ग्राम बसाडी, धौरा पहाड़ी व निगेरा पहाड़ी में परधियों के डेरे व संदिग्ध गतिविधियों की जांच की। बिलहरी चौकी पुलिस द्वारा ग्राम घुघरा, कैमोरी एवं करहिया में पारधी एवं नागड़िया समाज के लोगों के डेरे व झोपड़ियों की गहन तलाशी ली गई।।चैकिंग के दौरान अवैध शराब निर्माण में प्रयुक्त महुआ-लाहन एवं अन्य आपत्तिजनक सामग्री पाई गई, जिन्हें मौके पर नष्ट किया गया। 3 व्यक्तियों के विरुद्ध अवैध कच्ची महुआ शराब रखने पर प्रकरण दर्ज कर शराब जब्त की गई। थाना विजयरघवगढ़ पुलिस द्वारा ग्राम फुटहा टोला ख़िरबा में दबिश दी गई, जहां अवैध शराब निर्माण में प्रयुक्त महुआ-लाहन नष्ट किया गया।

नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

सतना। नागौद पुलिस ने एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।आरोपी,जिसकी पहचान रमाकांत उर्फ पंडा प्रजापति के रूप में हुई है,को अदालत में पेश किया गया,जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है। पीड़िता ने नागौद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि पिछले साल एक शादी समारोह में उसकी मुलाकात आरोपी रमाकांत से हुई थी। इसके बाद,दोनों के बीच बातचीत शुरू हो गई। 6 जून 2025 को आरोपी ने पीड़िता को उसकी मामी के घर से बाहर बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के करीब दो महीने बाद,पीड़िता की तबीयत बिगड़ने पर जांच में सामने आया कि वह गर्भवती है। पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी रमाकांत उर्फ पंडा प्रजापति,निवासी रहिकवारा,थाना नागौद,जिला सतना को गिरफ्तार किया। इस कार्यवाही में नागौद पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देश पर थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक पाण्डेय के नेतृत्व में उपनिरीक्षक सत्यकीर्ति सिंह,महिला आरक्षक पूजा मालवीय और आरक्षक मुनेश सिंह व शैलेंद्र यादव ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

परिवार ने मांगी सुरक्षा, पार्षद ने कलेक्टर-एसपी को दिया आवेदन

मैहर। जिला पंचायत के वार्ड क्रमांक-10 की सदस्य जयंती तिवारी ने अपने और अपने परिवार की सुरक्षा की मांग करते हुए कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को एक आवेदन पत्र सौंपा है। उन्होंने अपने आवेदन में कहा है कि पिछले कुछ दिनों से उनके कार्यालय के साइनबोर्ड पर लगातार तोड़फोड़ की घटनाएं हो रही हैं,जिससे इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है। जयंती तिवारी ने आशंका जताई है कि यह माहौल किसी अप्रिय घटना को जन्म दे सकता है। उन्होंने अधिकारियों से अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है। यह घटना नवरात्रि जैसे महत्वपूर्ण पर्व से पहले हुई है, जिससे सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। जिला प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरत रही है।

नेता प्रतिपक्ष योगराज कारो लिल्हारे ने लगाये आरोप

डीजल खरीदी के नाम पर लाखों का भ्रष्टाचार

प्रेस कांफ्रेंस कर बताया सत्ता के दबाव में नहीं हो रही हैं जांच

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट नगरपालिका में कांग्रेस ने बड़ा आरोप लगाते हुए कहा है कि यहां लाखों रुपए का डीजल घोटाला हुआ है। शनिवार को सर्किट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष योगराज कारो लिल्हारे और विधायक प्रतिनिधि शफकत खान ने कहा कि नगरपालिका में कई तरह के भ्रष्टाचार सामने आ रहे हैं, लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। नेता प्रतिपक्ष योगराज कारो लिल्हारे ने बताया कि डीजल घोटाले की जांच EOW कर रही है। इसकी जानकारी कलेक्टर को भी दी गई है। कलेक्टर ने जांच का भरोसा तो दिलाया, लेकिन सत्तापक्ष के दबाव में जांच लटक गई है। विधायक प्रतिनिधि शफकत खान ने कहा कि सिर्फ डीजल ही नहीं, रिक्शा कचरा खरीदी, कचरा वाहन, जल आवर्धन योजना, पीएम आवास योजना और सामग्री खरीदी जैसे मामलों में भी घोटाले हुए हैं। जबलपुर के संयुक्त संचालक ने इन मामलों की जांच के निर्देश दिए हैं, लेकिन अभी तक कुछ हुआ नहीं है। पूर्व सांसद मुंजारे ने नेता प्रतिपक्ष पर ही सवाल उठा दिए और उन्हें सत्तापक्ष का दलाल बताया। इस पर लिल्हारे ने जवाब देते हुए कहा कि अगर एक भी दलाली का मामला साबित हो जाए, तो वे खुद जेल जाने को तैयार हैं। लिल्हारे ने यह भी बताया कि नगर में स्विमिंग पूल और मिनी स्टेडियम का भूमिपूजन होने के बाद भी काम शुरू नहीं हुआ है। अगर जल्द काम शुरू नहीं हुआ तो कांग्रेस पार्षद आंदोलन करेंगे।

किसान पर भालू ने किया हमला, घायल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के लालबर्रा क्षेत्र में शनिवार दोपहर को एक भालू ने खेत में काम कर रहे किसान पर हमला कर दिया। बोरी के उपसरपंच रघुनाथ मर्सकोले (50) अपनी पत्नी के साथ जंगल से लगे खेत में काम कर रहे थे। भालू के हमले में रघुनाथ के सिर, गर्दन, हाथ, पीठ और पैर में गंभीर चोटें आईं।

पति पर हमला देख पत्नी ने शोर मचाया। आसपास के खेतों में काम कर रहे लोगों ने दौड़कर भालू को भगा दिया। ग्रामीणों के मुताबिक, वहां दो भालुओं का जोड़ा था, जो हमले के बाद जंगल की ओर भाग गया। सरपंच प्रतिनिधि प्रेमचंद बारमाटे और ग्रामीण घायल रघुनाथ को लालबर्रा अस्पताल ले गए। वन विभाग को सूचना मिलने पर रेंजर टी. मड़ावी ने अस्पताल पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की। विभाग ने इलाज के लिए 2 हजार रुपए की सहायता दी। साथ ही आगे के इलाज और दवाइयों का खर्च भी देने का आश्वासन दिया। गंभीर चोटों के कारण रघुनाथ को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। रेंजर मड़ावी ने बताया कि बोरीटोला में हुई इस घटना के बाद घायल किसान की स्थिति पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि जंगल से वन्यप्राणी रहवासी क्षेत्र में ना आए, इसके लिए लगातार गश्त की जा रही है। हमारी लोगों से अपील कि वह सुबह अकेले खेत या जंगल न जाए। जंगलो में वन्यप्राणियों का मूवमेंट बना रहता है, जिसको लेकर लोग सतर्क रहे और सावधानी बरते।

तापमान में कमी से बाघ हुए बेफिक्र सड़क पर दिखी बाघिन संग शावक

सिवनी जिले के कुरई विकास खण्ड अंतर्गत पेंच टाइगर रिजर्व से लगे जंगल क्षेत्र पिंडरई मार्ग में एक रोमांचक दृश्य सामने आया है। पिंडरई-कुरई मार्ग पर रात के समय एक बाघिन अपने चार शावकों के साथ चहलकदमी करती नजर आई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

मार्ग से गुजरने वाले लोगों ने इस दुर्लभ नजारे को कैमरे में कैद किया। वर्तमान में पेंच नेशनल पार्क के गेट बंद हैं। इस दौरान जंगल से लगे क्षेत्रों में बाघ और अन्य वन्य प्राणी आसानी से दिखाई दे रहे हैं। तापमान में कमी और घास की बढ़ोतरी के कारण वन्यप्राणी जंगल से बाहर निकल रहे हैं। सामान्य दिनों में पेंच नेशनल पार्क में बड़ी संख्या में पर्यटक सफारी के लिए आते हैं।

पर्यटकों को बीजामट्टा बाघिन, पाड़देव बाघिन, लक्ष्मी बाघिन, काला पहाड़ बाघिन, एल मार्क और स्वास्तिक नर बाघ दिखाई देते हैं। पेंच राष्ट्रीय उद्यान 1179 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला है। यहां 325 प्रजातियों के पक्षी पाए जाते हैं। पार्क के कोर क्षेत्र में 82.30 वर्ग किलोमीटर में फैले करीब 116 किलोमीटर के कच्चे रास्तों पर पर्यटकों को सफारी कराई जाती है। अधिकतर पर्यटक दुरिया गेट से पार्क में प्रवेश करते हैं। खवासा के तेलिया बफर जोन में दिन-रात सफारी की सुविधा कई वर्षों से उपलब्ध है।

शासकीय आईटीआई में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) सिवनी में प्रवेश सत्र 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया जारी है। संस्था में संचालित विभिन्न व्यवसायों की रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं।

संस्था में कंप्यूटर डेस्कटॉप पब्लिशिंग ऑपरेटर में 07 सीट, फिटर में 01 सीट, कारपेंटर में 16 सीट, वेल्डर में 12 सीट, टर्नर में 04 सीट तथा ड्राफ्ट्समैन सिविल में 10 सीट रिक्त हैं। कुल 50 सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर दिनांक 01 सितम्बर 2025 से 10 सितम्बर 2025 तक संपन्न की जाएगी।

इच्छुक आवेदक निर्धारित तिथियों में शासकीय आईटीआई सिवनी में उपस्थित होकर प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही, नवीन रजिस्ट्रेशन, चॉइस फिलिंग एवं त्रुटि सुधार के लिए पोर्टल भी प्रारंभ कर दिया गया है, जिसके माध्यम से आवेदक किसी एक आईटीआई की किसी एक ट्रेड का चयन कर सकेंगे। अधिक जानकारी एवं मार्गदर्शन हेतु शासकीय आईटीआई सिवनी परिसर में स्थापित हेल्प डेस्क से प्रतिदिन संपर्क किया जा सकता है।

सर्पदंश से घायल युवक अस्पताल में भर्ती, हालत खतरे से बाहर

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।

पवित्र नगरी अमरकंटक के सुप्रसिद्ध समोसा व्यवसायी, वार्ड क्रमांक 12 मुख्य मार्ग निवासी नागेश्वर यादव के ज्येष्ठ पुत्र सतीश यादव (20 वर्ष) को शनिवार को दोपहर लगभग 12 बजे मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम के होलीडे होम्स में कार्य के दौरान हरे रंग के सर्प ने काट लिया। सतीश यादव, जो होलीडे होम्स में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी के रूप में वृक्षों की कटाई-छंटाई का कार्य कर रहे थे, तभी एक हरा सर्प वृक्ष से गिरकर उनकी उंगली में काट गया। उपस्थित लोगों ने तत्काल उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमरकंटक पहुँचाया।

शिक्षक ने छात्रा से की अश्लील हरकत

निवास। हाल के वर्ष में जिले व जिले से सटे जिलों के छात्रावास या छात्रावास में रहकर अध्यनरत छात्र छात्राओं को कुछ ज्यादा ही परेशानी पेश आई हैए जिनमें निवास के आदर्श एकलव्य छात्रावास के कुप्रबंधन से छात्रा शिल्पा मरावी की असमय मौत ने सभी को झकझोर कर रख दिया हैए ये मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ है और दूसरा कृत्य हो गया।जानकारी अनुसार निवास थाने में हुई दर्ज की गई रिपोर्ट में बबलिया क्षेत्र के बरबटी स्कूल में पदस्थ आरोपी शिक्षक मनोज चक्रवर्ती ने 10 वीं क्लास की छात्रा कोप्राचार्य कक्ष में बुलाकर स्कूल की चाबी लाने के लिए भेजाए जब छात्रा चाबी लेकर वापस पहुंची तो कलयुगी शिक्षक के मन का शैतान जाग उठा और शिक्षक छात्रा के अकेलेपन का फायदा उठाने की कोशिश कीए लिखाई गई रिपोर्ट के मुताबिक शिक्षक ने छात्रा को सीने से चिपटाकर अश्लील हरकत करते हुये बातें कीए इस अप्रत्यासित घटना व कलयुगी शिक्षक की इस करतूत से आहत और डरी छात्रा शासकीय छात्रावास पहुंचकर अपनी सहपाठी छात्राओं को आपबीती बताई पश्चात पिता को घटना की जानकारी दी।

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार बबलिया के कुछ राजनीति से जुड़े लोगों ने पैसों के दम पर मामले को दबाने का असफल प्रयास किया और आरोपी शिक्षक भी किसी तरह मामले पर पर्दा डालने का षडयंत्र रच रहा हैए ज्ञात हो कि इस तरह के घिनोने अपराध में ;बीएनएसद्ध पॉस्को की धारा 7 के तहत यौन इरादे से बच्चे को छूना या अन्य गैर.पेनेट्रेटिव कृत्य शामिल हैंए जिसमें आरोपीत को 3 से 5 वर्ष का कारावास और जुर्माना का प्रावधान है।शुक्रवार 29ध्08ध्2025 को पिता के साथ पहुँची छात्रा की शिकायत पर निवास पुलिस ने 74 75**bns** 3/4 **Pocso act st/sc act**मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है।

इनका कहना है..

एक छात्रा ने अपने शिक्षक पर बदनीयती से छेड़छाड़ के आरोप की शिकायत दर्ज कराई हैए मेरे द्वारा आरोपी की पतासाजी कर गिरफ्तारी करने बल लगा दिया गया है।

वर्षा पटेल ;थाना इंचार्ज निवास

नशीली सिरप बेचते हुए युवक गिरफ्तार

रीवा। जिले के बैकुंठपुर थाना पुलिस ने घूम-घूमकर नशीले सिरप की बिक्री करते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक के पास से झोले में रखी नशीली सिरप जप्त की गई है। पूंछताछ में आरोपी ने दो सप्लायरों के भी नाम बताए है, जिनके पास से वह खेप लाकर बिक्री करता था।पुलिस ने फिलहाल तस्कर सहित दो सप्लायरों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट सहित औषधि अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है और सप्लायरों की तलाश शुरू कर दी है। दरअसल यह कार्यवाही जिले की बैकुंठपुर पुलिस ने की है। बैकुठपुर थाना प्रभारी जेपी पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि कस्बे में स्वदीप उर्फ लकी कोल के द्वारा नशीले सिरप की बिक्री किए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी, जिसे नशीली सिरप के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि पूंछताछ में आरोपी ने नशे की खेप पलहान निवासी जितेंद्र सिंह और सनी सिंह से लाना बताया है। मामले में फिलहाल आरोपी के बयान के आधार पर कुल तीन लोगों के विरुद्ध एनडीपीएस का अपराध दर किया गया है, जिनमें स्वदीप उर्फ लकी को गिरफ्तार किया जा चुका है जबकि दो अन्य की तलाश की जा रही है।

पुलिस ने की 35 लीटर अवैध शराब जब्त

शहडोल। जिले में अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से विशेष अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी की गई। पुलिस की इस संयुक्त कार्रवाई में कुल 06 स्थानों पर दबिश दी गई, जहां से 35 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जब्त की गई।

जिला सायबर सेल टीम द्वारा सायबर फ्रॉड से जुड़े 132 मोबाइल डिवाइसेज़ को कराया ब्लॉक

साइबर फ्राडः जागरूक रहना जरूरी, नहीं तो जालसाज लगा सकते हैं चपत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आधुनिकता के इस युग में हर व्यक्ति के जेब में एंड्राइड मोबाइल है, मोबाइल कई तरह की सुविधाओं उपलब्ध कराता है। आज मोबाइल न सिर्फ संपर्क तक सीमित है बल्कि आपका चलता फिरता बैंक अकाउंट है। जरा सी असावधानी या जागरूकता की कमी से बैंक अकाउंट खाली होने में समय नहीं लगता। साइबर क्राइम के बढ़ते मामलों को देखते हुए विभिन्न माध्यमों से लोगों को जागरूक करने के प्रयास किये जा रहे हैं। बैंकों अधिकारियों से लेकर पुलिस द्वारा भी आम नागरिकों को जालसाजो के झांसा में नहीं आने तथा अपनी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा नहीं करने जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। दूसरी ओर साइबर क्राइम करने वाले भी नित नये तरीकों से लोगों को कभी धमकाकर तो कभी लालच देकर बातों में उलझाकर गोपनीय जानकारी एकत्र कर तगड़ी आर्थिक चपत लगा रहे हैं। जब तक लोगों को ठगे जाने का अहसास होता है तब तक देर हो जाती है।

इन नंबरों में कर सकते हैं शिकायत

सायबर अपराधों की रोकथाम एवं पीड़ितों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डहेरिया के मार्गदर्शन में जिला सायबर सेल टीम द्वारा अब तक सायबर फ्रॉड से जुड़े 132 मोबाइल डिवाइसेज़ को चिन्हित कर ब्लॉक करवाया गया है। कटनी पुलिस के द्वारा साइबर फ्रॉड को रोकने के लिए अब तक की है सबसे बड़ी कार्यवाही कहीं जा सकती है। फाइबर फ्रॉड पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्यवाहियां चल रही है पुलिस अलर्ट रहकर हर संभव प्रयास करती हुई दिखाई दे रही है।

पुलिस अधीक्षक कटनी द्वारा जिला सायबर हेल्पलाइन नंबर 7049140613 तथा नेशनल सायबर हेल्पलाइन नंबर 1930 जारी किए गए हैं, जिनके माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर एनसीआरपी पोर्टल के जरिए कंप्लेन रजिस्टर कर फ्रॉड अमाउंट को फ्रीज करवाने की कार्रवाई भी कटनी साइबर टीम के द्वारा की जा रही है। अब तक की जांच में पाया गया है कि सायबर फ्रॉडस्टर धोखाधड़ी करने हेतु फर्जी बैंक खाते एवं फर्जी मोबाइल सिम का उपयोग किया जा रहा हैं। अलग-अलग राज्यों से फर्जी दस्तावेजों या लोगों को लालच देकर सिम खरीदी जाती हैं तथा इन्हें हॉटस्पॉट बनाकर फ्रॉड गतिविधियों में प्रयोग किया जाता है। ऐसे ही संदिग्ध मोबाइल डिवाइसेज़ की पहचान कर उन्हें कटनी साइबर टीम के द्वारा ब्लॉक करवाया गया, जिससे अब इनका दुरुपयोग संभव नहीं होगा। इस कार्रवाई में प्रभारी सायबर सेल उनि रूपेन्द्र सिंह राजपूत एवं जिला सायबर सेल टीम की महत्वपूर्ण भूमिका है। कटनी पुलिस आमजन से अपील करती है कि किसी भी प्रकार के सायबर फ्रॉड की स्थिति में तत्काल 1930 या जिला सायबर हेल्पलाइन नंबर 7049140613 पर संपर्क करें।

जालसाज लोगों को लालच एवं कार्यवाही का दिखाते हैं डर

जालसाज लोगों को कई तरह से अपनी चंगुल में फंसाने का प्रयास करते हैं। अमूमन अक्सर जालसाज फोन के माध्यम से लोगों को लालच या फिर कानूनी कार्यवाही किये जाने की बात कहते हैं कि आपके विरूद्ध फलां धारा के तहत अपराध दर्ज किया जा रहा है बचना है तो इतने पैसे तुरंत भेजिए। बैंक प्रतिनिधि बनकर एटीएम बंद होने या फिर किसी योजना का लालच देकर बातों पर उलझाकर आर्थिक चपत लगाते हैं। पुलिस प्रशासन से लेकर बैंकों द्वारा समय समय पर लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि ऐसे किसी भी अनजान कॉल पर भरोसा नहीं करें।

शिवपुरी नगर पालिका परिषद में अनियमितताओं पर सख्त कार्रवाई, तीन सीएमओ निलंबित

कार्यों मे लापरवाही करने के कारण गिरी गाज

नगरीय प्रशासन आयुक्त के निर्देश पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त संकेत भोंडवे ने नगरीय निकायों की कार्य-प्रणाली में अनुशासनहीनता एवं अनियमितता को लेकर सख्त रुख अपनाया है।

इसी कड़ी में नगर पालिका परिषद शिवपुरी के वर्तमान मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) ईशांक धाकड़ तथा पूर्व सीएमओ शैलेष अवस्थी एवं केशव सिंह सगर को निलंबित कर दिया है।

व्यवस्थाओं को सुधारने कुछ नहीं किया

पालिका परिषद शिवपुरी का गठन अगस्त-2022 में हुआ था। तब से लेकर अब तक कार्यालयीन अव्यवस्था, कार्यों में लापरवाही और जवाबदेही की कमी स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई है। प्राप्त शिकायतों एवं शिवपुरी कलेक्टर की ओर से प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर यह पाया गया कि इन तीनों अधिकारियों की ओर से कार्यालय व्यवस्था सुधारने के लिए कोई प्रभावी पहल नहीं की गई। इसके चलते निकाय में अराजकता एवं अविश्वास का वातावरण निर्मित हुआ।

आयुक्त ने इन सीएमओ को निलंबित कर दिया

आयुक्त भोंडवे ने तीनों सीएमओ को निलंबित कर दिया है। ईशांक धाकड़ (वर्तमान सीएमओ) को निलंबन अवधि के दौरान संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन कार्यालय, ग्वालियर मुख्यालय पर उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया गया है। वहीं शैलेष अवस्थी तथा केशव सिंह सगर (पूर्व सीएमओ) को निलंबन अवधि के दौरान संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन कार्यालय, इंदौर मुख्यालय में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। तीनों अधिकारियों को इस दौरान जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। भोंडवे ने स्पष्ट किया है कि नगरीय निकायों में सुशासन, पारदर्शिता और जिम्मेदारी सुनिश्चित करने के लिए भविष्य में भी ऐसी कठोर कार्रवाई की जाती रहेगी।

लांजी में टंकी निर्माण में गंभीर खामियां मिली

जल जीवन मिशन कार्य में लापरवाही पर दो अधिकारी निलंबित

बालाघाट जिले के लांजी विकासखंड के तहत ग्राम पंचायत बातेगांव को हस्तांतरित नलजल योजना के तहत निर्मित 100 केएल क्षमता की उच्च स्तरीय टंकी 28 अगस्त को क्षतिग्रस्त होने विभाग ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए जिम्मेदार एजेंसी और अधिकारियों पर तुरंत कार्रवाई की। टंकी का निर्माण मैसर्स रायसिंह एण्ड कंपनी बालाघाट की ओर से किया गया था। निर्माण में गंभीर त्रुटियां के सामने आने पर संबंधित एजेंसी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। विभागीय स्तर पर भी कठोर कदम उठाते हुए उपयंत्री बीएल उइके और प्रभारी सहायक यंत्री एचके बागेश्वर को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही कार्यपालन यंत्री एवं अन्य सहायक यंत्री जो वर्तमान में सेवानिवृत्त हैं, उनके विरुद्ध पेंशन नियमों के तहत कार्रवाई के लिए प्रस्ताव प्रमुख अभियंता से मंगाए जा रहे हैं। अपर सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी अभिषेक सिंह ने बताया कि निलंबन के आदेश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि शासन कार्यों में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों पर कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित होगी।

खबर संक्षेप

17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक होगा सेवा पखवाड़ा के आयोजनः यति

भोपाल। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को भोपाल जिला पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। भोपाल जिलाध्यक्ष रविन्द्र यति ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक होने वाले कार्यक्रमों के लिए प्रदेश एवं जिला स्तरीय अलग-अलग प्रभारियों की टोली बनाई गई है। भोपाल जिलाध्यक्ष रविन्द्र यति ने कहा कि देश का सर्वांगीण विकास एवं निरंतर उंचाईयों पर ले जाने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन 17 सितंबर को है। मोदी के जन्मदिन पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर गांधी जंयती तक सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा।

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में आयोजित हुए कार्यक्रम

भोपाल। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के मेजर ध्यानचंद इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन में राष्ट्रीय खेल दिवस (29 अगस्त) के अवसर पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलकूद गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर इंचार्ज डॉ. आलोक मिश्रा ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा है, यह न केवल शारीरिक और मानसिक विकास को बढ़ाता है बल्कि उत्पादकता में भी वृद्धि करता है, जिससे देश और प्रदेश की प्रगति को नई दिशा मिलती है। कार्यक्रम में खेलों के महत्व पर विचार-विमर्श, खिलाड़ियों को सम्मानित करने तथा विद्यार्थियों को खेल भावना से आगे बढ़ने का संदेश दिया गया। संस्थान ने इस दिन को प्रेरणादायी वातावरण में मनाया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने फिट इंडिया अभियान में खिलाड़ियों और नागरिकों को दिलाई शपथ

राष्ट्रीय खेल दिवस पर नई सीएम ने दिल्ली से किया वर्चुअली संबोधित

हम जो भी हों, सबसे पहले भारतीय हैं व भारत का गौरव बढ़ाने के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश और अन्य राज्यों के खिलाड़ी ओलिंपिक और एशियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। भारत में आने वाले वर्षों में कॉमनवेल्थ गेम्स का आयोजन होने जा रहा है। उम्मीद है कि भविष्य में ओलिंपिक के भव्य आयोजन का सौभाग्य भी भारत को ही मिलेगा। यदि ऐसा होता है, तो इससे मध्यप्रदेश में भी खेलों के विकास सहित विस्तार गतिविधियों को नई दिशा, नई ऊर्जा मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को राष्ट्रीय खेल दिवस पर फिट इंडिया अभियान के तहत भोपाल के मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम को नई दिल्ली से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की 120वीं जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मेजर ध्यानचंद हमेशा देश के लिए जिए। वर्ष 1936 में मेजर ध्यानचंद ने ओलिंपिक के एक अहम मुकाबले में एक के बाद एक तीन गोल दागकर स्टेडियम मे मौजूद सभी दर्शकों को चकित कर दिया था। इस मैच में भारत को विजय मिली थी। तब जर्मन तानाशाह हिटलर ने उनसे पूछा कि आप किस रैंक पर हैं। उन्होंने कहा कि मैं कारपोरल हूं। हिटलर ने उनसे कहा कि मैं आपको सेना में हायर रैंक दूंगा। लेकिन मेजर साहब ने बड़ी विनम्रता से इनकार कर दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मेजर ध्यानचंद के इस प्रसंग से हमारे सभी खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलती है कि हम जो भी हों सबसे पहले हम भारतीय हैं और भारत का गौरव बढ़ाने के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर उपस्थित सभी खिलाड़ियों एवं अन्य नागरिकों को 'फिट इंडिया अभियान' की शपथ भी दिलाई। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर प्रदेश के हर विकासखंड में विभिन्न प्रकार की खेल गतिविधियां आयोजित की गईं। इसी उपलक्ष्य में मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम भोपाल में मध्यप्रदेश हॉकी अकादमी और पश्चिमी रेलवे के बीच हॉकी का एक मैत्री मैच भी आयोजित किया गया।

मध्यप्रदेश और अन्य राज्यों के खिलाड़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे

- *मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर दी शुभकामनाएं*
- *प्रदेश के हर विकासखंड में हुई खेल गतिविधियां*
- *भोपाल में मेजर ध्यान हॉकी स्टेडियम में आयोजन*

फिटनेस को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएं: मंत्री सारंग

सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि फिट इंडिया से बनेगा हिट इंडिया। राष्ट्रीय खेल दिवस पर हमारा लक्ष्य है कि हर आयु वर्ग खेलों से जुड़े और फिटनेस को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाए। उन्होंने खिलाड़ियों से आह्वान किया कि प्रत्येक खिलाड़ी अगले तीन माह में कम से कम 10 लोगों को खेल और फिटनेस से जोड़े। जब खिलाड़ी खुद प्रेरणा स्रोत बनकर समाज में खेलों को बढ़ावा देंगे, तब यह आंदोलन घर-घर पहुंचेगा और भारत स्वस्थ एवं सक्षम बनेगा।

विश्वास ने पूर्व खिलाड़ियों को किया सम्मानित

मंत्री सारंग ने देश को गौरवान्वित करने वाले पूर्व खिलाड़ियों का सम्मान किया। इनमें 1976 ओलिंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले ओलिंपियन हॉकी खिलाड़ी मेहबूब खान, 1978 एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य मो. युसुफ, वर्ष 2000 सिडनी ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम का हिस्सा रहे समीर दाद, वर्ष 2017 वर्ल्ड रेड स्नूकर चैंपियनशिप के पदक विजेता कमल चावला और वर्ष 2016 रियो ओलंपिक में भाग लेने वाले लोंग जंप खिलाड़ी अंकित शर्मा शामिल थे।



रोमांचक मुकाबले में मप्र हॉकी टीम की हुई जीत

मैत्री हॉकी मैच में मप्र हॉकी अकादमी ने पश्चिम रेलवे को 3-2 से पराजित किया। मैच की शुरुआत में पश्चिम मध्य रेलवे टीम ने बढ़त बनाई। मंच के 8वें मिनट में कप्तान जमीर ने पहला गोल और 12वें मिनट में मो. ताज ने दूसरा गोल दागा। हालांकि इसके बाद मध्यप्रदेश हॉकी अकादमी ने शानदार वापसी की। मैच के 15वें मिनट में कप्तान कुनेन दाद ने पहला गोल दागा, 20वें मिनट में मो. अनस ने बराबरी दिलाई और 29वें मिनट में आदित्य ने निर्णायक तीसरा गोल दागकर अकादमी को जीत दिलाई।

राजधानी के भारतीय खेल प्राधिकरण, मध्य क्षेत्रीय केंद्र में राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 का आयोजन

जीवन में खेलों का विशेष महत्व, इससे टीम भावना का विकास होता है : सांसद शर्मा

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक शर्मा ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर भारतीय खेल प्राधिकरण, मध्य क्षेत्रीय केन्द्र, भोपाल में महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस के अवसर पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक शर्मा ने कहा कि महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस पर देश भर में राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी दिन, वर्ष 2019 में, माननीय प्रधानमंत्री द्वारा फिट इंडिया मूवमेंट की शुरुआत की गई थी, जिसने लाखों लोगों को फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस वर्ष का उत्सव ओलंपिक भावना के प्रति भारत की गहरी प्रशंसा को दर्शाता है, जिसमें उत्कृष्टता, मित्रता और सम्मान जैसे मूल्यों को आत्मसात किया गया।

जीवन में खेलों का विशेष महत्व

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शर्मा ने कहा कि जीवन में खेलों का विशेष महत्व है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी से प्रतिदिन कम से कम एक घंटा खेल मैदान में व्यायाम करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि बच्चे, युवा और वरिष्ठ नागरिक सभी को फिट इंडिया आंदोलन से जुड़कर अपनी सेहत सुधारनी चाहिए। सांसद आलोक शर्मा ने भारतीय खेल प्राधिकरण, मध्य क्षेत्रीय केन्द्र, भोपाल के खिलाड़ियों और कोचों की सराहना की, जिन्होंने भारतीय खेलों के स्तर को ऊंचा उठाने में निरंतर प्रयास किए हैं। उन्होंने "सांसद खेल महोत्सव" के शुभारंभ की भी घोषणा की, जो 21 सितंबर से शुरू होगा। 50 खिलाड़ियों ने पंजीयन कराया।

सक्ती थाना क्षेत्र का मामला, न्यायिक रिमांड पर भेजा

मारपीट के फरार आरोपी पुलिस गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

जिले में पुलिस ने घर में घुसकर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। आरोपी काफी समय से फरार चल रहे थे। मामला सक्ती थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार, झूलकदम निवासी पीड़ित पुरुषोत्तम बरेठ ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 14 मई 2025 की रात 11 बजे बस स्टैंड सक्ती पर उसके पुराने दोस्त अरुण श्रीवास, मनोज श्रीवास और रोशन सिंह प्रधान से विवाद हुआ था। इसके बाद 15 मई की रात करीब 12:30 बजे तीनों आरोपी उसके घर की दीवार कूदकर अंदर घुसे और गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। पीड़ित के शोर

मचाने पर उसकी मां रामबाई, पिता कोमल कुमार और भाई भरत लाल बचाने आए तो आरोपियों ने उसकी मां के साथ भी मारपीट की। मामले में थाना सक्ती पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू की थी। घटना के बाद से आरोपी फरार थे। लगातार खोजबीन के दौरान 29 अगस्त को पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी अपने घर में मौजूद हैं। इस पर पुलिस ने घेराबंदी कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

नेन्द्रा स्कूल में था पदस्थ, दहशत का माहौल

नक्सलियों ने शिक्षादूत को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

नक्सलियों ने एक और शिक्षादूत की हत्या कर दी है। मृतक शिक्षादूत कल्लू ताती गंगालूर क्षेत्र के नेन्द्रा स्कूल में पदस्थ था। ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, कल्लू ताती का अपहरण नक्सलियों ने शुक्रवार शाम को स्कूल से लौटते समय कर लिया था। देर रात उसे मौत के घाट उतार दिया गया। कल्लू ताती बीजापुर के तोड़का गांव के रहने वाला था। बताया जा रहा है कि बंद स्कूलों के पुनः संचालन के बाद नक्सलियों ने अब तक कुल 9 शिक्षादूतों की हत्या कर दी है। इनमें से पांच हत्याएं बीजापुर जिले में और

चार सुकमा जिले में हुई हैं। लगातार हो रही इन घटनाओं से शिक्षकों और ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रहे इन शिक्षादूतों को निशाना बनाया जाना बेहद चिंता का विषय बन चुका है।

नहर में तैरता मिला नाबालिग का शव

रायपुर। में उस समय हड़कंप मच गया जब जुलुम गांव के पास नहर में एक नाबालिग लड़की का शव तैरता हुआ देखा गया। स्थानीय ग्रामीणों ने शव देखकर तुरंत पुलिस को सूचना दी। खबर मिलते ही मुजगहन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मृतका की पहचान 17 साल 7 महीने की प्रिया साहू के रूप में हुई है। घटना ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया है। फिलहाल मौत का कारण साफ नहीं हो पाया है। प्रथम दृष्टया यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि युवती की मौत किसी हादसे का नतीजा है या इसके पीछे कोई और वजह छिपी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और कहा है कि रिपोर्ट आने के बाद ही असली कारण सामने आ सकेगा। पुलिस के अनुसार पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

जबरन गाड़ी में बैठाकर की थी वारदात

सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों को आजीवन कारावास

⏭ बलरामपुर-रामानुजगंज

अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट शुभ्रा पचौरी ने नाबालिग पीड़िता के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में 3 आरोपियों को आजीवन कारावास एवं 20000 रुपये अर्थ दंड की सजा सुनाई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, कुसमी थाना क्षेत्र अंतर्गत पीड़िता अपने दीदी के यहां शादी कार्यक्रम में सम्मिलित होने गई थी। अभियुक्त विनोद एक्का उम्र 25 वर्ष, चंद्र प्रकाश मिंज उम्र 25 वर्ष, संदीप तिर्की उम्र 19 वर्ष, हंसपुर थाना करौंधा के रहने वाले हैं। जिन्होंने जबरदस्ती पीड़िता को स्कूटी पर बैठाया और जंगल ले लगे। वहां बांध के पास बारी-बारी से तीनों युवकों के द्वारा दुष्कर्म किया गया।



वहीं, उसे रात्रि 10 बजे किसी को नहीं बताने की बात धमकी देते हुए कहते हुए घर पर छोड़ दिया। पीड़िता के द्वारा घटना के दूसरे दिन लिखित शिकायत थाने में दर्ज कराई। कुसमी थाना के द्वारा जांच पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया। कोर्ट ने उन्हें आजीवन कारावास एवं 20000 रुपये अर्थ दंड की सजा सुनाई है।

डॉ. यादव को तीन सूत्रीय मांग पत्र भी सौंपे, विधायक कुशवाह पर सख्त कार्रवाई की मांग

भिंड मामले को लेकर आईएएस एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री से मिलकर जताया कड़ा एतराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भिंड में कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव के साथ विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह के दुर्व्यवहार को लेकर आईएएस एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मिलकर कड़ा एतराज जताया हैं। मुख्यमंत्री को तीन सूत्रीय मांग पत्र भी सौंपे। इसमें कानून के अनुसार विधायक पर सख्त कार्रवाई करने, इस घटना की पुनरावृत्ति रोकने, फील्ड अधिकारियों की गरिमा, स्वतंत्रता और सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा शिकायतों के समाधान के लिए जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच संवाद की व्यवस्था करने की मांग की।

अधिकारियों ने इस घटना की कड़ी निंदा भी की है। आईएएस एसोसिएशन के पदाधिकारी शुक्रवार देर रात मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मिले। अपने पत्र में अधिकारियों ने भिंड में घटित दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर विरोध दर्ज कराया।

कलेक्टर को भयभीत और अपमानित करने का प्रयास

अधिकारियों ने कहा कि विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने जिले के कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव को भयभीत करने एवं सार्वजनिक रूप से अपमानित करने का प्रयास किया है। ऐसा आचरण जिसमें कोई जनप्रतिनिधि किसी अधिकारी से दुर्व्यवहार करता है और उसे धमकता है न केवल सिविल सेवा की गरिमा को ठेस पहुंचती है, बल्कि लोकतांत्रिक शासन के उस मूल्य पर भी आघात करता है, जो निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और सिविल सेवकों के बीच परस्पर सम्मान पर आधारित है। डराने धमकाने जैसी घटनाएं सेवा दे रहे अधिकारियों का मनोबल गिरती है।

ठोस कार्रवाई की मांग

स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्णय लेने के वातावरण को गंभीर रूप से प्रभावित करती है। अधिकारियों ने कहा कि यह ध्यान देने योग्य है कि जिला कलेक्टर जिला स्तर पर सरकार का प्रतिनिधित्व करता है। जिला कलेक्टर का अपमान केवल उनकी ही नहीं बल्कि संपूर्ण शासन तंत्र की अधिकारिता का अपमान है। इसका परिणाम शासन व्यवस्था के ढांचे के लिए अत्यंत हानिकारक हो सकता है। अधिकारियों ने पत्र में लिखा कि सरकार का समय पर हस्तक्षेप न केवल क्षेत्र में कार्यरत अधिकारियों का मनोबल सुरक्षित रहेगा, बल्कि राज्य में सुशासन के सिद्धांतों को भी मजबूत करेगा। इस स्थिति में अधिकारियों की सुरक्षा गरिमा और निष्पक्ष कार्य प्रणाली के लिए हर संभव शीघ्र ठोस कार्रवाई की जाए।

लोक सेवकों की सुरक्षा लेकर सौंपेंगे ज्ञापन

भोपाल। राज्य शासकीय कर्मचारी अधिकार संरक्षण संघ भिंड के कलेक्टर के घर में घुसकर विधायक की गुंडागर्दी की निंदा करते हुए संगठन प्रदेश के लोक सेवकों की सुरक्षा के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और मुख्य सचिव अनुराग जैन को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग करेंगे। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि लोक सेवकों के साथ राजनीतिक गुंडागर्दी गैर संवैधानिक और निंदनीय है। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष भगवान सिंह ठाकुर, अध्यक्ष प्रणव खरे ने बताया कि जब भिंड जिले के कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव महफूज नहीं, तो आम सेवकों की क्या सामर्थ है। संगठन ने राज्य सरकार से लोक सेवकों की सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए सख्त कदम उठाए जाने की मांग की है।

रोचक खबरें

समंदर किनारे बनी 35 करोड़ की हवेली सिर्फ 1,180 रुपए में हो सकती है आपकी!

लंदन। इंग्लैंड के वेस्ट ससेक्स में समुद्र के किनारे स्थित एक आलीशान हवेली, जिसकी कीमत लगभग 30 लाख पाउंड (करीब 35.5 करोड़ रुपए) है, रैफल हाउस लिमिटेड द्वारा आयोजित एक रैफल के माध्यम से जीती जा सकती है, जो एक ब्रिटिश कंपनी है और प्रॉपर्टी रैफल्स में विशेषज्ञता रखती है। केवल 10 पाउंड (करीब 1,180 रुपए) में, ब्रिटिश नागरिकों के पास अब इस पूरी तरह से फर्निस्ड कोस्टल हाउस (तटीय घर) का मालिक बनने का मौका है, जिसमें छह बेडरूम, पांच बाथरूम, एक ऑरेंजरी, पानी की सुविधा वाला एक लैंडस्केप गार्डन और एक बड़ा सा ड्राइंग रूम है, जिसमें लॉग बर्नर भी है। इस घर का बाहरी भाग सफेद है और इसमें एक बरामदा भी है, जो समुद्र तट से कुछ ही मिनटों की दूरी पर है, जो इसे बड़े परिवारों या मेजबानी पसंद करने वालों के लिए आदर्श बनाता है। इस प्रस्ताव को और भी आकर्षक बनाने के लिए, इस ड्रॉ में हर एक एंट्री एक दूसरी संपत्ति जीतने का मौका भी देती है, वार्विकशायर में 25 लाख पाउंड का एक ऐतिहासिक सपनों का घर, जो कभी थॉमस क्रॉमवेल के स्वामित्व में था। दोनों संपत्तियों का कुल मूल्य 55 लाख पाउंड (65 करोड़ रुपए से ज़्यादा) है। प्रतिभागियों के पास जीतने पर, घर बदलने के बजाय नकद पुरस्कार चुनने का विकल्प भी है। प्रमोशनल '2-फॉर-1' रैफ़ल 31 अगस्त रात 11:45 बजे तक खुला रहेगा। खरीदे गए हर एक टिकट का मिलान बिना किसी अतिरिक्त लागत के दूसरे ड्रॉ के लिए ऑटोमेटिकली हो जाएगा।

माउंट फ़ूजी में होता है विस्फोट तो क्या होगा जापान का हाल

टोक्यो। जापानी सरकार ने हाल ही में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से बनाया गया एक वीडियो जारी किया है, जो यह दिखाता है कि माउंट फ़ूजी में विस्फोट होने पर क्या होगा। वीडियो शेयर करते हुए कहा गया कि, 'यह क्षण बिना किसी चेतावनी के आ सकता है।' टोक्यो मेट्रोपॉलिटन सरकार द्वारा जारी किया गया यह वीडियो जागरूकता बढ़ाने और निवारक उपायों की जरूरत पर प्रकाश डालने के लिए है।

वीडियो में दिखाया गया है कि ज्वालामुखी की राख विस्फोट के 1-2 घंटे के भीतर घनी आबादी वाले टोक्यो में गिरनी शुरू हो जाएगी, जिससे 2-10 सेंटीमीटर राख जमा होने की उम्मीद है, और राजधानी के पश्चिमी हिस्से में 30 सेंटीमीटर तक राख हो सकती है। वीडियो के अनुसार, रेल की पटरियों और रनवे पर राख के कारण ट्रेनें और विमान रुक जाएंगे। विजीबिलिटी कम होने और सड़कों पर फिसलन के कारण वाहन चलाना खतरनाक हो जाएगा। गीली राख के कारण बिजली की लाइनें बाधित होंगी, जिससे व्यापक बिजली कटौती होगी। फ़ोन और इंटरनेट सेवाएं भी बाधित होंगी। ज्वालामुखी की राख स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर सकती है। लोगों को जलन और सांस लेने में तकलीफ हो सकती है, खासकर अस्थमा जैसी पहले से मौजूद बीमारियों से ग्रस्त लोगों को। दुकानों में खाने-पीने की चीजें जल्दी खत्म हो जाएंगी, और अधिकारी लोगों को कम से कम तीन दिनों के लिए ज़रूरी सामान जमा करने की सलाह दे सकते हैं। राख 30 सेंटीमीटर से ज़्यादा जमा होने पर ही लोगों को निकालने की सलाह दी जाती है, खासकर लकड़ी की इमारतों के पास जहां गिरने का खतरा हो।

क्या बोले विशेषज्ञ- प्रोफ़ेसर किमिरो मेगुरो जैसे कुछ विशेषज्ञों ने इस सिमुलेशन को 'अलार्मिस्ट' कहा है। यह विशेष परिस्थितियों में सबसे खराब स्थिति को दर्शाता है। टोक्यो विश्वविद्यालय में आपदा न्यूनीकरण इंजीनियरिंग के प्रोफ़ेसर मेगुरो ने दिस वीक इन एशिया को बताया, 'जो सिमुलेशन दिखाया जा रहा है वह केवल विशेष परिस्थितियों में ही घटित होगा और इसकी कोई उच्च संभावना वाली घटना नहीं है।'

राशिफल

मेष — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

वृष — व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती

मिथुन — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

कर्क — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

सिंह — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

कन्या — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

तुला — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

वृश्चिक — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय

धनु — आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

मकर — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

कुंभ — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

मीन — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

एकता में ताकत

वैज्ञानिक कर रहे चींटियों पर रिसर्च

अब चींटियों के टीमवर्क से बनेगा भविष्य का रोबोट्स

सिडनी। अफ्रीका और दक्षिण प्रशांत के द्वीपों में रहने वाली बुनकर चींटियां पत्तों को जोड़कर अद्भुत घोंसले बनाती हैं। वैज्ञानिक हमेशा से ये जानना चाहते थे कि ये छोटी-छोटी चींटियां इतने बड़े पत्तों को कैसे मोड़ देती हैं। अब, मैक्वेरी विश्वविद्यालय (सिडनी) के वैज्ञानिकों ने एक चौंकाने वाली बात खोजी है। उन्होंने पाया कि अकेली चींटी से ज्यादा समूह या ग्रुप में काम करने वाली चींटियां ज्यादा ताकतवर होती हैं। करेंट बायोलॉजी पत्रिका में छपे शोध के मुताबिक, बुनकर चींटियां टीम में काम करने बहुत ज्यादा असरदार हो जाती हैं।

कैसे इतनी ताकतवर हो जाती हैं चींटियां?

अकेली चींटी अपने वजन से 60 गुना तक भार खींच सकती है। लेकिन. जब ये समूह में काम करती हैं तो हर एक चींटी अपने वजन से 103 गुना तक भार खींच पाती है। ये कमाल उनके चिपटिपे पैरों की वजह से होता है। इन पैरों की मदद से वे पत्तियों की सतह पर जंजीर जैसी पकड़ बना लेती हैं, जिससे खींचने में आसानी होती है।

कैसे की गई ये रिसर्च?

इसका अध्ययन करने के लिए जीवविज्ञानी क्रिस रीड और उनकी टीम ने उत्तर-पूर्वी ऑस्ट्रेलिया से चींटियों की 6 प्रजातियों को इकट्ठा किया। लैब में उन्होंने बल संवेदकों से जुड़े हुए कागज के टुकड़े इस्तेमाल किए। जब भी चींटियां इन कागजों को मोड़ती तो उनके खींचने की ताकत को मापा जाता।

रिसर्च में क्या सामने आया?

यह खोज इंसानों से बिल्कुल ही अलग है। इंसान जब भी बड़े समूह में काम करते हैं तो कम ताकत लगाते हैं, जिसे रिंगेलमैन प्रभाव कहते हैं। लेकिन, बुनकर चींटियां इससे उलट काम करती है और ये ग्रुप में काम करके अपनी व्यक्तिगत ताकत को बढ़ाती हैं। अब, वैज्ञानिक ये पता लगाने में जुटे हैं कि आखिरकार चींटियां बिना फिसले अपनी ताकत को कैसे बनाए रखती हैं।

इस खोज से क्या फायदा मिलेगा?

ये जानकारी रोबोटों की भी मदद कर सकती है। वैज्ञानिक चींटियों से सीखकर ऐसे रोबोट बना सकते हैं जो एक साथ मिलकर भारी सामान उठा सकें या खींच सकें। रीड कहते हैं, बुनकर चींटियां हमें सिखा सकती हैं कि बहुत काम करने वाली रोबोट टीमें कैसे बनाई जाती हैं। इस तरह, पेड़ पर रहने वाली ये छोटी चींटियां भविष्य में रोबोटिक्स के लिए बहुत महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।

पूर्ण चंद्र ग्रहण के लिए हो जाइए तैयार, 7 सितंबर को दिखेगा ब्लड मून

बीजिंग। आसमान में जल्दी ही एक ऐसा नजारा देखने को मिलेगा, जिसका खगोल विज्ञान में रुचि रखने वालों को इंतजार रहता है। 7 सितंबर को पूर्ण चंद्र ग्रहण होने जा रहा है। इस दौरान चांद का रंग बदलकर लाल हो जाएगा, जिसे ब्लड मून कहा जाता है। एशियाई देशों और पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में 7 सितंबर का पूर्ण चंद्र ग्रहण शुरू से अंत तक देखा जा सकेगा। दुनिया के कई दूसरे हिस्सों में इस ग्रहण के कुछ चरणों की झलक लोगों को देखने के मिल सकेगी।

7 सितंबर का पूर्ण चंद्र ग्रहण भारत , चीन, रूस, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया, पूर्वी अफ्रीका और अरब देशों के रहने वाले लोगों को सबसे अच्छे से देखने को मिलेगा। यह ग्रहण उत्तरी अमेरिका में दिखाई नहीं देगा लेकिन अलास्का के पश्चिमी भाग में आंशिक चंद्र ग्रहण दिखेगा। ब्रिटेन और पश्चिमी यूरोप में रहने वालों के लिए चंद्रमा के उदय होते ही ग्रहण का कुछ अंश देखने का मौका होगा।

भारत में चंद्र ग्रहण का समय

भारत में चंद्र ग्रहण 7 सितंबर को रात 08:58 बजे शुरू होकर 8 सितंबर को 01:25 तक चलेगा। इस दौरान लाल या नारंगी रंग का चंद्रमा (ब्लड मून) रहेगा। पूर्ण चंद्र ग्रहण तब होता है, जब पृथ्वी की छाया पूरी तरह से चांद की सतह पर पड़ती है। सूर्य का प्रकाश चंद्रमा की डिस्क को रोशन करता है, लेकिन बीच में पृथ्वी होने से सूर्य के प्रकाश को चंद्रमा तक पहुंचने से पहले पृथ्वी के वायुमंडल से होकर गुजरता है।

चीन में वैज्ञानिकों ने की अनोखी खोज, ढूंढ निकाली इंसानों की अजीबोगरीब प्रजाति

बीजिंग। दुनियाभर में अक्सर तरह-तरह की खोजें होती रहती हैं, जो न सिर्फ लोगों को बल्कि वैज्ञानिकों को भी हैरान कर देती हैं। ऐसी ही एक खोज चीन में हुई है, जिसने हर किसी को सोचने पर मजबूर कर दिया है। जर्नल ऑफ ह्यूमन इवोल्यूशन में प्रकाशित एक नए अध्ययन में दावा किया गया है कि चीन के वैज्ञानिकों की एक टीम ने दक्षिण-पूर्वी चीन की हुआलोंगडोंग गुफा में 21 जीवाश्म दांतों की खोज की है। दावा किया जा रहा है कि ये अवशेष लगभग 3 लाख साल पुराने हो सकते हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, अवशेष पुरातन और आधुनिक मानव विशेषताओं का एक अप्रत्याशित मिश्रण दर्शाते हैं, जिससे लगता है कि उस जमाने में ऐसे भी इंसान थे, जिनके बारे में किसी को भी नहीं पता। साल 2006 में पहली बार हुई खुदाई में हुआलोंगडोंग में कम से कम 16 जीवों के अवशेष मिले थे, जो मध्य प्लेइस्टोसिन काल के थे।

कैसे आई इंसानों की ये नई प्रजाति?

रिपोर्ट्स के मुताबिक, इंसानों की ये आबादी संभवतः किसी पहले से अज्ञात प्रजाति का प्रतिनिधित्व करती है जो आधुनिक मानव से नजदीक से संबंधित है और पूर्वी एशिया में अलग-थलग होकर विकसित हुई। अनुमान है कि ये वंश होमो सेपियन्स वंश से प्रारंभिक रूप से अलग हुआ होगा और निएंडरथल या डेनिसोवन से अलग रहा होगा। ये भी कहा जा रहा है कि इस क्षेत्र में आने वाले प्रारंभिक आधुनिक इंसानों और चीन में सैकड़ों हजारों वर्षों से रह रहे अवशेष होमो इरेक्टस आबादियों के बीच अंतःप्रजनन का परिणाम हो सकते हैं।

चेहरे आधुनिक शरीर पुरातन

हुआलोंगडोंग में मिले जीवाश्मों में सिर्फ दांत ही भ्रम पैदा करने वाला हिस्सा नहीं हैं, बल्कि उसी जगह से मिले कंकाल अवशेषों के पहले के विश्लेषणों से आधुनिक इंसानों के समान चेहरे की संरचना का पता चला था, जिसमें अपेक्षाकृत सपाट चेहरे और छोटे जबड़े शामिल थे, लेकिन अंगों के अनुपात और शारीरिक ढांचे बहुत पहले की प्रजातियों से मिलते-जुलते थे। वैज्ञानिकों के मुताबिक, उनके चेहरे आधुनिक थे, लेकिन शरीर पुरातन थे और अब उनके दांत भी यही कहानी बयां करते हैं। इससे ये बात पुख्ता होती है कि हुआलोंगडोंग होमिनिन सिर्फ ज्ञात प्रजातियों का एक और स्थानीय रूप नहीं थे, बल्कि संभवतः पूरी तरह से कुछ और ही थे।

अटलांटिक महासागर में खिंची नई तबाही की लकीर

270 साल पुराने विनाशकारी भूकंप का रहस्य सुलझा

लिस्बन। 1755 में पुर्तगाल की राजधानी लिस्बन में आए सबसे अधिक तबाही मचाने वाले भूकंप के रूप में इतिहास के पन्नों में दर्ज है। यह भूकंप 8.7 तीव्रता का था और ऑल सेंट्स डे के दिन आया था, जिसमें हजारों लोगों की जान चली गई थी और लगभग 85% इमारतें ध्वस्त हो गई थीं। यह यूरोप का सबसे विनाशकारी भूकंप भी माना जाता है। ये भूकंप आजतक वैज्ञानिकों के लिए एक पहेली बना हुआ था, जिसकी गुत्थी अब सुलझा ली गई है।

दशकों से वैज्ञानिक इस सवाल से परेशान रहे कि इतनी तबाही कैसे मुमकिन थी, जबकि उस क्षेत्र में कोई भी सबडक्शन जोन नहीं था, यानी वो जगह जहां एक टेक्टोनिक प्लेट दूसरी के नीचे खिसकती है। लेकिन, अब इस रहस्य पर से पर्दा हट गया है। नेचर जियोसाइंस में छपे एक नए स्टडी में इसका जवाब सामने आया है।

जीपिकॉन कॉन्फ्रेंस में जनरल मेडिसिन और गैस्ट्रोएन्टरोलॉजी की प्रगति पर चर्चा

जबलपुर। गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और मेडिसिन के क्षेत्र में नई प्रगति और नवीनतम जानकारी जानने के उद्देश्य से जनरल प्रैक्टिशनर्स कॉन्फ्रेंस - जीपिकॉन 2025 का आयोजन विगत दिनों वीसीए क्लब, जामठा, नागपुर में किया गया। इस वर्ष के सम्मेलन में 500 से अधिक डॉक्टरों और फैमिली फिजिशियंस ने हिस्सा लिया। कॉन्फ्रेंस की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन से हुई, जिसका उद्घाटन महाराष्ट्र सरकार के राजस्व मंत्री और नागपुर और अमरावती जिले के पालक मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। इस मौके पर डॉ. श्रीकांत मुकेवार (ऑर्गनाइजिंग चेयरपर्सन – जीपिकॉन 2025 और मैनेजिंग डायरेक्टर, मिडास हॉस्पिटल), डॉ. सौरभ मुकेवार (ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी – जीपिकॉन 2025 और डायरेक्टर, मिडास हॉस्पिटल, वर्धा रोड, नागपुर), डॉ. शुभंकर गोडबोले(ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी – जीपिकॉन 2025) और डॉ. भूषण बावरे(ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी – जीपिकॉन 2025) भी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

अफ्रीका की इस जनजाति ने पहली बार चखा रसगुल्ले का स्वाद, खाते ही उछला

अदीस अबाबा। अफ्रीका में कई जनजाति ऐसी हैं, जिन्होंने बाहरी दुनिया को देखा ही नहीं है। या कह सकते हैं कि वह 21वीं सदी में आदिमानव वाला जीवन जी रहे हैं। ऐसे में कुछ ट्रैवल व्लॉगर अफ्रीका में तरह-तरह की जनजातियों के बीच जाकर उनके रहन-सहन का तरीका देख रहे हैं और सोशल मीडिया पर दुनिया को दिखा रहे हैं। अब एक ट्रैवल व्लॉगर ने अफ्रीका की हदजाबे जनजाति के बीच पहुंचकर बहुत ही फनी मोमेंट अपने कैमरे में कैद किया है। इस वीडियो को ट्रैवल व्लॉगर के फॉलोअर्स बहुत पसंद कर रहे हैं। दरअसल, ट्रैवल व्लॉगर ने जब हदजाबे जनजाति के लोगों को सफेद रंग का रसगुल्ला खिलाया तो उनका रिएक्शन देखने लायक था। ट्रैवल व्लॉगर ने हदजाबे जनजाति के इन शख्स को एक कुल्हड़ में रसगुल्ला दिया और जब इन्होंने चखा तो ऐसा रिएक्शन दिया, जैसे कि स्वर्ग में कदम रख दिया हो। इस रसगुल्ले को खाने के बाद यह शख्स इतना खुश हो गया कि नाचने-कूदने लगा। इस वीडियो में यह मोमेंट देखने के बाद आपके चेहरे पर भी मुस्कान आने वाली है। अब लोग इस वीडियो पर खूब प्यार लुटा रहे हैं।

वैवाहिकी
वर चाहिए
BRIDE WANTED
SHRIVASTAVA BOY SEEKING MATCH
AGE 42 H.5'9"
OWN BUSINESS At Baroda (Gujarat)
INCOME 24 LAKH P.A.
NONMANGLIK VEGETARIAN
CONTACT 9726079753

आवश्यकता

आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9202613238, 9229187457 (रायपुर/03/सितम्बर/25)

आवश्यकता है- सफाई कर्मचारी नियुक्ति: चंदखुरी रायपुर कुत्तों के अस्पताल में स्वीपर का झाड़ू लगाना, बर्तन, कपड़े धोने का काम है वेतन रू. 10,000/- खाने रहने की सुविधा. नशेड़ी संपर्क न करें- मो. 7225888800 (रायपुर/01/सितम्बर/25)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

शब्द पहेली - 5974



बाएँ से दाए-
1. बेजोड़-4
4. परिचय, निशान-4
7. कला-3
9. सज्जनता, चरित्र, आदर्श-3
10. प्रथा, रिवाज-3
11. उपस्थिति-3
12. सेन्धमार-5
15. शयनागार, बेडरूम, आरामगाह-3,2
18. तड़के, सुबह सवेरे-5
20. चुगली करना-2,3
22. मैला, गंदा-3
23. रसद, आहर पदार्थ-3
25. प्रणाम, नमस्कार-3
26. तोलने का यंत्र, तकड़ी-3
27. स्थायी, प्राचीन-4
28. हुकूमत, राजगद्दी-4

ऊपर से नीचे
2. मुलाकात, मिलाप-3
3. खून से लथपथ-5
4. लालन-पालन-5
5. सेवक, नौकर, दास-3
6. धोखेबाज-4
8. समान, एक जैसा-4
13. पंकज, जलज-3
14. आघात, चोट-3
16. भरोसा, विश्वास-3
17. कुली, पालकी वाहक-3
18. जुर्म, गुनाह-4
19. स्वदेश वासी-5
20. शतपदी, कनखजूरा-5
21. अहमक, मूर्ख-4
24. स्नान करना-3
25. सम्मान, पगड़ी-3

शब्द पहेली -5973 का हल

	अ	व	का	श		प्र	ति	घा	त	
ख				रा	व	ण				मु
शा		ना	था	व		य	ती	म		क
म		ह		खा	र	क		ज		र
द	या	क	र	ना		था	ह	मा	प	ना
	प		पत्ता				सी		ठा	
अ	न	व	र	त		म	न	भ	र	ना
नु		रा		म	ध्य	म		र		मा
रो		ह	र्षि	त		ता	ली	म		कू
ध				मा	त	म				ल
	आ	ज	मा	ना		य	ज	मा	न	

सूडोकु नवताल - 5984

मध्यम

		5			3			
	2			9	5			
9						6		
			9				3	5
	6						7	
4	8				1			
		7						3
			2	4			9	
			8			2		

MANGAL SEMACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक को पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 5983 का हल

2	7	6	4	9	5	8	1	3
5	8	1	7	2	3	9	6	4
9	3	4	8	1	6	2	5	7
6	5	9	2	4	8	3	7	1
8	4	7	9	3	1	6	2	5
1	2	3	5	6	7	4	9	8
3	6	5	1	8	2	7	4	9
7	9	2	3	5	4	1	8	6
4	1	8	6	7	9	5	3	2

हरिभूमि
रविवार भारती
haribhoomi.com
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, दिल्ली और हरियाणा से एक साथ प्रकाशित
जबलपुर, रविवार 31 अगस्त 2025

क्या टीचर्स का रोल निभा पाएगा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस

जब-जब किसी नई तकनीक का प्रचलन बढ़ता है, पारंपरिकता के सामने चुनौती खड़ी हो ही जाती है। हाल के वर्षों में एआई के बढ़ते चलन ने कई अन्य प्रोफेशंस समेत टीचर्स के लिए भी चुनौती पैदा कर दी है। लेकिन सवाल यह है कि क्या एआई कभी एक इंसान जैसी भावनात्मक जुड़ाव के साथ नैतिकता और मानव मूल्य का पाठ छात्रों को पढ़ा पाएगा?

आवरण कथा
लोकमित्र गौतम

आज के एआई (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) युग में जब हर तरह के कठिन से कठिन सवाल का जवाब चैटबॉट पलक झपकते दे देते हों, जब बच्चों से लेकर गहन शोधकर्ताओं तक में अपनी हर जिज्ञासा को गूगल सर्च या एआई के जरिए साफ करने की प्रवृत्ति गढ़ी हो, जब दुनिया के टॉप यूनिवर्सिटीज में भी आधे से ज्यादा शोध एआई की मदद से किए जा रहे हों, जब नए वैज्ञानिक आविष्कारों, मेडिकल तकनीकों, बीमारियों के नए से नए इलाज खोजने के लिए एआई का धड़ल्ले से इस्तेमाल किया जा रहा हो, तब क्या बच्चों को पढ़ाने के लिए, उन्हें पढ़ा लिखाकर संवारने के लिए, शिक्षकों की उतनी ही जरुरत है, जितनी अब के पहले हुआ करती थी? यह सवाल इसलिए आजकल हर तरफ पूछा जाने लगा है या बिना पूछे भी मौजूद दिख रहा है, क्योंकि कई एआई विशेषज्ञों ने ही नहीं, इस दौर के मशहूर अध्यापकों ने भी घोषणा कर दी है कि अगले कुछ सालों में पढ़ाने के लिए टीचर की जरूरत नहीं होगी। हाल के सालों में अपने पढ़ाने की शैली से जबर्दस्त लोकप्रियता हासिल करने वाले अध्यापक और एक मशहूर कोचिंग के संस्थापक विकास दिव्यकीर्ति ने अपने कई हालिया साक्षात्कारों में कहा है कि अब छात्रों को टीचर क्या पढ़ाएगा, उन्हें हर जरूरी सवाल का जवाब बड़ी सहजता से एआई से मिल रहा है और अगले कुछ सालों में और विश्वसनीय तरीके से मिलेगा।

असल में यह सब जितना सतही दिखता है, उतना है नहीं। हालांकि एआई के आने के तुरंत बाद यह घोषणा नहीं की गई कि एआई जिन कुछ पेशेवरों को सबसे पहले बेरोजगार करेगी, उनमें अध्यापक भी होंगे। लेकिन जब से गूगल सर्च धीरे-धीरे करीब 90 फीसदी तक विश्वसनीय हुआ और फिर चैटबॉट का धमाका हुआ, जो इंसानों की ही तरह व्यक्तिगत रूप से आपकी हर जिज्ञासा को शांत करने की कोशिश करता है और जो इसके नए वर्जन मार्केट में आए हैं, वो यह सब काम सिर्फ तथ्यात्मक या तकनीकी ढंग से सपाट अंदाज में नहीं कर रहे बल्कि इसमें इंसानों की तरह का एक खिलंदड़पना भी है। तब से यह भविष्यवाणी जरा तेज होने लगी है कि आने वाले दिनों में अध्यापकों की जरूरत नहीं रहेगी।

कम नहीं हुई शिक्षकों की महत्ता

यहां हमें यह भी समझना होगा कि असल में शिक्षक की भूमिका कभी भी केवल जानकारी देने वाले की नहीं रही, अगर सिर्फ इतनी ही होती तो जब कागज में किताबें छपने लगी थीं, रेडियो का आविष्कार हो गया और उसमें तमाम ज्ञान और शिक्षा के कार्यक्रम आने लगे, जब टीवी का स्वर्णयुग आया और विभिन्न विषयों पर दुनिया के एक से बढ़कर एक विशेषज्ञों के विचार सार्वजनिक होने लगे और हां, सबसे ज्यादा तब जब इंटरनेट अस्तित्व में आया और दुनियाभर के ज्ञान का एक व्यवस्थित स्रोत बन गया, तब भी टीचर्स की जरूरत में रत्तीभर कोई कमी नहीं आई बल्कि सच तो यह है कि दिलो-दिमाग में इसके अप्रासंगिक हो जाने का विचार तक नहीं आया। हालांकि निश्चित रूप से एआई के विस्तारित आविष्कार के रूप में अस्तित्व में आए लॉन्ग लैंग्वेज मॉडल्स अर्थात चैटबॉट ने पहली बार अध्यापकों की जरूरत पर सवालियां निशान लगाएं हैं। लेकिन यकीन मानिए, ये सवालिया निशान सिर्फ तात्कालिक या कहें शुरुआती चकाचौंध की उपज हैं।

मार्गदर्शन भी देता है अध्यापक

सच बात यही है कि जैसे-जैसे चैटबॉट का अनुभव पुराना होता जाएगा, हमें स्वतः यह पता चल जाएगा कि यह या एआई का कोई भी आविष्कार वास्तव में कभी अध्यापक की जगह नहीं ले सकता। क्योंकि अध्यापक केवल मशीनी अंदाज में छात्रों को ज्ञान भर नहीं देता। उसकी भूमिका इससे कहीं बड़ी होती है। अध्यापक ज्ञान देने से बढ़कर मार्गदर्शन करता है। छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनता है। उनमें मूल्यों की नींव डालता है और उनके एकीकृत व्यक्तित्व का संरक्षक बनता है। इसलिए यह जटिल भूमिका कोई भी वैज्ञानिक आविष्कार या कहें वह कितना ही महान और कितना ही क्रांतिकारी हो, नहीं कर सकता।

निभाता है बहुस्तरीय भूमिका

अध्यापक बहुस्तरीय भूमिका निभाते हैं। वे मशीन नहीं हैं। वे आपको मशीनी अंदाज में निर्मित नहीं करते बल्कि एक कलाकार की तरह अपनी समूची भावनात्मक संवेदना के साथ धीरे-धीरे गढ़ते हैं। इसलिए कोई मशीन कितनी ही इंटेलीजेंट क्यों न हो जाए, वह कभी भी अध्यापक की जगह नहीं ले सकती। दिल छू जाने वाले सवाल पूछना और जीवन बदल देने वाली प्रेरणा देना सिर्फ इंसान ही जानता है। यह कमाल सिर्फ इंसानी टीचर ही कर सकता है। इसलिए उन्नत से उन्नत चैटबॉट के युग में भी इंसानी अध्यापक न सिर्फ बने रहेंगे बल्कि पहले से और ज्यादा प्रासंगिक होंगे, इस जटिलता से निजात दिलाने के लिए। शिक्षक अब न सिर्फ सूचना ही देता है और न ही कोई कुशलता सिखाता है। वह सूचना और कुशलता सिखाने के साथ-साथ आप में प्रशिक्षण यानी वैल्यू और एथिक की भी नींव मजबूत करता है। क्योंकि एआई किसी भी सवाल का क्या और कैसे बता सकता है, लेकिन अधिकांश सवालों से 'क्यों' जवाब शिक्षक ही देगा। जीवन मूल्य, सहानुभूति, सहयोग और जिम्मेदारी जैसी चीजें कोई इंसान ही किसी दूसरे इंसान को सिखा सकता है या कोई इंसान ही दूसरे इंसान से सीखने के लिए प्रेरित हो सकता है। एआई छात्रों में पर्सनालिटी बिल्डिंग यानी व्यक्तित्व विकास का काम भी अच्छे ढंग से नहीं कर सकता। किसी भी छात्र को आत्मविश्वास, संवाद कौशल, टीम वर्क और नेतृत्व की क्षमता विकसित करने के लिए कोई जीता जागता अध्यापक ही प्रेरित कर सकता है।

अध्यापकों को स्वीकारनी होगी चुनौती

इस मामले में यह भी जरूरी है कि एआई की चुनौती से निपटने के लिए आज के अध्यापकों को पहले से ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। अब सिर्फ किताब पढ़ा देना भर अध्यापक का काम नहीं रहा। अब विशेषकर इस चैटबॉट के युग में अध्यापकों की कई तरह की भूमिकाएं उभर कर सामने आती है। मसलन-अब अध्यापक को एक मेंटर के रूप में अपनी बड़ी भूमिका निभानी है। उसे छात्र को यह सिखाना है कि किसी भी जानकारी का उपयोग कैसे करना है, कौन सी जानकारी विश्वसनीय है और कौन सी भ्रामक है या हो सकती है, इसका फर्क सिखाना भी बहुत जरूरी है। *

कई रूपों में नाकाबिल है एआई

आज एआई की सबसे बड़ी ताकत उसकी स्पीड और स्केल को माना जाता है। कोई भी बच्चा जब चाहे एआई चैटबॉट से गणित का सवाल हल कर सकता है, किसी भी ऐतिहासिक घटना का सार या सारांश पा सकता है। विज्ञान की जटिल से जटिल थ्योरी को समझ सकता है। इस दृष्टि से एआई एक विशिष्ट सूचना शिक्षक तो है, लेकिन एआई या चैटबॉट किसी छात्र का दिल नहीं बदल सकता, उसे प्रोत्साहित नहीं कर सकता, उसे प्रभावित नहीं कर सकता और उसे प्रोत्साहित भी नहीं कर सकता। इस अर्थ में टीचर एआई या चैटबॉट के लिए खुद में एक बड़ी चुनौती है। क्योंकि शिक्षा का असली मकसद सिर्फ सवालों के जवाब पाना नहीं है बल्कि छात्रों में सोचने, समझने, चीजों को विश्लेषित करने की एक शैली या कुशलता को विकसित करना भी है। यह स्किल या कुशलता सिर्फ अध्यापक ही छात्रों को दे सकता है। इस मामले में एआई की क्षमता सीमित है। कोई भी मशीन किसी इंसान को किसी तरह का मूल्य नहीं सिखा सकती, न ही उसमें मूल्यबोध पैदा कर सकती है।

विशेष: शिक्षक दिवस, 5 सितंबर

विचारणीय
अलका सोनी

अनेक वजहों से हमारे समाज में शिक्षकों की प्रतिष्ठा और उनके प्रति सम्मान घटता जा रहा है। उनके सामने अनेक चुनौतियां और मुश्किलें भी मौजूद हैं। ऐसे में उन सवालों पर विचार करना और उनके जवाब खोजना आज बहुत जरूरी हो गया है।

तभी फिर सम्मान-प्रतिष्ठा प्राप्त कर सकेंगे शिक्षक

प्राचीन काल से ही भारतीय संस्कृति में शिक्षक को सर्वोच्च स्थान पर प्रतिष्ठित किया जाता रहा है। लेकिन बड़ा सवाल है कि क्या आज के भारत में शिक्षक इस सम्मान का वास्तविक अनुभव कर पा रहे हैं? क्या यह पेशा युवाओं की पहली पसंद रह गया है? और सबसे महत्वपूर्ण सवाल जब हम विदेशों की तुलना में अपने शिक्षकों की स्थिति देखते हैं, तो क्या हमें आत्ममंथन की आवश्यकता नहीं है? आज तो ऐसी स्थिति हो गई है कि जब कोई बच्चा पढ़ना शुरू करता है, तब से ही अधिकांश बच्चों के माता-पिता और परिचित उसे इंजीनियर, डॉक्टर और न जाने कौन-कौन से पेशे को अपनाने का सपना देखने और दिखाने लगते हैं। तब शायद ही कोई यह कहता है कि वह बड़ा होकर एक शिक्षक बनेगा। यह बात कड़वी है, लेकिन सच है। भले ही हमारे देश में गुरु-शिष्य परंपरा रही हो। हम गुरु को भगवान से भी बड़ा मानते हो, लेकिन हमारे ही देश में आज शिक्षक के पेशे को कमतर आंका जाता है। लोग मजबूरी में शिक्षक के पेशे को अपनाते हैं। इसलिए यह जानना जरूरी है कि आज आखिर ऐसा क्यों हो रहा है?

शिक्षक का बदलता स्वरूप: प्राचीन भारत में गुरु का दर्जा बहुत महत्वपूर्ण माना जाता था। उन्हें सचमुच भगवान से ऊंचा स्थान दिया जाता था। गुरुकुल परंपरा में शिक्षक, शिष्य के संपूर्ण व्यक्तित्व निर्माण के लिए जिम्मेदार होते थे। उन्हें वेतन नहीं, बल्कि 'दक्षिणा' दी जाती थी। यानी सम्मान और कृतज्ञता का प्रतीक, साथ ही एक बार शिष्य के गुरुकुल में प्रवेश करने के बाद उस पर गुरु का अधिकार होता था। उनकी आज्ञा ही उसके लिए सर्वोपरि होती थी। इस क्रम में शिष्यों के माता-पिता भी उनके बीच नहीं आते थे।

कई दायित्वों का दबाव: अगर आप प्राचीन भारत से तुलना करें तो साफ पता चलेगा कि आज अधिकतर शिक्षकों का कार्य केवल किताबों तक सीमित नहीं रह गया है। यानी कि वे शिक्षा देने के साथ-साथ मिड-डे मील की निगरानी से लेकर चुनाव ड्यूटी, जनगणना, टीकाकरण जागरूकता अभियान जैसे कई सरकारी कार्य में लगाए जा रहे हैं। इन सब कामों में उनकी भूमिका है, लेकिन उस अनुपात में उन्हें ना तो वह सम्मान मिलता है, न ही संसाधन। फलस्वरूप उनमें असंतोष या हताशा के भाव घर कर लेते हैं। इसके अलावा भी कई कारण हैं, जिनकी वजह से युवा इस पेशे को कम ही अपनाना चाहते हैं।

आर्थिक कारण: किसी भी पेशे को अपनाने की सबसे बड़ी वजह लोगों का आर्थिक रूप से सक्षम होना होता है। लेकिन शिक्षकों को समान शिक्षा कौशल वाले अन्य क्षेत्रों आई टी, फाइनेंस, मैनेजमेंट की तुलना में शुरुआती वेतन प्रायः कम मिलता है, जिससे अवसर-लागत अधिक लगती है। साथ ही कॉन्ट्रैक्ट/अस्थाई नियुक्तियां उनके काम करने के उत्साह को कम करती हैं। क्योंकि गेस्ट, आउटसोर्स या अल्पकालिक कॉन्ट्रैक्ट्स में वेतन और सुविधाएं सीमित रहती हैं।

भर्ती-प्रक्रिया की दिक्कतें: अकसर सरकारी शिक्षक नियुक्ति की प्रक्रिया बहुत समय लेती है। इससे भर्ती में देरी, अनिश्चितता बनी रहती है। विज्ञापन से ज्वाइनिंग तक वर्षों लग जाते हैं। इससे ऊबकर युवा करियर के दूसरे विकल्प चुन लेते हैं। नियुक्ति की परीक्षाओं में पेपर लीक, बार-बार होते मुकदमे और परीक्षा रद्दीकरण इसकी परीक्षा विश्वसनीयता पर असर डालती है, जिससे समय और ऊर्जा की भारी बर्बादी होती है। पहले शिक्षक नियुक्ति की प्रक्रिया आसान और सुलझी हुई थी। लेकिन अब दिन पर दिन यह जटिल होती जा रही है।

कार्य-परिस्थिति: अधिकतर शिक्षकों पर बहुत दबाव रहता है। एक ही शिक्षक पर कई कक्षाएं और विषय पढ़ाने का दबाव भी रहता है, जिससे सभी छात्रों पर व्यक्तिगत ध्यान देना कठिन हो जाता है। कुछ प्राइवेट स्कूलों को छोड़कर अन्य स्कूलों में इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी जैसे कि लैब, लाइब्रेरी, स्मार्ट-क्लास, बिजली/नेट जैसी न्यूनतम सुविधाएं भी सीमित रूप में होती हैं।

कई स्तरों पर बदलाव की जरूरत: शिक्षकों का मुख्य कार्य पठन-पाठन से जुड़ा होना चाहिए। उन्हें गैर-शैक्षिक कामों से यथासंभव राहत देनी चाहिए। क्योंकि इन सब से उनकी कार्य क्षमता पर बुरा असर पड़ता है। इसलिए विद्यालय में केवल शिक्षण पर ध्यान देने का वातावरण बनाने की जरूरत है। ताकि युवाओं के मन में इस पेशे के प्रति सम्मान और समर्पण बना रहें। शिक्षा में सुधार के लिए छात्रों के साथ ही शिक्षकों और विद्यालयों की स्थिति में भी सुधार की आवश्यकता होती है। हर विद्यालय के इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार करने से शिक्षकों के ऊपर कम दबाव होगा। लैब, स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी, इंटरनेट जैसी सुविधाएं स्कूलों तक पहुंचनी जरूरी है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में। इनके अलावा आज समाज में शिक्षक के पेशे का सम्मान घटता जा रहा है। इस बात को समझना होगा कि लोग जिन भी कारणों से इस काम के प्रति उदासीन हो रहे हैं, उन कारणों को दूर करने की आवश्यकता है। अगर मीडिया और समाज में शिक्षकों को 'सोशल हीरोज' के रूप में मान्यता मिले, उन्हें पुरस्कार, सामुदायिक सम्मान मिले, तो स्थिति में बदलाव आ सकती है। *



कविता
हरीश कुमार 'अमित'

कुछ ख्वाब

कुछ ख्वाब
जिंदगी के
रहते बस ख्वाब ही।
बीतती जाती जिंदगी
देखते-देखते
इन ख्वाबों को।
इंतजार इन ख्वाबों के
पूरा हो जाने का,
रहता बस इंतजार ही।
बढ़ती रहती
इन ख्वाबों के
पूरा न हो पाने की कसक
वक्त बीतने के साथ-साथ।
और आखिरकार
बन जाती एक दिन
खुद जिंदगी ही
एक बीता हुआ ख्वाब।

कहानी / संजीव ठाकुर

विकास के नाम पर पेड़ों की बलि कितनी हृदय विदारक होती है, यह तो केवल पेड़ ही महसूस कर सकते हैं। हम इंसान तो केवल अपने स्वार्थ और आरामतलबी के चलते उन पर कुल्हाड़ी चलाते रहते हैं। काश हममें वह संवेदना जगती, कि हम इन पेड़ों की दारुण व्यथा-कथा सुन सकते, महसूस कर सकते!

मातम



दीवार खिंच चुकी है। कैंपस के करीब पांच मीटर अंदर। दो सौ मीटर लंबाई में। इस दीवार के बाहर कैंपस की जो जमीन है, पेड़-पौधे हैं, कमरे हैं, चहारदीवारी है- अब सरकारी संपत्ति है। यह कैंपस भी वैसे सरकारी है- कम से कम एक सौ सत्तर वर्ष पुराना। हेरिटेज बिल्डिंग। बाहर खुला लॉन। साठ-सत्तर वर्ष पुराने पेड़ों से घिरा हुआ।

अब खिंची दीवार के बाहर की समस्त भूमि सड़क का हिस्सा बनने जा रही है। पेड़ कट कर कुछ सरकारी गोदाम और कुछ चोरी-चुपके मंडियों में पहुंचने लगे हैं।

सीधे खड़े नीम और सेमल के पेड़ की बलि ली जा चुकी है। कल बट-बाबा की बारी है। कयामत की रात है। आस-पास खड़े सभी पेड़ गमगीन हैं- जो दीवार के इस पार हैं वे भी, उस पार हैं वे भी। इस पार वर्षों से टेढ़ा खड़ा नीम सीधे खड़े नीम के जाने से उदास है। कहता है, 'मुझे ही काट ले जाते? मैं लंगड़ा पेड़, न जाने कब गिर जाऊं? मेरे जाने से कुछ खास फर्क नहीं पड़ता। वह तो तीस वर्षों से खड़ा था, वातावरण की सारी गंदगी पीता था और स्वच्छ हवा लोगों को देता था।'

सेमल का भाई भी अपने बड़े भाई के जाने से दुखी है। 'कल नहीं तो परसों मेरी भी बारी आ ही जानी है।' वह सोच रहा है। दीवार के इस पार खड़ा ताड़ का पेड़ बोल पड़ा, 'अब देखो, मैं बच गया। मैं तो लोगों को कुछ खास फायदा नहीं पहुंचा पाता, लेकिन बट-बाबा के बारे में सोचो। साठ साल से धूप, वर्षा, ठंड की परवाह किए बिना डटे हुए हैं। कितनी तो गर्मी अपने अंदर सोख चुके हैं। अभी भी गर्मी सोखने की इनकी ताकत का कोई जोड़ नहीं है। लेकिन मूर्ख मनुष्य कुछ सोचने वाले ही नहीं हैं।'

इस पर बट-बाबा बोले, 'मेरी चिंता मत करो दोस्तों! मैं तो अपने बेटे के बारे में चिंतित हूं। उसने अभी दुनिया ही कितनी देखी है? ...दो-चार दिनों में वह भी मशीनी दानव के द्वारा धराशाई कर दिया जाएगा।'

'उस नए-नए जवान हुए पीपल और आम के पेड़ के बारे में भी तो कोई नहीं सोच रहा।' दीवार के उस पार अपनी जान की खैर मनाता जामुन का पेड़ बोल पड़ा।

'अरे! मनुष्य अपने विनाश की पटकथा खुद लिख रहा है। हमें क्या सोचना?' पीपल बोल पड़ा, 'मैं अभी कम से कम पचास साल यहां खड़ा रहता और मनुष्य को बचाने में अपना योगदान देता। लेकिन...! कोई बात नहीं।'

आम के पेड़ ने गुस्सा होते हुए कहा, 'मैं साफ हवा के साथ-साथ उन गधों को मीठे फल भी देता हूं। फिर भी मेरी चिंता उन्हें नहीं है। मैंने यहीं इसी कैंपस में किसी को कहते हुए सुना है, 'अगर पेड़ों को नहीं काटा जाएगा तो विकास कैसे होगा?'

'विकास क्या होता है दादा?' टेढ़े नीम ने पूछा।

पीपल के पेड़ ने बुजुर्ग की भूमिका ओढ़ते हुए समझाया, 'हमें काट कर, गड्ढों को ईंट, पत्थर से पाटकर, बुल्डोजर चलाकर, ऊपर से कोलतार की चादर बिछाकर जो चमचमाती सड़क बनती है, उसे विकास कहते हैं बेटा! यह विकास पूरे देश में होता रहता है। पहाड़ों पर होता रहता है। जंगलों को अंधाधुंध काटकर चौड़ी-चौड़ी सड़कें बनाई जाती हैं। दिल्ली-मुंबई-चेन्नई में रहने वाले लोगों की गाड़ियां मैदान से लेकर पहाड़ तक फर्राटे भरती रहती हैं। वे लोग सरकार की तारीफ में कहते हैं, 'देखो, यह है विकास।'

'लेकिन मैंने तो यहीं एक बार दो लोगों को बात करते सुना था कि पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से पहाड़ों के पर्यावरण को बहुत नुकसान पहुंचता है।'

'पर्यावरण की चिंता किसे है बेटे?' बट-बाबा ने दुखी स्वर में कहा, 'मैं तो पिछले साठ सालों से देख-सुन रहा हूं। कई लोगों को इसके लिए अभियान चलाते हुए भी देखा है। लेकिन होता-हवाता कुछ नहीं है। अंततः सरकार ही जीतती है। कहीं पेड़ों, पहाड़ों को काटकर सड़क बना देती है, बड़े-बड़े होटल बनवा देती है, कहीं बीसियों गांवों को सदा के लिए पानी में डुबोकर बांध बनवा देती है।'

'लेकिन यह सब भी तो जरूरी ही होता होगा, 'जैसा कि कुछ लोग कहते हैं?' सेमल का अधेड़ पेड़ बोल पड़ा।

पीपल को गुस्सा आ गया, 'होता है बाबू, होता है। तभी तो वे पेड़, पहाड़, नदी, तालाब वगैरह की परवाह नहीं करते। जहां कुछ बनाना हो, बना लेते हैं। लेकिन जान लो, मैं जाते-जाते कह रहा हूं- यह विकास ही उनके विनाश की वजह होने जा रहा है।'

पेड़ों के बीच चुप्पी छा गई। उनके पत्तों ने हिलना-डुलना बंद कर दिया। वे इतने गमगीन हो गए मानो मनुष्य का विनाश होने पर मातम मनाने बैठे हों। *

पुस्तक चर्चा / दिनेश मालवीय 'अश्क'

भावप्रवण कविताओं का पठनीय संग्रह

कहते हैं, हर व्यक्ति में एक कवि छिपा होता है। काव्यात्मक अनुभूतियां होने के बावजूद हर किसी में उन्हें शब्दों में अभिव्यक्त करने की योग्यता नहीं होती। जिनमें यह क्षमता होती है, वे औपचारिक रूप से कवि बन जाते हैं। जनसंपर्क विभाग में अपर संचालक पद से सेवानिवृत्त सुरेश गुप्ता का प्रथम काव्य संग्रह 'असमय का अंधेरा' हाल में प्रकाशित हुआ है। इस संग्रह में उनकी 89 कविताएं शामिल हैं। मुक्त छंद में रचित सभी कविताएं छोटी, लेकिन गहरे भाव और जीवन अनुभव से परिपूर्ण हैं। किताब की पहली कविता 'असमय का अंधेरा' पढ़ते ही कवि की भाव प्रवणता और सशक्त अभिव्यक्ति का संकेत मिल जाता है। इसमें वे कहते हैं, 'अंधेरे से किसी को/भला क्या ऐतराज हो सकता है/रात लिखी ही है/अंधेरे के नाम/जैसे दोपहर, शाम दिन के नाम/पर बहुत कचोटता है/यह असमय का/दिन का अंधेरा।' एक अन्य कविता में वह गहरा जीवन दर्शन कुछ ऐसे बयां करते हैं, 'कुछ पा लिया/कुछ छूट गया/जो छूटा/उसमें/वह रास्ता भी रहा/जो तुम तक/जाता था।' कई कविताओं के गहन अर्थ को समझने के लिए दो-तीन बार भी पढ़ना पड़ सकता है। बहरहाल, इसमें संदेह नहीं कि इन कविताओं में कवि के जीवन संघर्ष, कड़वे-मीठे अनुभव बहुत सहजता से अभिव्यक्त हुए हैं। *



पुस्तक: असमय का अंधेरा, **लेखक:** सुरेश गुप्ता, **मूल्य:** 100 रुपए, **प्रकाशक:** प्रथमेश प्रिंटर्स, भोपाल

एशिया कप हॉकी : जापान के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने उतरेगी भारतीय टीम

एजेंसी ▶▶| राजगीर

भारत पहले मैच के अपेक्षाकृत लचर प्रदर्शन को पीछे छोड़कर रविवार को यहां पुरुष एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में खतरनाक दिख रही जापान के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेगा।

विश्व में सातवें स्थान पर काबिज भारतीय टीम ने शुक्रवार को पूल ए के अपने पहले मैच में विश्व में 23वें नंबर की टीम चीन पर 4-3 से करीबी जीत हासिल की लेकिन उसका यह प्रदर्शन प्रभावशाली नहीं था। भारत इस टूर्नामेंट में सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीम है और एशिया कप जीतने का प्रबल दावेदार है। इस टूर्नामेंट की विजेता टीम अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप के बीच सीधे क्वालीफाई करेगी।

भारतीय रक्षा पंक्ति को जापानी टीम के खिलाफ रहना होगा सतर्क

भारत ने चीन के खिलाफ शानदार शुरुआत की, लेकिन खेल आगे बढ़ने के साथ उसकी लय गड़बड़ा गई। भारतीय रक्षा पंक्ति को तेज तर्रार जापानी टीम के खिलाफ सतर्क रहना होगा, जिसने अपने पहले मैच में कजाकिस्तान के खिलाफ सात गोल दागे थे। चीन के खिलाफ भारत के सभी चार गोल पेनल्टी कॉर्नर से आए, जिसमें कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने हैट्रिक बनाई, लेकिन वह एक पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदलने से चूक गए थे। जुगराज सिंह, हरमनप्रीत, संजय और अमित रोहिदास जैसे चार ड्रैगफ्लिकर के साथ भारत को पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने की दर में भी सुधार करना होगा।

अवसरों को बदलना होगा गोल में

भारतीय मध्य पंक्ति ने हालांकि अच्छा प्रदर्शन किया और कई मौके बनाए, लेकिन उसे इन अवसरों को गोल में बदलना होगा।भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन भी अपने फॉरवर्ड खिलाड़ियों की गोल करने में असमर्थता को लेकर चिंतित होंगे।हालांकि मनदीप सिंह, संजय, दिलप्रीत सिंह और सुखजीत सिंह जैसे खिलाड़ी विपक्षी सर्कल के अंदर चुस्त दिखे, लेकिन वे स्कोरशीट में अपना नाम दर्ज कराने में असफल रहे।

चीन के खिलाफ मैच हमारे लिए अच्छा सबक

फुल्टन ने कहा, 'हमने (चीन के खिलाफ) मैच जीता लेकिन हम अपनी उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे। हमने कुछ मौके गंवाए और कुछ आसान गोल भी खाए। हम सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीम हैं और यहां प्रबल दावेदार हैं, इसलिए हर टीम हमसे खेलने के लिए खुद को अच्छी तरह से तैयार करेगी और हमें उस चुनौती का सामना करना होगा। ' भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने कहा, 'इस टूर्नामेंट में भाग ले रही अधिकतर टीम जवाबी हमला करने के लिए इंतजार करती हैं। चीन के खिलाफ मैच हमारे लिए अच्छा सबक है। हमारी रक्षा पंक्ति को दमदार प्रदर्शन करना होगा।'' दिन के दूसरे मैच में चीन का मुकाबला कजाकिस्तान से होगा।

टीम इस प्रकार हैं

भारतीय टीम : कृष्ण बी पाठक (गोलकीपर), सूरज करकेरा (गोलकीपर), सुमित, जरमनप्रीत सिंह, संजय, हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, राजिंदर सिंह, राज कुमार पाल, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, मनदीप सिंह, शिलानंद लाकड़ा, अभिषेक, सुखजीत सिंह, दिलप्रीत सिंह।

जापानी टीम : शोटा यामादा, युतो हिगुची, यामातो कावाहारा, सेरेन तनाका, नारु किमुरा, काजुमासा मात्सुमोतो, मनाबू यामाशिता, रायकी फुजीशिमा (कप्तान), केन नागायोशी, युसुके कावामुरा, कोसी कावाबे, ताकाशी योशिकावा (गोलकीपर), किशो कुरोदा (गोलकीपर), कीता वतनबे, रयोसुके शिनोहारा, ह्योटा यामादा।

मैच का समय : दोपहर 3 बजे से

खबर संक्षेप

एशिया कप हॉकीः मलेशिया ने कोरिया को 4-1 से हराया

राजगीर। कोरिया की एशिया कप खिताब बचाने की मुहिम को मलेशिया से मिली 1-4 की करारी हार से करारा झटका लगा जबकि बांग्लादेश ने हॉकी टूर्नामेंट के पूल बी के अपने दूसरे मैच में चीनी ताइपे को 8-3 से रौंद दिया। दिन के दूसरे मैच में पांच बार की चैंपियन कोरिया ने दूसरे मिनट में ही जियोन्ह्यो जिन के मैदानी गोल से बढ़त बना ली। लेकिन मलेशिया ने अखिमुल्लाह अनवार (29वें, 34वें, 58वें) की हैट्रिक और अशरान हमसानी के मैदानी गोल दागकर शानदार वापसी कर कोरिया को हरा दिया। हालांकि विश्व रैंकिंग में मलेशिया (12वें) और कोरिया (13वें) के बीच सिर्फ एक पायदान का अंतर है। फिर भी कोरिया इस मुकाबले में प्रबल दावेदार मानी जा रही थी। दिन के पहले मैच में बांग्लादेश ने पूरी तरह से दबदबा बनाया और आखिरी दो क्वार्टर में पांच गोल दागे।

नेशंस कप फुटबॉल : भारत ने ताजिकिस्तान को हराया

हिसोर (ताजाकिस्तान)। भारतीय फुटबॉल टीम ने नए मुख्य कोच खालिद जमील की देखरेख में सीएएफए नेशंस कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू के शानदार प्रयास से ताजिकिस्तान को 2-1 से हरा दिया। भारतीय जीत के नायक संधू ने पेनल्टी किक सहित कई शानदार बचाव किए। उन्हें टीम की रक्षापंक्ति के खिलाड़ियों का भी अच्छा साथ मिला। विश्व रैंकिंग में 133वें स्थान पर काबिज भारत के लिए खेले गए मैच में डिफेंडर अनवर अली (पांचवें मिनट) और संदेश झिंगन (13वें मिनट) ने गोल किए। इसके बाद भारत ने बाकी के 75 मिनट तक 106वीं रैंक वाली मेजबान टीम के खिलाफ डटकर बचाव किया।

स्वस्थ कारणों से एशिया कप से बाहर हुईं दीपिका

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने शनिवार को घोषणा की कि ड्रैग फ्लिकर दीपिका अभ्यास सत्र के दौरान हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आने के कारण महिला एशिया कप के लिए राष्ट्रीय टीम के साथ चीन नहीं जाएंगी। दीपिका अगले कुछ सप्ताह तक रिहैब में रहेंगी और उनकी जगह साक्षी को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। यह टूर्नामेंट हांगझोउ में पांच से 14 सितंबर तक खेला जाएगा। एशिया कप की विजेता टीम अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेगी।

38 साल के नोवाक ने 69वीं बार ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के अंतिम 16 में बनाई जगह

यूएस ओपन: जोकोविच बने चौथे दौर में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

24 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता सर्बिया के नोवाक जोकोविच वर्ष के चौथे और आखिरी ग्रैंडस्लैम यूएस ओपन के चौथे दौर में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। जोकोविच ने कैमरन नूरी को हराया और वह 1991 में जिमी कोनर्स के बाद यूएस ओपन के चौथे दौर में पहुंचने वाले उम्रदराज खिलाड़ी बने। कोनर्स जब 1991 में इस टूर्नामेंट के चौथे दौर में पहुंचे थे तब उनकी उम्र भी जोकोविच की तरह 38 साल थी।

जोकोविच ने 6-4, 6-7 (4), 6-2, 6-3 से जीत हासिल की, जिसमें उन्होंने 18 ऐस लगाए, जो उनके अनुसार टूर्नामेंट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन फ्लशिंग मीडोज में मैच के शुरू में चिकित्सा सहायता लेनी पड़ी लेकिन उन्होंने शानदार खेल दिखाया और 69वीं बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के अंतिम 16 में जगह बनाई। इस तरह से उन्होंने रोजर फेडरर की बराबरी कर ली। अब उनका मुकाबला जर्मन क्वालिफायर जान-लेनार्ड स्ट्रफ से होगा।

राडुकानू का सफर समाप्त

महिला एकल वर्ग के मुकाबले में एलिना रायबकिना ने 2021 की चैंपियन एम्मा राडुकानू को शिकस्त दी। कजाखिस्तान की 2022 की विम्बलडन चैंपियन रिबाकिना ने 62 मिनट तक चले मुकाबले में ब्रिटेन की खिलाड़ी को 6-1, 6-2 से हराया। विश्व रैंकिंग में नौवें स्थान पर काबिज रिबाकिना इसके साथ ही पहली बार यूएस ओपन के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रहीं।

चंद्रशेखर और प्रशांत की जोड़ी दूसरे दौर में

अनिरुद्ध चंद्रशेखर और विजय प्रशांत की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने क्रिश्चियन हैरिसन और इवान किंग की आठवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी को तीन सेटों में हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। चंद्रशेखर और प्रशांत ने अपनी शानदार सर्विस के दम पर एक घंटे 42 मिनट में 3-6, 6-3, 6-4 से जीत हासिल की। चंद्रशेखर और प्रशांत का मुकाबला दूसरे दौर में ऑस्ट्रेलिया के जॉन-पैट्रिक स्मिथ और ब्राजील के फर्नांडो रोम्बोली से होगा। गत चैंपियन और दुनिया के नंबर एक इटली के यानिक सिनर ने वर्ष के चौथे और अंतिम ग्रैंडस्लैम यूएस ओपन टेनिस के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया। सिनर ने अभी तक एक भी सेट नहीं गंवाया है। हालांकि पूर्व नंबर-3 ग्रीस के स्टेफनोस सितसिपास को दूसरे दौर में उलटफेर का शिकार होना पड़ा। महिला वर्ग में अमेरिका की कोको गॉफ भी तीसरे दौर में पहुंच गईं। हालांकि उन्हें पहले दौर की तरह मुश्किलों का सामना करना पड़ा। जापान की नाओमी ओसाका भी दूसरे दौर में जीतने में सफल रहीं।

चोट के बावजूद अल्काराज का शानदार प्रदर्शन, बनाई चौथे दौर में जगह



स्पेनिश स्टार कार्लोस अल्काराज ने यूएस ओपन 2025 के तीसरे दौर में मेडिकल टाइमआउट लेने के बाद भी इटली के लुसियानो डार्डेरी को हराकर चौथे दौर में जगह बना ली है। चोट के बावजूद उनका प्रदर्शन शानदार रहा और अब उनका मुकाबला फ्रांस के आर्थर रिंडरकनेच से होगा। मैच के दौरान अल्काराज को दाहिनी जांघ में तकलीफ महसूस हुई, जिसके कारण उन्होंने मेडिकल टाइमआउट लिया। हालांकि, इस बीच उनका प्रदर्शन प्रभावित नहीं हुआ और उन्होंने मजबूती से मैच जीतकर आगे बढ़ने में सफलता पाई।

अलेक्जेंडर लगातार 7वीं बार तीसरे दौर में

जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने ब्रिटेन के जैकब फियरनले को 6-4, 6-4, 6-4 से पराजित किया। वर्ष 2020 के उपविजेता ज्वेरेव ने पहले दो सेट में जल्द ब्रेक हासिल कर लिए थे। हालांकि बाद में जैकब ने संघर्ष क्षमता दिखाई। दूसरे सेट के चौथे गेम में ब्रेक प्वाइंट हासिल किया। उनकी सर्विस अच्छी नहीं रही, उन्होंने 12 डबल फाल्ट किए। ब्रिटेन के खिलाड़ी ने बाद में पांच मैच प्वाइंट बचाए लेकिन ज्वेरेव को जीत से न रोक सके। ज्वेरेव लगातार सातवीं बार फ्लेशिंग मिडोज में तीसरे दौर में पहुंचने में सफल रहे।

राहुल द्रविड़ ने छोड़ा राजस्थान रॉयल्स के हेड कोच का पद

नई दिल्ली। आईपीएल 2026 से पहले राजस्थान रॉयल्स चर्चा में है। कप्तान संजू सैमसन के टीम से अलग होने की खबरों के बीच मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। राजस्थान रॉयल्स ने शनिवार को राहुल द्रविड़ के मुख्य कोच पद से इस्तीफा देने की जानकारी दी। आरआर ने अपने बयान में कहा कि हाल ही में हुई संरचनात्मक समीक्षा के तहत, फ्रेंचाइजी ने द्रविड़ को एक व्यापक भूमिका की पेशकश की थी, लेकिन पूर्व भारतीय कप्तान और मुख्य कोच ने यह पद नहीं लेने का फैसला किया है। अपनी कोचिंग में भारतीय क्रिकेट टीम को 2024 का टी20 विश्व कप जिताने वाले राहुल द्रविड़ ने आईपीएल 2025 से पहले आरआर के साथ मुख्य कोच के रूप में अनुबंध किया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक उनका अनुबंध लंबे समय के लिए था, लेकिन अचानक उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। आरआर ने कहा, "राहुल कई वर्षों से रॉयल्स की यात्रा के केंद्र में रहे हैं। उनके नेतृत्व ने खिलाड़ियों की एक पीढ़ी को प्रभावित किया है। टीम के भीतर मजबूत मूल्यों का निर्माण किया है और फ्रेंचाइजी की संस्कृति पर एक अमिट छाप छोड़ी है।

क्रिकेट

एशिया कप से पहले गिल और रोहित का होगा फिटनेस टेस्ट, पहुंचे बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

भारतीय टेस्ट कप्तान और टी20 उपकप्तान शुभमन गिल आगामी एशिया कप के लिए दुबई जाने से पहले फिटनेस आकलन और तैयारियों के लिए बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) पहुंच गए हैं। एशिया कप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने वाले खिलाड़ियों को 9 सितंबर को मेजबान संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच से पहले 4 सितंबर को दुबई में इकट्ठा होना है। सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज भी फिटनेस आकलन के लिए सीओई पहुंच गए हैं।

रोहित पर टिकी नजर

फिटनेस की जांच रविवार से शुरू हो सकती है और सभी की निगाह एक दिवसीय टीम के कप्तान रोहित पर टिकी रहेगी, जो टी20 और टेस्ट क्रिकेट से पहले ही संन्यास ले चुके हैं। यह 38 वर्षीय खिलाड़ी अक्टूबर में होने वाली वनडे श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा कर सकता है लेकिन यह देखना बाकी है कि वह कानपुर में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ 30 सितंबर, तीन अक्टूबर और पांच अक्टूबर को होने वाले एकदिवसीय मैचों में खेलते हैं या नहीं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे श्रृंखला के मैच 19, 23 और 25 अक्टूबर को खेले जाएंगे।

एशिया कप के मैचों का टाइम बदला, अब रात 8 बजे से शुरू होंगे मुकाबले

दुबई। अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने घोषणा की कि संयुक्त अरब अमीरात में भीषण गर्मी के कारण आगामी एशिया कप के 19 में से 18 मैचों का शुरू होने का समय मूल कार्यक्रम से आधे घंटे पीछे कर दिया गया है। संशोधित समय के अनुसार अब मैच स्थानीय समयानुसार शाम 6.30 बजे (भारतीय समयानुसार रात 8 बजे) शुरू होंगे। इस बार टी-20 प्रारूप में आयोजित होने वाला यह महाद्वीपीय टूर्नामेंट 9 से 28 सितंबर तक दुबई और अबू धाबी में खेला जाएगा। ईसीबी ने कहा, 'एशिया कप 2025 के 19 मैचों में से 18 के शुरू होने का समय अपडेट कर दिया गया है। ये मैच अब स्थानीय समयानुसार शाम 6:30 बजे शुरू होंगे।' बयान के अनुसार, 'सोमवार, 15 सितंबर को यूएई और ओमान के बीच मैच स्थानीय समयानुसार दोपहर बाद चार बजे शुरू होगा।

दलीप ट्रॉफी

अंकित और यश धुल के शतक से उत्तर क्षेत्र सेमीफाइनल के करीब

बेंगलुरु। पूर्वी क्षेत्र के खिलाफ कप्तान अंकित कुमार और उभरते हुए बल्लेबाज यश धुल के शानदार शतकों ने उत्तर क्षेत्र को दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल की दहलीज पर पहुंचा दिया। उत्तर क्षेत्र ने 183 रन की बढ़त के बावजूद फिर से बल्लेबाजी करने का फैसला किया। अंकित (नाबाद 168 रन) और धुल (133 रन, 157 गेंद) ने शानदार बल्लेबाजी की, जिससे उनकी टीम ने क्वार्टर फाइनल के तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर 388 रन बनाकर कुल 563 रन की बढ़त बना ली। अंकित और धुल ने दूसरे विकेट के लिए 290 गेंद पर 240 रन जोड़े। इस दौरान धुल पूरी तरह आक्रामक बल्लेबाजी कर रहे थे जबकि अंकित ने संयम से खेलते हुए शतक जड़ा।

शमी ने किया बल्लेबाजों को परेशान

शुभम खजूरिया (21) के जल्दी आउट होने के बाद पूर्वी क्षेत्र के गेंदबाज उत्तरी क्षेत्र की इस जोड़ी पर कोई प्रभाव डालने के लिए संघर्ष करते रहे। वरिष्ठ तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने बीच-बीच में बल्लेबाजों को परेशान किया। लेकिन पूर्वी क्षेत्र के गेंदबाज दिन में बस इतना ही कर सके। बाईस साल के धुल तब 48 रन पर थे, उन्हें किस्मत का साथ मिला जब बाएं हाथ के स्पिनर मनीषी की गेंद पर शरणदीप सिंह ने कवर्स पर उनका कैच टपका दिया।

डीपीएल : नीतीश-दिग्वेश में भिड़ंत, दोनों पर फाइन, कृष यादव पर 100 प्रतिशत जुर्माना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय खिलाड़ी नितीश राणा सहित पांच क्रिकेटरों पर साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स और वेस्ट दिल्ली लायंस के बीच दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के मैच में आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 30 से 100 प्रतिशत तक जुर्माना लगाया गया।

कप्तान नितीश राणा के तूफानी शतक की बदौलत वेस्ट दिल्ली लायंस ने शुक्रवार को एलिमिनेटर में साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स को सात विकेट से हराकर डीपीएल के क्वालीफायर 2 में प्रवेश किया। वेस्ट दिल्ली लायंस के कृष यादव को मैच के दौरान अभद्र व्यवहार करने के लिए अधिकतम सजा दी गई है।

उन पर मैच फीस का 100 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। मैच के दौरान नितीश राणा और दिग्वेश राठी के बीच जमकर जुबानी जंग चली और नौबत हाथापाई तक पहुंच गई। इन दोनों पर फाइन लगाया गया।

आपस में भिड़े दिग्वेश और नितीश राणा

दिल्ली प्रीमियर लीग 2025 लीग के मैच में दिग्वेश राठी गेंद फेंकने के लिए रन अप लेते हैं और क्रीज के पास आते हैं, लेकिन इसके बाद वह गेंद नहीं फेंकते हैं। तब स्ट्राइक एंड पर खड़े नितीश राणा परेशान लगते हैं। फिर जब दिग्वेश दोबारा गेंदबाजी करने के लिए तैयार हुए, तो नितीश स्टंस के आगे से हट गए। इसके बाद तो दोनों प्लेयर्स के बीच जमकर जुबानी जंग हुई और नितीश गुस्से में दिग्वेश को कुछ इशारे करते हुए दिखाई देते हैं। फिर अगली गेंद पर वह छक्का जड़ देते हैं। लेकिन मामला यहां पर भी शांत नहीं होता है और दोनों प्लेयर्स के बीच जमकर बहस होती है। सभी प्लेयर्स जमा हो जाते हैं और दोनों को हटाने की कोशिश भी करते हैं।

वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिपः पेरिस ओलंपिक का लिया बदला

सेमीफाइनल में सात्विक-चिराग की जोड़ी, पदक पक्का

एजेंसी ▶▶| पेरिस

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय जोड़ी ने पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता आरोन चिया और सोह वूई यिक को हराकर विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में भारत के लिए पदक सुनिश्चित किया। भारतीय जोड़ी पिछले साल पेरिस ओलंपिक में मलेशिया की इस जोड़ी से हार गई थी लेकिन शुक्रवार देर रात खेले गए मैच में वह इसका बदला लेने में सफल रही। सात्विक और चिराग की विश्व की तीसरे नंबर की जोड़ी ने 43 मिनट में 21-12, 21-19 से शानदार जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। सात्विक और चिराग ने 2022 में इस टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीता था और इस तरह से उनका विश्व चैंपियनशिप में यह दूसरा पदक होगा। इससे 2011 में ज्वाला गुट्टा और अश्विनी पोनप्पा के कांस्य पदक जीतने के बाद से भारत का प्रत्येक विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतना भी सुनिश्चित हो गया।

अगला मुकाबला चीन की 11वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी

एशियाई खेलों के चैंपियन का अगला मुकाबला चीन की 11वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी चेन बो यांग और लियू यी से होगा। कुछ ही घंटे पहले पीवी सिंधू के क्वार्टर फाइनल में बाहर होने से भारत महिला एकल में पदक से वंचित रह गया था। जब सात्विक और चिराग कोर्ट पर उतरे तो उन पर उम्मीदों का बोझ साफ दिखाई दे रहा था।

भारतीय जोड़ी ने लगातार छह अंक किए हासिल

चिराग ने ड्राइव-सर्व विनर से शुरुआत की और फिर 59 शॉट की रैली खेली, जो मैच की सबसे लंबी रैली थी। इसके बाद उन्होंने अपने जोरदार मिड-कोर्ट स्मैश से भारत को 4-2 से आगे कर दिया। भारतीय जोड़ी ने लगातार छह अंक हासिल करके 9-3 की बढ़त बनाई। वह इंटरवल तक 11-5 से आगे थी। चिया और सोह ने 49 शॉट की एक और मैराथन रैली में सफलता हासिल की, लेकिन भारतीयों ने जल्द ही लय हासिल कर ली। भारतीय टीम ने 15-8 के स्कोर से ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया और फिर पहला गेम आसानी से अपने नाम किया।

सात्विक की तेज सर्विस से बनाई 10-5 की बढ़त

सात्विक की तेज सर्विस तथा चिराग के तेज बैककोर्ट स्मैश की मदद से भारतीय जोड़ी ने दूसरे गेम में भी अच्छी शुरुआत की तथा जल्द ही 10-5 की बढ़त बना ली। सोह दबाव में गलतियां करते रहे, जिससे भारतीय टीम ने 17-12 की बढ़त बना ली। मलेशिया की टीम ने इसके बाद अच्छा प्रदर्शन किया और 12-17 से वापसी की। चिराग के शानदार खेल के दम पर भारतीयों ने स्कोर 18-14 कर दिया। इसके बाद 15-19 के स्कोर पर एक और लंबी रैली हुई। अच्छे रिटर्न और फिर सात्विक का स्मैश नेट पर लगने से मलेशियाई टीम ने अंतर को 18-19 कर दिया। ऐसे समय में चिराग ने नेट पर मोर्चा संभाला और मैच प्वाइंट हासिल करके भारतीय जोड़ी को जीत दिलाई।

बेलखेड़ा के ग्राम झलौन में फरसा-कुल्हाड़ी से हत्या करने का मामला

अदालत ने सातों आरोपियों पर साढ़े चार-चार हजार का जुर्माना भी लगाया

दो महिलाओं सहित सात को आजीवन कारावास

हरिभूमि जबलपुर।

बेलखेड़ा थाना क्षेत्रातंर्गत ग्राम झलोन में फरसा व कुल्हाड़ी और लाठी-डंडों से लैस होकर महिला की हत्या कर परिवार पर जानलेवा हमला करने वाले सात आरोपियों को अदालत ने दोषी करार दिया है। पाटन अपर सत्र न्यायाधीश ओमप्रकाश रजक की अदालत ने मामले के आरोपी डालचंद उर्फ डल्लू , नीलेश मेहरा, संतूलाल उर्फ संतराम मेहरा, शिवकुमारी मेहरा पति संतूलाल उर्फ संतराम मेहरा, भिम्मा उर्फ दीपक मेहरा, राधा मेहरा पति घन्सू उर्फ घनश्याम मेहरा व धनीराम उर्फ बड्डू मेहरा को आजीवन कारावास और साढ़े चार-चार हजार रूपये के जुर्माने से दंडित किया ।

अदालत के समक्ष अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक संदीप जैन ने पक्ष रखा। जिन्होंने बताया कि 22 नवंबर 2021 को मोहनलाल व उसकी पत्नी रेवताबाई व मॉ जिज्जोबाई जब अपने घर पर काम कर रहे थे। उसी दौरान पुराने विवाद को लेकर आरोपी डल्लू उर्फ डालचंद हाथ में फरसा लेकर, आरोपी नीलेश कुल्हाड़ी, आरोपी दीपक उर्फ भिम्मा, धनीराम, संतू, राधा व शिवकुमारी लाठी लेकर आये और गालीगलौज करते हुए ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिससे मोहनलाल व उसकी पत्नी रेवता बाई को गंभीर चोटे आई। मोहनलाल की जिज्जोबाई ने बीच बचाव किया तो डल्लू उर्फ डालचंद्र ने फरसे से हमला कर दिया, जिससे जिज्जोबाई के सिर में गंभीर चोट आई आर उनकी मौत हो गई। इतना ही नहीं परिवार के भगवत, प्रहलाद सहित को भी गंभीर चोटे आई थी। उक्त मामले की शिकायत पर बेलखेड़ा पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर अदालत के समक्ष चालान पेश किया। विचारण दौरान पेश किये गये गवाह व साक्ष्यों को मद्देनजर रखते हुए अदालत ने आरोपियों को उक्त सजा सुनाई।

इन सात आरोपियों को हुई सजा

- डालचंद उर्फ डल्लू पिता संतूलाल उर्फ संतराम मेहरा उम्र 24 वर्ष,
- नीलेश मेहरा पिता संतूलाल उर्फ संतराम मेहरा उम्र 26 वर्ष,
- संतूलाल उर्फ संतराम मेहरा पिता रामचरण मेहराए उम्र 53 वर्ष,
- शिवकुमारी मेहरा पति संतूलाल उर्फ संतराम मेहरा उम्र 45 वर्ष,
- भिम्मा उर्फ दीपक मेहरा पिता घन्सू उर्फ घनश्याम मेहरा उम्र 21 वर्ष,
- राधा मेहरा पति घन्सू उर्फ घनश्याम मेहरा उम्र 40 वर्ष उक्त सभी निवासी-ग्राम झलौन, थाना बेलखेड़, जिला जबलपुर।
- धनीराम उर्फ बड्डू मेहरा पिता रामशंकर मेहरा उम्र 32 वर्ष निवासी-ग्राम बेदू बरहेठा थाना ठेमी जिला नरसिंहपुर

अगले सप्ताह होगी सुनवाई

केंद्र सरकार के ऑनलाइन गेमिंग एक्ट 2025 को हाईकोर्ट में चुनौती

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट के समक्ष केंद्र सरकार के विवादास्पद ऑनलाइन गेमिंग एक्ट 2025 को चुनौती दी गई है। हाई कोर्ट में याचिका दायर कर कहा गया है कि यह कानून युवाओं के मौलिक अधिकारों का हनन करता है। फैंटेसी स्पोर्ट्स जैसे कौशल-आधारित खेलों को भी यह कानून अवैध बता रहा है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने याचिका की सुनवाई अगले हफ्ते करने के निर्देश दिए।

रीवा की क्लबूबम 11 स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ पुष्पेंद्र सिंह ने याचिका दायर की है। तर्क दिया गया है कि सुप्रीम कोर्ट और कई हाई कोर्ट पहले ही फैंटेसी स्पोर्ट्स को कौशल-आधारित खेल बता चुके हैं। ऐसे में जब केंद्र सरकार द्वारा यह बिल लाया गया और कानून बनाया गया। यह नया ऑनलाइन गेमिंग कानून उस अंतर को खत्म करता है और पूरे सेक्टर को अवैध बताने की कोशिश कर रहा है। कंपनी का कहना है कि यह न केवल संविधान का उल्लंघन है, बल्कि युवाओं के मौलिक अधिकारों को भी छीन रहा है।

परिवहन विभाग अपनी सभी सुविधाओं को करने जा रहा फेसलेस

ड्राइविंग लाइसेंस में उपभोक्ताओं के सही नंबर होंगे अपडेट

जबलपुर। परिवहन विभाग में पंजीकृत वाहनों और ड्राइविंग लाइसेंस में उपभोक्ताओं के सही मोबाइल नंबर अपडेट नहीं होने से सूचनाएं नहीं मिल पाती है। इसके लिए विभाग ने मोबाइल नंबर अपडेशन का कार्य शुरू किया है। परिवहन विभाग में जाकर या ऑनलाइन भी नंबर अपडेट करा सकेंगे। आनलाइन के दौरान आधार और परिवहन के डेटा बेस में नाम पूरी तरह से मेल खाने पर अपडेशन हो जाएगा। नाम में अंतर होने पर आवेदक को अन्य पहचान पत्र अपलोड करना होगा। आरटीओ दस्तावेजों की जांच के बाद नंबर अपडेट कर देगा।

परिवहन विभाग अपनी सभी सुविधाओं को फेसलेस करने जा रहा है। इसके लिए उपभोक्ताओं का सही मोबाइल नंबर अपडेट होना जरूरी है, ताकि उनके नंबर पर ओटीपी और सूचनाएं मिल सके। प्रदेश में लाखो उपभोक्ता ऐसे हैं, जिनके सही नंबर पोर्टल पर अपलोड नहीं है। दरअसल, वाहन खरीदते समय डीलर अपनी सुविधा के लिए उपभोक्ता का नंबर दर्ज करने की बजाय खुद का नंबर दर्ज कर देते हैं। वहीं कई वाहन स्वामी मोबाइल नंबर बदल लेने के बाद डेटा बेस में अपडेट नहीं कराते है। इसकी वजह से एमएमएस अलर्ट नहीं मिलते और उपभोक्ता सेवाओं से वंचित रह जाते हैं।

गलत नंबर से यह आती है परेशानी

सही मोबाइल नंबर अपडेट नहीं होने से वाहन स्वामियों को विभाग की ऑनलाइन सेवाओं की सुविधा मिलने में परेशानी होती है। नंबर नहीं होने से लाइसेंस नवीनीकरा, रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट अपडेट या चालान भुगतान में दिक्कत आती है। चालान लंबित होने पर विभागीय सेवाएं बंद हो सकती है। लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन निलंबित होने की सूचना भी उपभोक्ताओं को नहीं मिलती है और हादसे के दौरान बीमा मिलने में समस्या आती है।

मोबाइल नंबर अपडेट से यह होंगे फायदे

लाइसेंस नवीनीकरण और रजिस्ट्रेशन आसानी से हो सकेंगे। वाहन का चालान कटने पर तुरंत सूचना मिलेगी। टैक्स और बीमा खत्म होने से पहले मिल सकेगी सूचना। परमिट और फिटनेस खत्म होने से पहले मिलेगा अलर्ट। पीयूसी से जुडी जानकारी भी उपभोक्ताओं को मिलेगी। ऑनलाइन सुविधा में ओटीपी वेरिफिकेशन में सुविधा होगी। विभागीय सेवाओं की सूचना की जानकारी मिल सकेगी। फाइनेंस कटने की सूचना भी एसएमएस पर मिलेगी। लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन निलंबित होने की मिल सकेगी जानकारी।

हाईकोर्ट ने पॉक्सो एक्ट में आजीवन कारावास की सजा को किया निरस्त

गैंग रेंप में डीएनए रिपोर्ट थी निगेटिव

जबलपुर। हाई कोर्ट ने पॉक्सो मामले में दो आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किये जाने के फैसले को निरस्त कर दिया है। हाईकोर्ट जस्टिस विवेक अग्रवाल तथा जस्टिस ए के सिंह की युगलपीठ ने सुनवाई के दौरान पाया कि आरोपियों की डीएनए रिपोर्ट नेगेटिव है। इसके अलावा पीड़ित के नाबालिग होने के संबंध में आयु संबंधित कोई दस्तावेज नहीं है। छिंदवाड़ा जिला न्यायालय के द्वारा पॉक्सो एक्ट के तहत आजीवन कारावास की सजा से दंडित किये आदेश को खिलाफ अपीलकर्ता जितेंद्र टांडेकर तथा अरुण ने हाईकोर्ट में अपील दायर की थी। अपील में कहा गया था कि दुश्मनी के कारण उन पर झूठे आरोप लगाये गये है। डीएनए रिपोर्ट निगेटिव होने के बावजूद भी उन्हें सजा से दंडित किया गया है।

अभियोजन के अनुसार पीड़ित को उसके दोस्त साहिल ने 31 दिसंबर 2022 की शाम को कबड्डी मैच देखने को बुलाया था। मैच देखने के बाद साहिल उसे महावीर ढाना स्थित जितेन्द्र के घर के पीछे ले गया और उसके साथ दुराचार किया। इसके बाद साहिल उसे छोड़कर चला गया था। दूसरे दिन सुबह उसने जितेन्द्र को फोन कर बुलाया था। जितेन्द्र अपने दोस्त अरुण के साथ आया और दोनों ने उसके साथ दुराचार किया। पीड़िता ने घर पहुंचने के बाद घटना की जानकारी परिजनों को दी।। पीड़ित ने 3 जनवरी 2023 को थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। जिला न्यायालय ने जितेन्द्र व अरूण को मार्च 2024 में पॉस्को एक्ट के तहत आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया था। युगलपीठ ने सुनवाई के दौरान पाया कि पीड़ित की मॉ ने अपनी गवाही में बताया है कि उसका विवाद 25 साल पूर्व हुआ है। उसके तीन बच्चे है और सबसे छोडी पीड़ित है। तीनों बच्चों की उम्र में एक से दो साल का अंतर है। स्कूल रिपोर्ट के अनुसार पीड़ित की जन्म तिथि 17 अगस्त 2008 परंतु जन्म तिथि के दस्तावेज नहीं है। युगलपीठ ने पीड़िता की बालिग मानते हुए तथा डीएनए रिपोर्ट निगेटिव होने के कारण दोनों आरोपियों को दोषमुक्त करते हुए जिला न्यायालय के आदेश को निरस्त कर दिया।

लालच में आए वृद्ध को धोखेबाजों ने लगाई 7 लाख की चपत

असली चैक कराकर नकली सोना पकड़ा गए

हरिभूमि जबलपुर।

विजयनगर थाना अतंर्गत एकतानगर विजयनगर में सोने की नकली गुरियो की माला पकड़ाकर दो अज्ञात बदमाश ने एमपीईबी रिटायर्ड कर्मचारी से धोखाधड़ी कर 7 लाख रुपए हड़प लिए।

विजयनगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार एकतानगर विजयनगर निवासी एमपीईबी से रिटायर्ड 64 वर्षीय प्रकाश नारायण दुबे गत दिवस अपनी कास्मेटिक की दुकान पर बैठे थे तभी अज्ञात दो लड़के सामान लेने आए तथा सामान लेकर चले गये पुनः गत दिवस वहीं लड़के फिर से आये और सामान लेकर चले गये। गत 27 जुलाई को पुनः वही दोनों लड़के आये और उसे बताए कि हमारी मां की तबियत खराब है हमे पैसों की जरूरत है काम करते समय हमें सोने की गुरिया वाली माला मिली है जिसे हम गिरवी रखना चाहते है और उसी गुरिया की माला से सोने जैसे दिखने वालें 2 गुरिया उसे दिये और उसे चैक करने का बोले, उसने गुरियो को चैक कराया जो सोने के निकले। फिर उन लड़कों ने गत 1 अगस्त को फोन कर बताया कि मां की तबियत खराब है। सोना रखना हो तो बताओं, उसने उन लड़कों से पूछा कि कितना सोना है और कितने पैसे लोगे पूछा तो अज्ञात लड़कों ने बताया कि लगभग 15 तोला सोना है हमे 7 लाख रुपये चाहिये। प्रकाश नारायण दुबे सोना लेने के लिए राजी हो गए। उन लड़कों ने प्रकाश नारायण को पैसा लेकर दीनदयाल चौक प्रवेश गेट के पास बुलाया। जहां दोनों लडके मिले और उनसे सोने जैसी गुरिया वाली माला दिये और प्रकाश नारायण ने उन्हे 7 लाख रुपये नगद दिये, दोनों लड़के उससे 7 लाख रूपये लेकर चले गये, वह सोने जैसे गुरिया की माला लेकर घर आ गया, घर पहुंच कर उसे लगा की यह सोना नकली तो नहीं है उसने फोन से सम्पर्क किया तो उन लड़कों का फोन बंद आया, वह सोना ले जा कर ज्योती गोल्ड एन्ड सिल्वर लैब ले जाकर चैक कराया तो सोने के गुरिया जैसी माला पीतल की निकली। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 318(4) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

लाखों के जेवर व नगदी ले गए चोर

शहपुरा में 2 सूने मकानों के ताले टूटे

जबलपुर। शहपुरा थाना क्षेत्र में कैथरा शहपुरा और ओम शांति कालोनी में दो मकानों का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर व नगदी रुपए चोरी कर ले गए। शहपुरा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कैथरा शहपुरा निवासी 53 वर्षीय शिक्षक अरविन्द सिंह राजपूत गत सुबह लगभग 9.40 बजे रिश्तेदारी में नारायणपुर सुरखी जिला सागर अपने परिवार सहित गया था। दोपहर लगभग 3.50 बजे फोन पर चोरी की सूचना मिली। सूचना मिलते ही वह घर पहुंचा तो देखा गोदरेज में रखे सोने का हार, 2 मंगलसूत्र, 1 विचैली, 1 मनचली, 5 जोड़ी कान के गहने, 2 माला गुरिया वाली, 1 अंगूठी चांदी की पायल बिछिया एवं नगदी 45 हजार रूपये अज्ञात चोर चोरी कर ले गए।

इसी तरह ओम शांति कालोनी शहपुरा निवासी 50 वर्षीय कारपेंटर दशरथ विश्वकर्मा गत दिवस अपने बेटे स्वंय विश्वकर्मा के साथ काम करने के लिए सुबह लगभग 9.30 बजे जबलपुर गया था। दोपहर लगभग 12 बजे घर पर ताला लगाकर मोहराई छठ की पूजा करने के लिए विनोद विश्वकर्मा के घर गई थी। शाम लगभग 6 बजे घर वापस आयी तो उसके होश उड़ गए, घर का ताला टूटा था अंदर रखी आलमारी में रखा बैग नहीं था बैग में सोने का हार, मंगलसूत्र, चूडी, झुमकी, चांदी की 3 जोड़ी पायल तथा नगदी 5 हजार रूपए अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

1 से 6 सितंबर तक स्पेशल सीएलसी राउंड, पहले आओ-पहले पाओ आधार पर प्रवेश

ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन में दाखिले का अंतिम मौका

हरिभूमि जबलपुर।

एमपी के कॉलेजों में ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन की क्लासेस में दाखिले के लिए अब अंतिम मौका दिया जा रहा है। उच्च शिक्षा विभाग ने स्पेशल सीएलसी राउंड की घोषणा की है, जिसमें विद्यार्थी पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर प्रवेश पा सकेंगे। कॉलेज में दाखिले का यह आखरी मौका है। स्पेशल राउंड में आखरी दिन शाम 5 बजे तक फीस जमा कर एडमिशन लेना अनिवार्य है। इसके बाद कॉलेज में प्रवेश मान्य नहीं होगा। जानकारी के मुताबिक, यह चरण 1 सितंबर से 6 सितंबर तक होगा। इस दौरान विद्यार्थी सीधे संबंधित कॉलेज पहुंचकर अवेलेबल सीट पर एडमिशन ले सकेंगे।

आदेश में कहा गया है कि यह कॉलेजों में प्रवेश का अंतिम चरण होगा। इसमें विद्यार्थी केवल रजिस्टर्ड सीट पर ही दाखिला पा सकेंगे। स्टूडेंट अपने लॉगिन और कॉलेज लॉगिन से अवेलेबल सीट की जानकारी देख पाएंगे। अगर किसी कॉलेज में सीट खाली है तो विद्यार्थी सीधे वहां पहुंचकर फीस जमा कर प्रवेश दाखिला प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे।

एक कॉलेज में ही मिलेगा मौका

नए रजिस्टर्ड विद्यार्थी केवल एक ही कॉलेज में पंजीयन कर सकेंगे। हेल्प सेंटर पर वेरिफिकेशन के बाद फीस जमा करते ही उसी दिन प्रवेश मिल जाएगा। इसके अलावा मेजर व माइनर विषयों के चयन की पात्रता विश्वविद्यालय अपने स्तर पर तय करेंगे। कॉलेज प्राचार्य संबंधित विश्वविद्यालय से समन्वय कर प्रवेश प्रक्रिया को पूरा करेंगे।

खाली सीटें भरने के लिए उठाया कदम

पिछले राउंड्स में जिन विद्यार्थियों को मनचाहा कॉलेज या विषय नहीं मिल पाया, उनके लिए यह आखिरी मौका है। खासतौर पर ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन स्तर पर खाली सीटों को भरने के लिए विभाग ने यह कदम उठाया है।

तीसरी बार 20 अतिरिक्त सीटे बढ़ाने की मांग

पीजी डिप्लोमा इन गाइडेंस इंड काउंसलिंग में बढ़ा रुझान

जबलपुर। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर के कौशल विकास संस्थान द्वारा संचालित पी जी डिप्लोमा गाइडेंस इन काउंसलिंग के पूर्व से स्वीकृत 30 सीट्स प्रथम चरण में भर जाने के बाद छात्र छात्राओं के बढ़ते रुझान को देखते हुए 30 अतिरिक्त सीट बढ़ाई गई थी दो दिन पहले ही सभी 60 सीट्स भर गई उसके पश्चात 20 सीटें बढ़ा कर 80 सीटें की जो कि आज भर गई। इसके बावजूद भी लगातार उक्त पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने हेतु छात्र छात्राओं का दबाव बना हुआ है। साइकोलॉजिस्ट डॉ मीनल दुबे ने बताया कि पी जी डिप्लोमा इन गाइडेंस एन्ड कॉउंसलिंग एक वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम मनोविज्ञान एवं शिक्षा के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं बनी हुई है। निदेशक प्रो सुरेंद्र सिंह ने बताया कि छात्र छात्राओं के बढ़ते रुझान के कारण और भी सीट बढ़ाने का प्रस्ताव भेजा गया है। डॉ अजय मिश्रा ने बताया कि गाइडेंस इन काउंसलिंग के क्षेत्र में इस वर्ष छात्र छात्राओं में ज्यादा रुझान बढ़ा है जिसके कारण तीसरी बार सीट बढ़ाई जा रही है।

कुलगुरु प्रो राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि गाइडेंस इन काउंसलिंग में छात्र छात्राओं का प्रवेश हेतु रुचि बड़ी है कोई भी छात्र प्रवेश से वंचित न रह जाए अतः आवश्यकता पड़ने पर सीटों में बढ़ोत्तरी अवश्य की जाएगी।

वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर किया गया सम्मान

सिंगरौली से प्रारंभ हुई अटल कार्यकर्ता सम्मान यात्रा

सिंगरौली। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी के शताब्दी वर्ष के अवसर पर अटल स्मृति समिति मध्यप्रदेश के तत्वावधान और भाजपा प्रदेश संगठन के निर्देशन में "अटल कार्यकर्ता सम्मान – रजत पत्र समारोह" का शुभारंभ सिंगरौली जिले से हुआ। आयोजन का नेतृत्व भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व राष्ट्रीय परिषद सदस्य एवं भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धीरज पटेरिया ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा सिंगरौली जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह ने की। कार्यक्रम के जिला प्रभारी अधिवक्ता अरुण द्विवेदी ने बताया कि यह सम्मान यात्रा मध्यप्रदेश के प्रत्येक जिले में उन समर्पित कार्यकर्ताओं को समर्पित है, जिन्होंने जनसंघ, जनता पार्टी व भाजपा के विभिन्न कालखंडों में संगठन के प्रति निष्ठा से कार्य किया। इस सम्मान यात्रा के अंतर्गत वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के निवास स्थान पर जाकर उन्हें "रजत पत्र, श्रीरामचरितमानस, साल, श्रीफल व मिष्ठान" भेंट कर सम्मानित किया गया।

सिंगरौली जिले के राजेन्द्र प्रसाद द्विवेदी (पड़री), जय प्रसाद बैश्य (करैला), पूर्व विधायक अमर सिंह (चितरंगी), गुरु शीतलाधर द्विवेदी (गुरु साहब), दुर्गा सिंह बैश्य, रामचरन गुप्ता, हिन्छलाल सिंह (हरफरी), लालजी शाह (खुटार), अनिरुद्ध चतुर्वेदी (खड़ौरा), राजेन्द्र गुप्ता (देवसर), जगदीश प्रसाद द्विवेदी (धनहा), वरिष्ठ अधिवक्ता रामबहादुर दुबे (बैढन) जैसे प्रमुख वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान इन वरिष्ठजनों ने अटल जी से जुड़े संस्मरण, कविताएं तथा ऐतिहासिक घटनाएं साझा कीं। वर्षों बाद संगठन द्वारा इस प्रकार सम्मान प्राप्त कर कार्यकर्ता भावुक हो उठे और संगठन के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। इस आयोजन में राज्यमंत्री राधा सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह, निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, पूर्व विधायक सुभाष रामचरित्र सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, पार्षदगण एवं सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता व स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेद्वी RNI No.: MPHIN/2008/24240